» वर्ष 73 » अंक 260 » पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 18 जून, 2026
» ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
» नगर » मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"सफल होने की इच्छा महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है तैयारी करने की इच्छा।
- बॉबी नाइट




## ऑफ बीट

### 4 देशों की यात्रा कर चुके 'आलोका' के लाखों फैन



*कोलकाता की सड़कों पर बेसहारा घूमने वाला स्ट्रे डॉग 'आलोका' अब दुनिया भर में शांति और करुणा का प्रतीक माना जा रहा है। अमेरिका सहित चार देशों की यात्रा कर चुका आलोका मंगलवार को गुरुग्राम पहुंचा, जहां उससे मिलने और तस्वीरें खिंचवाने के लिए बड़ी संख्या में पशु प्रेमी जुटे। सोशल मीडिया पर भी आलोका की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर करीब 4.8 लाख फॉलोअर्स हैं। बौद्ध भिक्षु पन्नकारा के अनुसार, आलोका मूल रूप से कोलकाता की गलियों में रहने वाला एक आवारा कुत्ता था। एक शांति यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात बौद्ध भिक्षुओं से हुई और वह उनके साथ जुड़ गया। इसके बाद उसने अमेरिका, श्रीलंका, थाईलैंड और भारत में कई हजार किलोमीटर की पदयात्राएं कीं। हाल ही में आलोका ने दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी से भी मुलाकात की थी।*

## संक्षिप्त खबरें

### अभद्र टिप्पणी मामले में गुरुग्राम में एफआईआर

**गुरुग्राम, जेएनएन।** स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो के दौरान की गई कथित अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के बाद अब राष्ट्रीय महिला आयोग की शिकायत पर गुरुग्राम में भी प्रणित मोरे, हिमांशु जांगड़ा और सेजल पवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला एक कॉमेडी शो से जुड़ा है, जहां दर्शक के रूप में मौजूद हिमांशु जांगड़ा और सेजल पवार ने महिलाओं और निजी अंगों को लेकर विवादित टिप्पणियां की थीं। वीडियो वायरल होने के बाद तीनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई।

### टीएमसी में टूट: 19 को बिड़ला से मिलेंगे अभिषेक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में कथित बंटवारे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोनों पक्षों को सुनने का फैसला किया है। इसी क्रम में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को 19 जून को अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया गया है। दरअसल, टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय के बाद लोकसभा में अलग गुट के रूप में मान्यता देने की मांग की है। बागी सांसद पहले ही लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर चुके हैं। वहीं, ममता के नेतृत्व वाले गुट ने स्पीकर से बागी समूह को मान्यता न देने की मांग की है।

### अमेरिकी हमले में तीन भारतीयों की मौत के बाद दोनों नेताओं की अहम बैठक

# पीएम ने की नाविक सुरक्षा पर बात ट्रंप बोले- मोदी बहुत सख्त वार्ताकार

**एवियन ( फ्रांस ), जेएनएन।** फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। ओमान के तट के पास एक भारतीय ध्वज वाले जहाज पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के बाद दोनों नेताओं की यह पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। बैठक में समुद्री सुरक्षा, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के समुद्री व्यापार में लाखों भारतीय नाविक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना वैश्विक समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी है। मोदी ने कहा कि होर्मुज का खुला रहना वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है और समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए ट्रंप द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत तथा क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में उठाए गए कदम उम्मीद की नई किरण दिखाते हैं। मोदी ने भरोसा जताया कि किसी भी संभावित समझौते में नाविकों और समुद्री व्यापार की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

पत्रकारों से बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय नाविकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'यह एक कठिन पेशा है। हम इन लोगों से प्यार करते हैं और इस मुद्दे पर साथ मिलकर काम करेंगे।' हालांकि उन्होंने हमले पर विस्तृत टिप्पणी नहीं की।

बैठक के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चर्चा हुई। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता अंतिम चरण में है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा, 'वह दुनिया के सबसे सख्त वार्ताकारों में से एक हैं। लोग उन्हें बहुत सहज और विनम्र मानते हैं, लेकिन बातचीत की मेज पर वह बेहद मजबूत और दृढ़ रहते हैं।'

ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में मोदी को 'फरिश्ते जैसा दिखने वाला लेकिन बेहद सख्त नेता' बताया। उन्होंने भारत यात्रा की अपनी पुरानी यादें भी साझा कीं और कहा कि अहमदाबाद में उनका स्वागत ऐतिहासिक था।

यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव, होर्मुज़ जलडमरूमध्य की सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बनी हुई है। हाल के अमेरिकी सैन्य अभियानों के कारण क्षेत्र में कई वाणिज्यिक जहाज प्रभावित हुए हैं। ओमान के पास भारतीय जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत ने भारत की चिंता और बढ़ा दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मोदी द्वारा समुद्री सुरक्षा का मुद्दा सीधे ट्रंप के सामने उठाना भारत की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को दर्शाता है।



### मोदी बोले- पश्चिम एशिया संकट का असर लंबे समय तक रहेगा

मोदी ने समिट में कहा कि पश्चिम एशिया में संकट की वजह से फ्यूल, फर्टिलाइजर और फूड सप्लाई चेन में आई रुकावटों का असर काफी समय तक रहेगा। अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के लिए कमजोर देशों को संकटों का बोझ अकेले नहीं उठाना चाहिए। कई देशों की आबादी बूढ़ी हो रही है, जबकि भारत और ग्लोबल साउथ के देशों में युवा प्रतिभा और कौशल की कमी नहीं है।

### जी-7 समिट मजाकिया अंदाज में ट्रंप बोले- मैं ही बॉस हूं

जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप का एक हल्का-फुल्का मजाक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विश्व नेताओं के बीच पहुंचते ही ट्रंप ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं ही बॉस हूं'। उनकी यह टिप्पणी सुनते ही वहां मौजूद नेताओं के बीच हंसी का माहौल बन गया। यह घटना उस समय हुई जब सम्मेलन के मेजबान और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ट्रंप का स्वागत करते हुए पूछा, 'आप कैसे हैं?' इस पर ट्रंप ने पहले 'गुड, थैंक यू' कहा और फिर मजाकिया अंदाज में खुद को 'बॉस' बता दिया। यह पूरा संवाद कैमरों में रिकॉर्ड हो गया और कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### शिवसेना (यूबीटी) के बागियों ने स्पीकर को लिखा पत्र

# 6 सांसदों ने जताई शिंदे गुट में विलय की इच्छा

**नई दिल्ली/मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसदों ने बुधवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भेजकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय की इच्छा जताई है। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय और न ही बागी सांसदों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है।

दिलचस्प बात यह है कि संजय दीना पाटिल ने बुधवार सुबह ही पार्टी छोड़ने की खबरों का सार्वजनिक रूप से खंडन किया था। इसके बावजूद राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हैं कि शिवसेना (यूबीटी) एक और बड़े विभाजन के दौर से गुजर रही है। स्थिति को संभालने के लिए शिवसेना (यूबीटी) ने 18 जून को दिल्ली में संसदीय दल की बैठक बुलाई है। पार्टी ने सभी सांसदों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिया है कि बैठक में शामिल नहीं होने वाले सांसदों के खिलाफ कानूनी और संगठनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस घटनाक्रम पर कांग्रेस ने भी भाजपा को घेरा है।



### प्रेस कॉन्फ्रेंस में भड़के राउत

दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बेहद आक्रामक भाषा का इस्तेमाल करते हुए उन्हें 'बेईमान' बताया और कहा कि विश्वासघात उनके खून में है। बाद में विवाद बढ़ने पर राउत ने सफाई दी कि मराठी समाज में ऐसे शब्द कई बार सामान्य बोलचाल का हिस्सा होते हैं। राउत ने भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि प्रत्येक सांसद को 50 करोड़ रुपये तक का प्रस्ताव दिया गया है और उनमें से कई को निजी चार्टर्ड विमानों के जरिए दिल्ली लाया गया।

### उत्तरप्रदेश: डिप्टी सीएम बोले-सपा के 25-26 सांसद टूटने को तैयार

इस बीच, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में भी बड़ी टूट हो सकती है और कई नेता भाजपा के संपर्क में हैं। इधर, राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया है कि सपा के 25-26 सांसद टूटने के लिए तैयार हैं, लेकिन भाजपा उन्हें तोड़ने का प्रयास नहीं कर रही है। हालांकि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी पार्टी पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने शायरी के अंदाज में जवाब देते हुए कहा, 'दाना और गाना, कब तक चलेगा ये अफसाना।'

# मानसून सत्र में ही यूसीसी बिल पारित कराएगी प्रदेश सरकार

### दीपावली से पहले लागू करने की तैयारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) दीपावली पर्व से पहले लागू हो जाएगी। बुधवार को इसका एलान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया है। इससे पहले सरकार यूसीसी विधेयक को विधानसभा के मानसून सत्र में पारित कराएगी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता को लेकर बीते 27 अप्रैल को पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जिसके द्वारा आम नागरिकों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। पोर्टल के जरिए भी लोगों को अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है। इस कमेटी को अपने गठन से 60 दिन में अपना ड्राफ्ट सरकार को सौंपना है। इसके बाद ड्राफ्ट को विधेयक के तौर पर विधानसभा में पारित कराया जाएगा। विधेयक पारित होते ही प्रदेश में यूसीसी लागू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि देश में अब तक उत्तराखंड और गुजरात में समान नागरिक संहिता लागू कर दी गई है। यदि मानसून सत्र में विधेयक पारित होता है और दीपावली से पहले इसे लागू कर दिया जाता है, तो मध्यप्रदेश यूसीसी लागू करने वाला देश का तीसरा प्रदेश होगा।



### ये होगा बदलाव

देश-प्रदेश में फिलहाल अलग-अलग धर्मों के लिए अलग पर्सनल कानून लागू हैं, लेकिन यूसीसी लागू होने के उपरांत सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू होगा। इसमें विवाह, तलाक, गोद लेने और संपत्ति के उत्तराधिकार जैसे मामले प्रभावित होंगे।

**पूर्व जज के नेतृत्व में कमेटी:** यूसीसी का मसौदा तैयार करने राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय समिति का गठन किया था। जिसमें सेवानिवृत्त आईएएस शत्रुघन सिंह, कानूनी विशेषज्ञ अनूप नायर, शिक्षाविद् गोपाल शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धपाल सिंह को बतौर सदस्य नियुक्त किया गया था। समिति को आम नागरिकों और बुद्धिजीवियों से यूसीसी के बारे में सुझाव लेकर अपने सुझाव देने के लिए गठन से 60 दिन का समय दिया गया था। इसे लेकर सदस्यों द्वारा राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों और जिलों का दौरा कर समाज के सभी वर्गों से उनकी राय ली है।

### राष्ट्रपति मुर्मु आज से 5 दिवसीय मप्र प्रवास पर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार 18 जून को 5 दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आएंगी। राष्ट्रपति प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ओंकारेश्वर मंदिर के अलावा इंदौर, बैतूल, जबलपुर, ग्वालियर और श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में आयोजित विभिन्न आयोजनों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 18 जून को इंदौर पहुंचेंगी। इसके बारद वे बैतूल में स्पिरिचुअल अवेकनिंग कार्यक्रम में शामिल होंगी। शुक्रवार को ओंकारेश्वर में राष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। शनिवार को जबलपुर पहुंचेंगी और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, रानी दुर्गावती विवि के दीक्षांत समारोह में हिस्सेदारी करेंगी और कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण करेंगी।



**पांच जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में होंगी शामिल**

# 15 जुलाई से लागू होगा भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता

### सस्ती होंगी स्कॉच व्हिस्की और लग्जरी कारें, 99 फीसदी भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन में ड्यूटी से राहत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुआ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 15 जुलाई से लागू होने जा रहा है। दोनों देशों ने बुधवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। समझौते के लागू होने के बाद ब्रिटेन से भारत आने वाली स्कॉच व्हिस्की, लग्जरी कारें, कॉस्मेटिक्स और कई अन्य उत्पाद सस्ते हो जाएंगे, जबकि भारतीय वस्तुओं को ब्रिटिश बाजार में बड़ी राहत मिलेगी। इस समझौते पर जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए थे। ब्रिटिश सरकार के अनुमान के अनुसार, इस समझौते से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हो सकती है। साथ ही ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को भी दीर्घकाल में सालाना हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ मिलने का अनुमान है। इस समझौते के तहत ब्रिटेन भारत से आने वाले 99 प्रतिशत उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी समाप्त कर देगा। इससे भारतीय कपड़ा उद्योग, फुटवियर, प्रोसेस्ड फूड, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।




### क्या होगा सस्ता?

*समझौते के तहत भारत ने ब्रिटेन से आने वाले लगभग 90 प्रतिशत उत्पादों पर सीमा शुल्क (टैरिफ) कम करने या समाप्त करने पर सहमति जताई है।*

- सबसे बड़ा असर स्कॉच व्हिस्की पर पड़ेगा। वर्तमान में इस पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है, जो 15 जुलाई से घटकर 75 प्रतिशत रह जाएगा। अगले दस वर्षों में इसे और कम कर 40 प्रतिशत तक लाया जाएगा।
- इसी तरह ब्रिटेन से आयात होने वाली कारों और ऑटो पार्ट्स पर लगने वाला 100 प्रतिशत तक का शुल्क निर्धारित कोटे के तहत घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे लग्जरी और प्रीमियम वाहनों की कीमतों में कमी आने की संभावना है।
- इसके अलावा मेडिकल उपकरण, एयरोस्पेस पार्ट्स, कॉस्मेटिक्स, वाइन और खाद्य उत्पादों पर भी शुल्क में बड़ी कटौती होगी।

## स्वदेशी हथियार

### निर्माण में एक साल में 15.6 फीसदी की वृद्धि; ब्रह्मोस, तेजस की बढ़ी वैश्विक मांग

# रिकॉर्ड: 1.78 लाख करोड़ के पार पहुंचा रक्षा उत्पादन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत का रक्षा क्षेत्र तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में देश का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 1.54 लाख करोड़ की तुलना में 15.6 प्रतिशत अधिक है।

वहीं 2020-21 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 84,643 करोड़ रुपये था, जिसके मुकाबले पांच वर्षों में इसमें 110 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि वर्ष 2013-14 में भारत का स्वदेशी रक्षा उत्पादन केवल 43,746 रुपये करोड़ था। यानी पिछले एक दशक में यह लगभग चार गुना बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस उपलब्धि को भारत की आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार और स्वदेशी विनिर्माण क्षमता का परिणाम बताया है।

### ब्रह्मोस के लिए 12,600 करोड़ रुपये की डील

*सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की अंतरराष्ट्रीय मांग लगातार बढ़ रही है।*

- फिलीपींस के साथ लगभग 3,200 करोड़ रुपये की डील पहले ही हो चुकी है।
- वियतनाम के साथ करीब 5,800 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।
- इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपये की बातचीत अंतिम चरण में है।
- मलेशिया और थाईलैंड ने भी ब्रह्मोस में रुचि दिखाई है।



### आकाश व पिनाका को भी मिल रहे विदेशी ग्राहक

- भारत की स्वदेशी आकाश-1एस एयर डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति अर्मेनिया को शुरू हो चुकी है।
- अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों ने भी इस प्रणाली में रुचि दिखाई है।
- पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट सिस्टम की आपूर्ति अर्मेनिया को पहले ही की जा चुकी है।

### तेजस ने बढ़ाया भारत का आत्मविश्वास

*स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया।*

- 2015 में भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ तेजस अब मार्क-1ए और भविष्य के मार्क-2 संस्करणों के साथ भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की रीढ़ बनता जा रहा है।

### 100 से अधिक देश कर रहे खरीदी, निर्यात में 25 गुना वृद्धि

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। इनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख ग्राहक हैं। अमेरिका भारत से रक्षा प्रणालियों और पुर्जों का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है। भारतीय कंपनियां बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी वैश्विक कंपनियों को भी रक्षा उपकरण और कलपुर्जे उपलब्ध करा रही हैं।

**38, 424** करोड़ रुपये तक पहुंच गया है वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात

**1,522** करोड़ रुपये था 2016-17 में भारतीय रक्षा निर्यात

**50,000** करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य है 2029-30 तक के लिए





## सत्यनारायण चतुर्वेदी के विधानसभा अपर सचिव बनने पर जताई खुशी

**रीवा।** मध्य प्रदेश विधानसभा में सत्यनारायण चतुर्वेदी के फिर से अपर सचिव पद पर नियुक्त किये जाने पर रीवा में लोगों ने हर्ष जताया है। श्री चतुर्वेदी की दुबारा नियुक्ति हाईकोर्ट द्वारा उनके पक्ष में फैसला देने के कारण की गई है। श्री चतुर्वेदी को फिर से विधानसभा में नियुक्त किये जाने पर डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. शैला तिवारी, डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला, उमेश सिंह, डॉ. अमित तिवारी, डॉ. सुनील अवस्थी, डॉ. देव नारायण शर्मा, पवन शर्मा, राहुल चतुर्वेदी, विनीत मिश्रा, हरिलाल कोल आदि ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

## बाल भारती स्कूल के सामने खोद दी मौत की खाई, सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं



**रीवा।** सिरमौर चौराहा से अमहिया नाला तक नाली निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में बाल भारती स्कूल के सामने नाली निर्माण का कार्य जारी है और नाली निर्माण के लिए गहरी खोदाई की गई है लेकिन ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। जिससे कभी कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। वर्तमान में स्कूलें खुल गई हैं और छोटे-छोटे बच्चों का आना-जाना प्रारंभ हो गया है जिससे यह मौत की खाई प्रतीत हो रहा। ठेकेदार द्वारा निर्माणाधीन नाली के आसपास ना तो किसी प्रकार के अवरोधक या संकेतक लगाए गए हैं और ना ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं जिससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यह काफी भीड़-भाड़ वाला इलाका है, इस कारण कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## सहकारी केन्द्रीय बैंक में रोपे आम के पौधे



**रीवा।** प्रशासक श्री यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रीवा के परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आम के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर यादव ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति हर वर्ष कम से कम पाँच पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा करे। सभी सहकारी समितियों के कार्यालय में समारोह पूर्वक पौधे रोपित कराएं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश को हरा-भरा बनाने के संकल्प को पूरा करने में हर व्यक्ति अपना योगदान दे। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों तथा सहकारी समितियों के प्रबंधकों ने प्रशासक यादव का गजमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, संभागीय प्रबंधक अपेक्स बैंक रीवा विनीत दुबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अर्से बाद हटा अतिक्रमण अगले ही दिन हुआ काबिज



**रीवा।** सिरमौर चौराहे पर स्थित फ्लाई ओवर के नीचे से मंगलवार को ही अर्से बाद अतिक्रमण नगर निगम अमले द्वारा हटाया गया था, किन्तु इसके अगले ही दिन यानी बुधवार को यहां फिर से अधिकतर ठेले, दुकानें सज गईं। ठेकेदार को फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग के लिए स्थान दिया गया था, किन्तु उसने यहां पर पार्किंग व्यवस्था न कर ठेला, गुमटी सहित अन्य दुकानदारों को किराए पर दे दी और अतिरिक्त आय अर्जित कर रहा है। दिन-प्रतिदिन यहां दुकान, ठेले, गुमटी की संख्या बढ़ती गई, जिससे यहां वाहन पार्क के लिए स्थान ही नहीं बचा था, मंगलवार को निगम उपायुक्त ने शहर के फ्लाई ओवरों का निरीक्षण किया और सिरमौर चौराहे के फ्लाई ओवर के नीचे से किया गया अतिक्रमण हटाया, किन्तु बुधवार से फिर दुकानें लग गईं, ये किसकी शह पर हुआ, ठेकेदार अथवा निगम के अतिक्रमण हटाओ उड़नदस्ते की शह पर, ये तो वे ही बेहतर बता सकते हैं।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


## स्टेट बार कौंसिल चुनाव: मतों की गणना जारी

### दूसरे दिन की मतगणना में रीवा के प्रत्याशियों ने दर्ज करायी उपस्थिति

### चार जिलों के लगभग 1750 मतों की हुई गणना



**जागरण, रीवा।** लगभग माह पूर्व हुए राज्य अधिवक्ता जबलपुर के चुनाव का परिणाम जल्द आने की संभावना है। 16 से मतगणना शुरू हो चुकी है। दो दिनों में करीब साढ़े सत्रह सौ मतों की गणना हो चुकी है। जिसमें रीवा के अधिवक्ताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। प्राप्त जानकारी अनुसार अभी तक चार जिलों अनूपपुर, अली राजपुर, आगर-मालवा व बड़वानी जिले के मतों की गणना की जा चुकी है। इनमें रीवा जिले कई अधिवक्ताओं को दहाई में मत मिले हैं। सर्वाधिक मत शहडोल जिले के अधिवक्ता दिनेश नारायण पाठक को 139 वोट मिलने की सूचना है। रीवा जिले के प्रत्याशियों के संदर्भ में बात करें तो अब तक हुई मतगणना में हाईकोर्ट जबलपुर में वकालत करने वाले रीवा निवासी अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा को 36 मत मिले जबकि स्टेट बार कौंसिल के निर्वतमान कार्यकारी अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह को 33 मत मिले हैं। इसी प्रकार रिटायर जज सुनील मिश्रा को 26 वोट, सूर्यकांत मिश्रा को 22 वोट, डॉ संदीप पटेल को 18 वोट मिले हैं। उल्लेखनीय है कि अभी प्रथम चक्र की गणना में प्रथम वरीयता वाले मतों की गणना की जा रही है। इसके बाद द्वितीय व तृतीय व अन्य वरीयता वाले मतों की गणना की जायेगी। मतों की गणना अल्फावेट के अनुसार आने वाले जिलों के मतों की गणना की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रीवा जिले से करीब तीन दर्जन अधिवक्ता मैदान में हैं, उनमें पूर्व बार कौंसिल सदस्य रावेंद्र मिश्रा, पुनीत सिंह बाघेल व अन्य शमिल हैं।

## दिन भर बंद रहा अमहिया मार्ग, चली अतिक्रमित भवन तोड़ने की कार्रवाई

### सुरक्षा के लिहाज से कई किस्तों में तोड़ गये बहुमंजिला मकान



**जागरण, रीवा।** सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाने के लिए बुधवार को फिर से नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई। अमरिया मार्ग को इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से पूरे दिन के लिए आवागमन अवरुद्ध कर दिया गया था। इस मार्ग में कई बहुमंजिला मकान थे, जिन्हें तोड़ने के लिए मार्ग अवरुद्ध करना आवश्यक था। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण तोड़ने के लिए दो जेसीबी मशीन लगाई गई थीं और सड़क पर फैले मलबा को हटाने के लिए कई ट्रैक्टर लगाए गए थे। इस मार्ग का अतिक्रमण अभी तक केवल अमहिया नाले से लेकर बिहारी होटल तक ही हटाया जा सका है। इसमें भी अभी कुछ अतिक्रमण हटाना शेष है। मार्ग अवरुद्ध होने से इस मार्ग से गुजरने वाले लोग दिनभर परेशान रहे। पूरे दिन धूल उड़ती रही। इसके अलावा अन्य अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बाद में की जाएगी। जहां पर अतिक्रमण हटाया गया है, वहां पर सर्वाधिक अतिक्रमण था और अतिक्रमण के कारण मार्ग बेहद संकरा हो गया था। अमहिया तिराहे के पास तो हालात यह बन गए थे कि चार पहिया वाहन क्रॉसिंग में ही दिक्कत होती रही। दिभर जाम लगा रहा। बहरहाल अब अतिक्रमण हटने के बाद मार्ग काफी चौड़ा हो गया है। लोगों को जाम की समस्या से भी मुक्ति मिल गई है।

इसके अलावा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने से लेकर अस्पताल चौराहे तक का अतिक्रमण हटाया जाना शेष है। सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जा चुका है और अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी भी दे दी गई है, इसके बाद इन अतिक्रमणकारियों द्वारा ना तो अतिक्रमण हटाया गया और ना ही हटाने के प्रयास में हैं। इन अतिक्रमणकारियों ने संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया हुआ है और इसमें कुछ राजनीतिक लोग भी शामिल हैं, जो अतिक्रमणकारियों का हौसला बुलंद किए हुए हैं।

# 6 दिन में पीएम स्वनिधि के लिए आये 1361 हितग्राहियों के आवेदन

### चारों जोनों में विशेष शिविर लगने के बाद भी लक्ष्य से काफी पीछे है नगर निगम

### आज निपनिया चौराहा, सिरमौर चौराहा हॉकर्स कार्नर, धोबिया टंकी एवं समान तिराहा में लगेंगे शिविर



**एक नजर में**

| | |
|---|---|
| 12 जून | 295 हितग्राही |
| 13 जून | 191 हितग्राही |
| 14 जून | 200 हितग्राही |
| 15 जून | 265 हितग्राही |
| 16 जून | 226 हितग्राही |
| 17 जून | 184 हितग्राही |

**जागरण, रीवा।** लोक कल्याण मेला के तहत पीएम स्वनिधि योजना का लाभ प्रदान करने के लिए चल रही विशेष शिविरों की श्रृंखला में अब तक मात्र 1361 हितग्राहियों के आवेदन नगर निगम को प्राप्त हुए हैं। विगत 12 जून से प्रारंभ विशेष शिविर 22 जून तक चलेंगे। इस दौरान नगर निगम को निगमायुक्त द्वारा दिये गये 2500 हितग्राहियों की खोज कर उन्हें लाभान्वित करने के लक्ष्य को पूरा करना है। इन हितग्राहियों को 15 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक का लोन प्रदान किया जाएगा। नगर निगम रीवा द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत चारों जोनों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। योजना के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में पथ विक्रेताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। अभियान की निरंतरता में 17 जून को आयोजित शिविरों में चारों जोनों से कुल 184 आवेदन प्राप्त हुए। 12 जून से 22 जून तक विशेष अभियान के तहत नगर निगम के सभी जोनों में शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर पथ विक्रेताओं को प्रेरित करते हुए पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन तथा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 184 आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इस दौरान उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने गिनरानी की। शिविरों के दौरान जोन क्र. 01 में 48, जोन क्र. 02 में 38, जोन क्र. 03 में 55 एवं जोन क्र. 04 में 43 अर्थात कुल 184 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक के ऋण तथा क्रेडिट कार्ड संबंधी आवेदन शामिल हैं। नगर निगम रीवा ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय के विस्तार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ें। यह विशेष अभियान 22 जून तक निरंतर संचालित रहेगा।

## भाजपा में जाना मेरी भूल थी, राष्ट्रहित तो कांग्रेस में है

### कांग्रेस में वापसी के बाद डॉ मुजीब खान ने भाजपा पर मढ़े कई आरोप



**रीवा।** कांग्रेस की टिकट पर रीवा विधानक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व वर्तमान मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को चुनौती देने वाले डॉ मुजीब का खान का भाजपा से मोह भंग हो गया। वह फिर कांग्रेस में लौट आए। वह पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट न मिलने पर नाराज होते हुए भाजपा ज्वाइन तो कर लिया लेकिन स्वयं को समर्पित नहीं कर पाए। कांग्रेस के मंच में फ्रंट लाइन में बैठने वाले डॉ मुजीब को जब अनुशासित पार्टी भाजपा में वह स्थान नहीं मिला तो उन्हें घुटन महसूस होने लगी। भाजपा छोड़ कांग्रेस में पुर्नवापसी के बाद डॉ खान ने कहा कि भाजपा में जाना तो मेरी भूल थी, राष्ट्रहित तो कांग्रेस के सिद्धांत में है। आपने कहा कि जब वह भाजपा में गए तो उन्हें कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बोलने को कहा गया लेकिन वह नहीं बोल पाए यही कारण है कि वह भाजपा में नहीं रह पाए और कांग्रेस में वापस आने का निर्णय लिया। मुजीब ने कहा कि उन्हें जो सम्मान कांग्रेस मिला वह भाजपा में मिलना संभव नहीं है। आपने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल की सहमति से फिर से जिला अध्यक्ष इंजी राजेंद्र शर्मा के हाथों कांग्रेस में वापसी किया है और कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा। डॉ मुजीब ने कांग्रेस सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टी में रहकर देखा कांग्रेस में ही गरीबों, असहायों, पिछड़ों व वंचितों का हित संभव है। कांग्रेस वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद प्रधान ने कहा कि डॉ मुजीब के कांग्रेस में आने से कांग्रेस और मजबूत होगी।

## पहले पेयजल पाइप लाइन खोद रेस्टोरेशन किया, अब फिर उसी को खोद रहे



**रीवा।** शहर में सीवरेज का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है, वहीं पीएचई द्वारा भी क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है। जहां एक माह पूर्व पाइप लाइन दुरुस्त की गई वहीं दोबारा खनन करना पड़ रहा है। जबकि एक स्थान का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा, उसके पूर्व अन्य स्थान पर सीवरेज कार्य के लिए गड्ढा किया जा रहा है। भले ही लोग खोदी गई सड़कों के ऊपर बिछाई गई मिट्टी से हो रहे कीचड़ से परेशान हो रहे हों। शहर में काफी समय से सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य हो रहा है, जो अभी भी पूर्ण नहीं हो सका। जिससे लगभग हर क्षेत्र की सड़कों की दुर्गति हो चुकी है, किन्तु लोगों की परेशानी से सीवरेज कार्य करने वाले न ही कार्य करवाने को कोई फर्क पड़ रहा है। बुधवार को अमहिया क्षेत्र में पीएचई का कार्य करने के लिए सड़क का खनन शुरू कर दिया गया है, पिछले माह ही यहां पाइप लाइन फूटने के दौरान मरम्मत की गई थी, लेकिन उस समय कार्य सही तरीके से काम नहीं किया गया, जिसके चलते दोबारा खनन करने की नौबत आ गई। वार्ड क्रमांक 5 ढेकहा, पड़रा, द्वारिका नगर, समान चौराहा आदि क्षेत्रों में सीवरेज का कार्य चल रहा है, जिससे पिछले सप्ताह से हो रही बारिश के चलते लोग कीचड़ से परेशान हो रहे हैं, कुल मिलाकर देखा जाए तो पीएचई और सीवरेज कार्य के कारण शहर की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। बरसात की शुरुआत होने के पूर्व तक कार्य संपन्न होकर सड़कों की मरम्मत हो जाए तो शहरवासियों के हित में है, किन्तु बरसात के आगाज तक इसी प्रकार कार्य सुचारु रहा तो लोग सड़क के गड्ढे व कीचड़ से हलाकान हो जाएंगे।

# हर किसान को सहकारी समिति का सदस्य बनाएं: प्रशासक

### गेहूं उपार्जन में सहकारी समितियों का कार्य शानदार: यादव



**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र यादव ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान रीवा में सहकारी बैंक और सहकारी समितियों के कार्यों की समीक्षा की। नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित रीवा तथा शहडोल संभाग की संयुक्त बैठक में प्रशासक यादव ने कहा कि सहकारी बैंक किसानों का बैंक है। हर किसान को सहकारी समिति का सदस्य बनाने तथा सहकारी बैंक में खाता खोलने के प्रयास करे। इसके लिए 30 जून तक चलाए जा रहे विशेष सदस्यता अभियान को कारगर बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्तमान वर्ष को किसान वर्ष घोषित करके किसानों की आय को दुगना बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। उनकी मंशा के अनुसार सहकारी बैंक अधिक से अधिक किसानों को बैंक से जोड़ने का प्रयास करें।

प्रशासक श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं का रिकार्ड उपार्जन हुआ है। सहकारी समितियों ने गेहूं उपार्जन में शानदार कार्य किया है। सहकारी बैंक कृषि के साथ-साथ इससे जुड़े अन्य व्यवसायों के लिए भी किसानों को ऋण उपलब्ध कराए। पहले किसानों को 18 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था। आज हमारी सरकार जीरो प्रतिशत ब्याज पर किसानों को ऋण दे रही है। सहकारी बैंक में अन्य बैंकों की तुलना में जमा राशि पर वरिष्ठ नागरिकों को एक प्रतिशत अधिक ब्याज भी दिया जा रहा है। बैंक के कार्यों और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर इसके व्यवसाय में वृद्धि करे। बैंक से समय पर लेन-देन करने वाले किसानों को वर्ष में समारोहपूर्वक सम्मानि?त करें। किसानों से नियमित संवाद रखें। अपने व्यवसाय में वृद्धि के लिए जनप्रतिनिधियों तथा किसान संगठनों का भी सहयोग लें। बैठक में प्रशासक ने कहा कि सभी सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भण्डारण कराकर किसानों को वितरण शुरू कराएं। फसल की बोनी से पहले किसान के पास पर्याप्त खाद पहुंचाने की व्यवस्था करें। एपेक्स बैंक की समीक्षा बैठकें अब प्रत्येक जिले में आयोजित की जाएंगी। इनमें सहकारी बैंक के अच्छे ग्राहक किसानों से संवाद भी किया जाएगा। बैठक में अपेक्स बैंक भोपाल के प्रतिनिधि राजकुमार गंगेले ने बताया कि रीवा और सतना सहकारी बैंक इस वर्ष तीन सौ करोड़ से अधिक का ऋण वितरित करेंगे। शहडोल बैंक द्वारा 87 करोड़ तथा सीधी सहकारी बैंक द्वारा 100 करोड़ ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। सभी सहकारी बैंकों में ऋणों की वसूली गत वर्ष की तुलना में 150 प्रतिशत से अधिक हुई है। सहकारी समितियों को बिना किसी रिस्क के इफको एमसी आउटलेट व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है।

## कुठुलिया व एजी कॉलेज की सड़कें कीचड़ व बरसाती पानी से सनी



**रीवा।** शहर में अभी बारिश का आगाज नहीं हुआ है, किन्तु प्री मानसून के चलते पिछले सप्ताह से कभी आधा घंटा तो कभी 20 मिनट बारिश हुई है, महज इतनी सी बारिश में ही शहर के कुठुलिया मार्ग और वार्ड क्रमांक-3 स्थित एजी कॉलेज क्षेत्र की सड़कें कीचड़ से पट गई हैं और बरसात का पानी अभी भी सड़कों पर ही भरा है, जिससे लोगों को जाने-आने में परेशानी हो रही है, दोपहिया वाहन चालक तो फिसलते, गिरते, संभलते जैसे-तैसे यहां से निकल रहे हैं, किन्तु पैदल चलने वालों की हालत खराब हो रही है। उक्त क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एजी कॉलेज के आगे रामस्वरूप विश्वकर्मा के बगल से सीएमआर कंपनी द्वारा पाइप लाइन डाली और सीवरेज कंपनी द्वारा सिवर लाइन डाली गई तभी से सड़क की दुर्दशा हो गई है। वार्ड पार्षद सपना अशोक वर्मा द्वारा भी यहां की सड़कों की मरम्मत के बारे में कई बार निगम के वरिष्ठों से निवेदन किया गया, लेकिन सड़कें दुरुस्त नहीं हुईं। इन क्षेत्रों में थोड़ी सी बारिश में ये हालात हैं तो जब बरसात होगी तब क्या होगा। कई बार वार्ड के रहवासी भी सड़क निर्माण की मांग कर चुके, किन्तु जिम्मेदारों ने उनकी परेशानी को गंभीरता से नहीं लिया, अब बरसात के पूर्व तक सड़कें बनना संभव नहीं, ऐसे में वे लोग पूरी बरसात कीचड़ और बरसात के पानी से परेशान होते रहेंगे।

## धोबिया टंकी से 24 घंटे रिस रहा पानी, परिसर पटा कीचड़ से

रीवा। धोबिया टंकी पीएचई कार्यालय में स्थित पेयजल टंकी का पानी पिछले दो माह से अधिक समय से रिस रहा है, रिस रहा पानी थोड़ा बहुत नहीं बल्कि 24 घंटे पानी की धार लगी रहती है, जो टंकी के पिलरों से होता हुआ कार्यालय के सामने जमा हो रहा है, यहां पानी जमा होने से परिसर कीचड़ से पट गया है, जिससे पीएचई कार्यालय आने वाले कर्मचारियों व लोगों को परेशान होना पड़ता है। लगातार रिस रहे पानी के कारण टंकी के पिलरों को भी नुकसान पहुंच रहा है, यदि ऐसे ही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब टंकी के पिलर दम तोड़ दें और टंकी कब जमींदोज हो जाए। क्योंकि शहर में अमृत-2 योजना का फिलहाल शुभारंभ नहीं हुआ है, अभी भी काफी कार्य बाकी है, पूरे शहर में ही पाइप लाइन नहीं बिछी जिससे उक्त योजना का कब शुभारंभ होगा कह पाना मुश्किल है। नवीन नल-जल योजना शुरू हो जाए उसके पूर्व धोबिया टंकी एकमात्र विकल्प है जिसके माध्यम से शहरवासियों को पानी नसीब हो रहा है, टंकी से रिस रहे पानी को नहीं रोका गया तो और कितने दिनों तक टंकी शहरवासियों का साथ देगी, बता नहीं सकते। यदि नल-जल योजना शुरू होने के पूर्व टंकी को किसी प्रकार की क्षति पहुंचती है तो शहरवासी बूंद-बूंद पानी को तरस जाएंगे।


रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्श:
पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज।
किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।
डॉ. विकास सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.
दिनांक 20 जून 2026 शनिवार को
मिलने का समय दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक
यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668



PIONEERS SCHOOL OF EXCELLENCE
Behind Vrindawan Colony Near Janta College Anantpur, Rewa (M.P.)
Best Education At Affordable Cost
Nursery to 10th Class
An English Medium School
CBSE Pattern Formerly shemrock
National School Award 2021 Winner
ADMISSION OPEN Now
Session : 2026-27
Vacancy For - Pre-Primary teacher, PRT (science/mathematics) & office reception.
Phone No.: 8370073017, 9109143141



आयुष्मान
में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604, 7566831551

वर्ष 73 ▸ अंक 260 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 18 जून, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

इंसान ही इंसान की दवा है। कोई दुख देता है तो कोई सुकून बन जाता है।

# मधुबनी से पकड़ा गया इजहार 22 तक एटीएस की रिमांड पर




## पाकिस्तान, स्लीपर सेल, फंडिंग और जेहादी कनेक्शन की होगी पूछताछ

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी एटीएस ने बिहार के मधुबनी से गिरफ्तार कर लाए गए संदिग्ध आतंकी मौलाना इजहार उल हक को 22 जून तक पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। उसे मंगलवार देर रात बिहार से ट्रांजिट रिमांड पर भोपाल लाया गया था। बुधवार सुबह उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने एटीएस का आवेदन मंजूर करते हुए उसे 22 जून तक पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दे दिए। इसके बाद एटीएस की टीम ने पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल एटीएस ने इजहार से पाकिस्तानी हैंडलर, अफगानिस्तान के एक मोबाइल नंबर के साथ ही जेहादी साहित्य, जेहादी तकरीरों और फंडिंग को लेकर पूछताछ की है। एटीएस के अफसरों के अनुसार इस मामले में जल्द ही नए खुलासे होंगे। इस मामले की छानबीन के दौरान यह साफ हुआ है कि भोपाल में रहने वाला फराज पढ़ाई के लिए देवबंद गया था, वहीं मदरसे में उसकी मुलाकात सहारनपुर के नईम अब्दुल्ला से हुई थी। एटीएस सच जानने के लिए अब इजहार का सामना नईम और शाकिर से कराएगी।

### आरोपी को शादी समारोह से दबोचा

मौलाना इजहार के बारे में एनआईए ने एमपी एटीएस को इनपुट दिया था। एमपी एटीएस ने पहले भोपाल से फराज को दबोच लिया था। यूपी के सहारनपुर के नानौता से नईम अब्दुल्ला और राजस्थान के अलवर एवं हरियाणा के नूंह जिले की सीमा से शाकिर मेव को उठाया तो उन्होंने भी मौलाना इजहार का नाम लिया था। इसके बाद एटीएस की स्पेशल टीम बिहार भेजी गई और वहां की एटीएस की मदद से इजहार को दबोचने का प्लान बनाया। रविवार को जैसे ही एमपी और बिहार एटीएस की ज्वाइंट टीम मधुबनी के नौतोल सरिसबपाली गांव पहुंची तो पता चला कि मौलाना निकाह में गया है। टीम समारोह में मेहमान बनकर शामिल हो गई। यह साफ हो गया कि समारोह से मौलाना को उठाने पर हालात बिगड़ सकते हैं। इसके बाद टीम ने इंतजार किया, जैसे ही मौलाना समारोह से निकला तो रास्ते में ही एक सुरक्षित स्थान पर उसे रोककर हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद सोमवार को मधुबनी कोर्ट ने उसे ट्रांजिट रिमांड पर एमपी भेजने के आदेश दे दिए।

### मौलाना भेजता था भड़काऊ तकरीरें

इस मामले में एटीएस अब बिहार, राजस्थान, यूपी और हरियाणा के अलावा महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पुलिस से भी जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक छानबीन के दौरान यह सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार महाराष्ट्र समेत दक्षिण भारतीय राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। मौलाना इजहार कई बार इन राच्यों में गया था और वहां के युवाओं के संपर्क में था। एटीएस इन संदिग्धों से मिले मोबाइल, लैपटॉप से हासिल डिजिटल फुटप्रिंट और सोशल मीडिया की डिटेल भी खंगाल रही है। इसके अलावा इन सभी को होने वाली फंडिंग की भी जानकारी जुटाई जा रही है। 56 साल के मौलाना इजहार पर यह भी संदेह है कि वह ही पाकिस्तानी हैंडलर्स के कहने पर स्लीपर सेल तैयार कर रहा था। इधर यह भी पता चला है कि वह ही भड़काऊ तकरीरें अपने नेटवर्क के जरिए युवाओं तक पहुंचाता था।



गोलकीपर वाजिन्हा ने वर्ल्ड कप में केप वर्डे के लिए बेमिसाल गोल बचाए!

## संक्षिप्त खबरें

### राजाभोज एयरपोर्ट के डायरेक्टर बने त्रिपाठी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पौने चार साल तक राजाभोज एयरपोर्ट के डायरेक्टर रहे रामजी अवस्थी कार्यमुक्त हो गए हैं। उनका कोलकाता तबादला हुआ है। उनकी जगह जाइंट जनरल मैनेजर आलोक त्रिपाठी को नया डायरेक्टर बनाया गया है। यह आदेश एयरपोर्ट अर्थारिटी आफ इंडिया ने जारी किए हैं। आलोक त्रिपाठी सबसे सीनियर अधिकारी हैं और पिछले दो साल से राजा भोज एयरपोर्ट पर रामजी अवस्थी के अधीनस्थ कार्य कर रहे थे। उन्हें विमानन विभाग में विभिन्न पदों एवं अन्य विभागों में काम करने का लंबा अनुभव है और वे देश के अनेक एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बता दें कि रामजी अवस्थी ने भोपाल में 9 सितंबर 2022 को कार्यभार ग्रहण किया था और पौने चार साल इस पद पर रहे। उनके कार्यकाल में सातों दिन 24 घंटे एयरपोर्ट पर काम प्रारंभ हुआ जिसकी बदौलत भोपाल आधी रात के बाद की पुणे की फ्लाइट मिली। उनके कार्यकाल में ही नया एटीसी भवन एयरपोर्ट को समर्पित हुआ।



### मादक तस्कर गिरफ्तार 26 किग्रा डोडा चूरा जब्त

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मिसरोद थाना पुलिस ने दो मादक तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे साढ़े 26 किग्रा डोडा चूरा बरामद किया है। जब्त माल की कीमत सवा लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उनका नेटवर्क खंगाल रही है। मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात आकृति एक्वा सिटी के पास पुलिस की एक टीम ने दबिश दी थी। जहां दो युवकों को घेराबंदी कर दबोचा गया। उनकी पहचान मोहित कीर (24) और आर्यन कीर (19) दोनों निवासी ग्राम घाटपिपलिया, जिला रायसेन के रूप में हुई। उनके पास एक बैग मिला, जिसकी तलाशी ली गई। बैग में कुल साढ़े 26 किग्रा डोडा चूरा रखा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी डोडा चूरा की खेप कहां से लाए और किसे सप्लाई करने वाले थे। पुलिस उनके नेटवर्क को खंगाल रही है।

### शादी में शराब पीने से मना किया तो चाकू से हमला

**जागरण, भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में शादी समारोह में शराब पीने से मना करने पर बदमाशों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात एक बजे की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय दीपक बंशकार पिता प्रेम नारायण रातीबड़ में रहता है। वह निजी काम करता है। बुधवार को वह खदान कजलीखेड़ा स्थित उसकी बुआ की बेटी की शादी में शामिल होने गया था। रात करीब एक बजे शादी समारोह में दो युवक शराब पी रहे थे। इस पर दीपक ने उन्हें शराब पीने से मना किया। इस दौरान आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने दीपक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसकी पीठ पर गंभीर चोटे आई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# 29 आईएएस के तबादले: जेल, राजस्व, खनिज के प्रमुख सचिव बदले, कर्मवीर भोपाल-शीलेंद्र रीवा कमिश्नर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। बुधवार को जारी ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार प्रदेश में कुल 29 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा लंबे समय से लूप लाइन में रहे कुछ अफसरों को वापस अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। सबसे चौंकाने वाला फेरबदल मुख्यमंत्री के सचिव रहे आलोक कुमार सिंह को पंजीयन महानिरीक्षक के पद पर भेजना रहा। उनके पास खनिज विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार था। 1998 बैच के आईएएस मुकेश चंद गुप्ता को जेल विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है, जबकि 1999 बैच के ई. रमेश कुमार राजस्व विभाग के नए प्रमुख सचिव के साथ ही राहत एवं पुनर्वास आयुक्त भी बनाए गए हैं। 2000 बैच के विवेक पोरवाल अब खनिज विभाग के पीएस होंगे। इस ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार भोपाल और रीवा संभाग के कमिश्नर भी बदले गए हैं। भोपाल के कमिश्नर संजीव सिंह अब खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सचिव होंगे, जबकि कर्मवीर शर्मा को भोपाल का नया संभागायुक्त बनाया गया है। इसके अलावा रीवा कमिश्नर बीएस जामोद को भी बदल दिया गया है, उनकी जगह शीलेंद्र सिंह को भेजा गया है।

### 10 अफसरों के अतिरिक्त प्रभार में भी बदलाव

- केसी गुप्ता एसीएस कुटीर एवं ग्रामोद्योग को अकृषि उत्पादन आयुक्त का प्रभार
- अनिरुद्ध मुखर्जी, अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, तथा एसीएस लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग को एसीएस पर्यावरण तथा महानिदेशक एप्को का प्रभार
- गुलशन बामरा पीएस जनजातीय कार्य विभाग को पीएस अनुसूचित जाति कल्याण विभाग का प्रभार
- सोनिया मीना अपर सचिववित्त को आयुक्त-सह-संचालक, संस्थागत का प्रभार
- अशोक बर्णवाल, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसीएस पर्यावरण विभाग तथा महानिदेशक एप्को के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- मनीष सिंह आयुक्त, जनसंपर्क जेल विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- मनीष सिंह प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- मनु श्रीवास्तव, एसीएस नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त
- अरविन्द कुमार दुबे अपर सचिव, मुख्यमंत्री तथा संचालक जनसंपर्क, केवल आयुक्त-सह-संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, भोपाल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त

### इन अफसरों के हुए तबादले

| नाम | वर्तमान पद | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| मुकेश चंद गुप्ता | सचिव, मानवाधिकार आयोग | पीएस जेल |
| डॉ ई रमेश कुमार | पीएस अजा कल्याण | पीएस राजस्व, राहत एवं पुनर्वास आयुक्त |
| विवेक पोरवाल | पीएस राजस्व, राहत-पुनर्वास आयुक्त | पीएस खनिज |
| संजीव सिंह | कमिश्नर भोपाल | सचिव खेल एवं युवक कल्याण |
| बाबू सिंह जामौद | कमिश्नर रीवा | सचिव नगरीय प्रशासन |
| दीपक सिंह | सचिव राज्य निर्वाचन आयोग | आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी संस्थाएं |
| आलोक कुमार सिंह | सचिव सीएम एवं खनिज | आईजी पंजीयन एवं मुद्रांक |
| सत्येंद्र सिंह | संचालक आदिम जाति विकास योजना | आयुक्त अजाक एवं पिछड़ा वर्ग |
| कर्मवीर शर्मा | आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति | कमिश्नर भोपाल |
| भास्कर लक्षकार | आयुक्त कोष एवं लेखा | आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूति |
| दिनेश श्रीवास्तव | संचालक स्वास्थ्य | सचिव राज्य निर्वाचन आयोग |
| शीलेंद्र सिंह | सचिव नगरीय प्रशासन | कमिश्नर रीवा |
| सौरव कुमार सुमन | आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक | आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण |
| नेहा मारव्या सिंह | अपर सचिव , जनजातीय कार्य | संचालक आदिम जाति विकास योजना |
| मनोज पुष्प | आयुक्त सहकारी संस्थाएं | संचालक स्वास्थ्य, नियंत्रक एफडीए (अति) |
| प्रीति जैन | संभागीय सचिव एमपी बोर्ड इंदौर | संयुक्त आयुक्त (लिटिगेशन)इंदौर |
| रोहित सिंह | अपर सचिव वित्त | एमडी पाठ्य पुस्तक निगम |
| हर्षिका सिंह | सीईओ एसआरएलएम | संचालक बजट |
| भारती जाटव ओगरे | अपर सचिव खनिज | अपर सचिव स्कूल शिक्षा |
| अमनबीर सिंह बैंस | एमडी ऊर्जा विकास निगम | आयुक्त कोष एवं लेखा |
| कैलाश वानखेड़े | अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन | अपर सचिव ऊर्जा |
| अमर बहादुर सिंह | अपर आयुक्त, जबलपुर | अपर सचिव, जनजातीय कार्य |
| पवन कुमार जैन | अपर आयुक्त, सागर | उप सचिव सहकारिता |
| रानी बाटड | उप सचिव, सहकारिता | उप सचिव श्रम, कल्याण आयुक्त |
| विनय निगम | जीएम पाठ्य पुस्तक निगम | सीईओ, एसआरएलएम |
| मंजूषा विक्रांत राय | उप सचिव स्कूल शिक्षा | उप सचिव पशुपालन |
| शैली कनाश | संयुक्त आयुक्त लिटिगेशन इंदौर | संभागीय सचिव एमपी बोर्ड इंदौर |
| अरविंद कुमार शाह | अपर आयुक्त, जबलपुर नगर निगम | सीईओ, आयुष्मान भारत |

## बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद स्टेशनों पर जनसैलाब

### 5.52 लाख अभ्यर्थियों की वापसी से ट्रेनों में भारी भीड़



**पटना, जेएनएन।** बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे और अंतिम चरण के संपन्न होने के बाद राज्य के रेलवे स्टेशनों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परीक्षा देकर अपने घर लौट रहे लाखों उम्मीदवारों के कारण ट्रेनों में हालात इतने खराब हो गए कि कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में खड़े होने तक की जगह नहीं बची। इसे लेकर कई स्टेशनों पर बवाल हुआ। कुछ ट्रेनों के शौचालयों तक में यात्रियों की भीड़ देखी गई। बुधवार को आयोजित परीक्षा में राज्य के 38 जिलों के लगभग 500 परीक्षा केंद्रों पर करीब 5.52 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा समाप्त होते ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी रेलवे स्टेशनों की ओर रवाना हो गए, जिससे कई प्रमुख स्टेशनों पर अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली। मुजफ्फरपुर, भागलपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और सीवान सहित कई रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में चढ़ने को लेकर अफरा-तफरी का माहौल रहा। भभुआ इंटरसिटी एक्सप्रेस में क्षमता से कई गुना अधिक यात्री सवार हो गए। तारेगना स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बावजूद प्लेटफॉर्म पर मौजूद सैकड़ों यात्री डिब्बों में प्रवेश नहीं कर सके। बोगियों के भीतर अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई और कुछ लोग बेहोश भी हो गए। भीड़ से परेशान यात्रियों ने कई स्थानों पर चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया।

#### राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद

## टिन्नू की पत्नी बोलीं- हमें बदनाम करने की साजिश

**अयोध्या, जेएनएन।** राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में जांच तेज हो गई है। मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू की पत्नी पूनम यादव पहली बार सामने आई और परिवार पर लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।



उन्होंने कहा कि उनके पास 50 कमरे, हॉस्टल, होटल और लग्जरी गाड़ियां होने के दावे झूठे हैं और उनके पति को जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है। पूनम ने कहा कि यदि किसी के पास सबूत हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए। इस बीच, स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) लगातार तीसरे दिन बुधवार को राम मंदिर पहुंची। सूत्रों के अनुसार, जांच टीम चढ़ावे की गिनती और बैंक में जमा करने की प्रक्रिया से जुड़े बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर सकती है। इससे पहले मंगलवार को एसआईटी ने करीब 11 घंटे तक मंदिर परिसर में जांच की और ट्रस्ट पदाधिकारियों समेत 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की। मामले में अब तक रामशंकर उर्फ टिन्नू सहित पांच लोगों के नाम सामने आए हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, इनकी निशानदेही पर अब तक करीब 2 करोड़ रुपये की राशि बरामद की जा चुकी है। हालांकि, टिन्नू के घर से सोना मिलने के दावों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, भाजपा नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि सामने आ रहे दस्तावेज सवाल खड़े करते हैं और मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा, 'बिना आग के धुआं नहीं उठता।'

# 4 अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, 133 करोड़ 68 लाख की 35.86 एकड़ जमीन से हटाए कब्जे

### मीरपुर में बिना अनुमति बनाई जा रही थीं दो अवैध कॉलोनियां, कोल्हुखेड़ी में 5.31 एकड़ पर निर्माण की थी तैयारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** बुधवार को प्रशासन ने हुजूर तहसील के ग्राम मीरपुर और कोल्हूखेड़ी में विकसित की जा रही चार अवैध कालोनियों पर कार्रवाई करते हुए बाउंड्रीवॉल सहित अन्य निर्माणों को जमींदोज कर दिया। यह पहली बार है कि प्रशासन द्वारा अवैध कालोनाइजर पर इतनी बड़ी कार्रवाई की गई हो। कार्रवाई के दौरान एक ही दिन में चार अवैध कालोनियों की बाउंड्रीवॉल, मुख्य द्वार सहित अन्य पक्के निर्माण तोड़े गए। इस दौरान कुल 133 करोड़ 68 लाख रुपए कीमत की। 35.86 एकड़ जमीन से कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई। ग्राम कोल्हूखेड़ी में रियान गोल्डन द्वारा अधिकृत 3.29 एकड़ जमीन पर मोहम्मद फारुख, राहुल महावर और अन्य लोगों द्वारा कालोनी विकसित की जा रही थी, लेकिन कालोनाइजर बगैर अनुमति के कालोनी बना रहे थे। अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए 9.31 करोड़ की जमीन से कब्जे हटवाए। इसी तरह कोल्हूखेड़ी में ही 82 लाख रुपए कीमत की 2.02 एकड़ जमीन पर शौकीन अली कालोनी बनाने की तैयारी में थे। वहां भी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने अवैध कब्जे हटाए हैं। चारों अवैध कालोनियों पर कार्रवाई के दौरान किसी तरह का विरोध न हो। इसके लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।



### जिले में 111 अवैध कालोनियां

हुजूर, कोलार, बैरसिया और गोविंदपुरा सहित शहर की आठ तहसीलों में प्रशासन द्वारा 111 से अधिक अवैध कॉलोनियों को चिह्नित किया गया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एसडीएम से अवैध कालोनियों पर कार्रवाई कर जमींदोज करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आम लोगों को ठगी से बचाया जा सके। पहले भी परवलिया सड़क और सूखीसेवनिया समेत विभिन्न जगहों पर बनाई जा रही अवैध कालोनियों के कालोनाइजर पर थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि भूमाफियाओं ने किसानों के साथ मिलकर 90 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति के प्लॉटिंग कर दी और लोगों को बिजली, पानी, सड़क और सीवेज जैसी मूलभूत सुविधाओं को दिए बिना ही प्लॉटों की बिक्री कर दी गई। फिलहाल प्रशासन द्वारा जिन चार कालोनाइजर पर कार्रवाई की गई है वे नोटिस के बावजूद कोई ठोस दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

### चारों अवैध कालोनियां एक नजर में

| स्थान | रकबा ( एकड़ में ) | कीमत |
|---|---|---|
| कोल्हूखेड़ी | 3.29 | 9.31 करोड़ रुपए |
| कोल्हूखेड़ी | 2.02 | 82 लाख रुपए |
| मीरपुर | 7.44 | 30 करोड़ रुपए |
| मीरपुर | 23.11 | 93.55 करोड़ रुपए |

### मीरपुर में हुई बड़ी कार्रवाई

हुजूर तहसील के ही ग्राम मीरपुर के खसरा नंबर 2/9 कुल रकबा 1.198 हेक्टेयर (2.96 एकड़) और खसरा नंबर 28/1/2/1/1/1 कुल रकबा 1.8137 हेक्टेयर (4.48 एकड़) जमीन पर अवैध कालोनी काटी जा रही थी। कालोनाइजर दिनेश चंद्र अग्रवाल को प्रशासन द्वारा कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन कालोनाइजर ने लगातार निर्माण जारी रखा। जिस पर बुधवार को कार्रवाई करते हुए निर्माण जमींदोज किए गए। इसी तरह मीरपुर में ही मीनेश इंटरप्राइजेस द्वारा 9.3354 हेक्टेयर (२३.11 एकड़) पर अवैध कालोनी बनाई जा रही थी। लगभग 93.55 करोड़ की कालोनी पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण जमींदोज किए गए।


#### फार्म छटनी में दिक्कत

#### ईरान के साथ युद्ध में उलझे होने के बाद भी प्रदेश के युवाओं में इजरायल जाकर काम करने की होड़

# इजराइल में 3500 पदों पर भर्ती, प्रदेश के 10 हजार युवा लाइन में

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ईरान के साथ युद्ध में उलझे होने के बाद भी प्रदेश के युवाओं में इजरायल जाकर काम करने की होड़ लगी है। इजरायल में होम-बेस्ड केयरगिवर के 3,500 पदों के लिए राज्य से ही अब तक 10 हजार से अधिक आवेदन भरे जा चुके हैं। बड़ी संख्या में आए इन आवेदनों ने फिलहाल केंद्र के साथ ही प्रदेश सरकार के कौशल विकास विभाग की भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। केंद्रीय कौशल विकास विभाग ने साफ कर दिया है कि संबंधित प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ही इन आवेदनों की छंटनी कर कैंडिडेट को शॉर्टलिस्ट करेंगे। ये आवेदन राज्य के अलग-अलग जिला रोजगार कार्यालयों के जरिए भरे गए हैं। एमपी में स्थानीय स्तर पर आवेदनों की पात्रता जांचना स्टाफ की कमी की वजह से मुश्किल है। यह प्रोसेस 26 जून से पहले पूरी करनी है।

### जोखिम पर भारी पड़ रहा लुभावना वेतन



इस भर्ती में करीब 1.99 लाख रुपये प्रति माह का जो वेतन पैकेज दिया जा रहा है, उसने युवाओं को अधिक आकर्षित किया है। भोपाल से आवेदन भरने वाले युवा हेमंत गुप्ता और सूरज रघुवंशी के अनुसार, इजरायल के मौजूदा हालात और सुरक्षा को लेकर सवाल से ज्यादा अहम विदेश में जाकर रोजगार हासिल करना है। इससे न केवल रोजगार मिलेगा, बल्कि भविष्य के रास्ते भी खुल जाएंगे। इस भर्ती के लिए 25 से 45 वर्ष के ऐसे युवाओं से आवेदन मांगे गए हैं जो कम से कम दसवीं पास हैं और उन्होंने केयरटेकर के तौर पर लगभग 990 घंटे या अधिक का प्रशिक्षण ले रखा है। इसके अलावा एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और फिजियोथेरेपी डिप्लोमा भी मान्य है। दस्तावेज सत्यापन, मेडिकल और पुलिस वेरिफिकेशन के बाद इन आवेदकों का ऑनलाइन इंटरव्यू होगा। हालांकि, इजराइल में पहले काम कर चुके या जिनके परिजन पहले से वहां हैं, वे इन पदों के लिए आवेदन नहीं कर सकते। आवेदन के लिए एक शर्त यह भी है कि किसी भी स्थिति में आवेदक की लंबाई 1.5 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए।

### यूपी से भी आए हजारों आवेदन

मप्र ही नहीं, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी युवाओं की भारी तादाद इजरायल के लिए कतार में है। केंद्र सरकार के साथ हुए इंडिया-इजराइल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के बाद राच्य सरकारों ने इन पदों को भरने के लिए व्यवस्था तो की, लेकिन जमीनी स्तर पर मामला उलझ गया। इस मामले पर न तो जिला रोजगार अधिकारी कुछ कह रहे हैं और न ही प्रदेश के कौशल विकास विभाग से जुड़े अफसर। नियम के अनुसार, इजरायल जाने वाले युवाओं को मुफ्त में ही आवास एवं भोजन सुविधा के साथ चिकित्सा बीमा का भी लाभ मिलेगा। सप्ताह में छह दिन काम के अलावा उन्हें सालाना 09 दिनों का अवकाश तथा 16 दिनों की एनुअल लीव भी दी जाएगी।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# साझेदारी के विस्तार की दिशा में बढ़े कदम

अमेरिका की ओर से जिस तरह के मनमाने फैसले दूसरे देशों पर थोपे जा रहे हैं, उससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। अमेरिका की शुल्क नीति (टैरिफ) से भारत जैसे विकासशील देश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने और उसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए विकल्प तलाशने तथा पहले से स्थापित साझेदारी को विस्तार देने को लेकर भारत के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। इस क्रम में अब भारत, फ्रांस और स्लोवाकिया के बीच आपसी संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर पर ले जाने की सहमति बनी है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पांच साल के अंदर दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने के लिए एक उच्च-स्तरीय सिस्टम बनाने पर सहमति जताई। उन्होंने आर्थिक विकास, तकनीक और टैलेंट मोबिलिटी के क्षेत्र में आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए विचार भी साझा किए। फ्रांस के साथ द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 32 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा रेल सेवा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक घोषणा-पत्र और गोपनीय डेटा की सुरक्षा के लिए समझौते को भी अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह स्लोवाकिया से द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा सहयोग समेत कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी के लिए ग्यारह समझौते किए गए हैं। ये समझौते इसलिए अहम माने जा रहे हैं, क्योंकि इससे अमेरिका के विकल्प के रूप में भारत की पहुंच अन्य विदेशी बाजारों तक बढ़ेगी। साथ ही इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान को भी गति मिलेगी, जो देश के आत्मनिर्भर होने के लिए बेहद जरूरी है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने पिछले वर्ष भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाया था, जिसका सीधा असर देश के निर्यात पर पड़ा था। हालांकि, बाद में अमेरिका ने इस शुल्क को कम कर दिया था, लेकिन भारत ने इसे एक सबक की तरह लिया और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए दुनिया के दूसरे बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के अपने प्रयास शुरू कर दिए। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते इन्हीं प्रयासों का नतीजा हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया दौरे के दौरान इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों के साथ साझेदारी को विस्तार देने का प्रयास किया है।

फ्रांस के साथ तेरह मुद्दों पर सहमति बनी है, जिनमें रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश, तकनीक, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग शामिल हैं। इस दौरान फ्रांस से 114 रफाल लड़ाकू विमान खरीदने की भारत की योजना पर भी चर्चा हुई। खास बात यह है कि भारत ने किसी भी रक्षा मंच के मामले में इस आधार पर आगे बढ़ने पर जोर दिया, जिसमें देश की अधिक से अधिक स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल हो और रक्षा उत्पादों का विनिर्माण भी देश की धरती पर हो।

इसी तरह भारत और स्लोवाकिया ने डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं रक्षा जैसे कई अति महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए ग्यारह समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही दोनों देशों ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने की दिशा में काम करने पर भी अपनी सहमति जताई है। इस व्यापक साझेदारी का उद्देश्य न केवल द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत करना है, बल्कि मौजूदा बहुपक्षीय स्तर पर भी सहयोग को और प्रगाढ़ करने के नए रास्ते तलाशना है। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की शुल्क नीति से भारत जैसे विकासशील देश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पैदा हुए संकट के पीछे अमेरिका की अहम भूमिका रही है। ऐसे में भारत के लिए व्यापार के वैकल्पिक बाजार तलाशना बेहद जरूरी है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका की मनमानी नीतियों का प्रभाव कम किया जा सके।

## प्रसंगवश

# भारतीय मुद्रा को सुरक्षित व टिकाऊ बनाने प्रयास

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से प्लास्टिक नोट जारी करने को लेकर जो खबर आई है, वह पुरसुकून है। यूपीआई और डिजिटल भुगतान की क्रांति ने भारत की वित्तीय व्यवस्था को नई दिशा दी है। आज देश में प्रतिमाह अरबों डिजिटल लेन-देन हो रहे हैं, फिर भी एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो नकद मुद्रा पर निर्भर है। किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, ग्रामीण बाजार और असंगठित क्षेत्र में नकद रुपये का महत्व आज भी बरकरार है। यही कारण है कि डिजिटल भुगतान के बढ़ते प्रसार के बावजूद नकद मुद्रा की मांग बनी हुई है। ऐसे में, भारतीय मुद्रा को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक बनाने के लिए प्लास्टिक नोटों की तरफ बढ़ना सुखद है।



प्लास्टिक नोट देखने और उपयोग में सामान्य नोटों जैसे ही होते हैं, लेकिन इनकी आयु कागजी नोटों की तुलना में पांच से सात गुना अधिक होती है। पानी, नमी, धूल, गंदगी और फटने के प्रति इनकी प्रतिरोधक क्षमता कहीं अधिक होती है। भारत जैसे जलवायु की विविधता वाले देश में, जहां तटीय क्षेत्रों में अत्यधिक नमी और कई इलाकों में धूल-मिट्टी की समस्या रहती है, वहां प्लास्टिक नोट अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी प्लास्टिक मुद्रा महत्वपूर्ण है। नकली नोटों का कारोबार लंबे समय से देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बना हुआ है। प्लास्टिक नोटों में विशेष सुरक्षा फीचर होते हैं, जिनकी नकल करना बेहद कठिन है, नतीजतन इसके जाली होने की आशंका काफी कम हो जाती है।

प्लास्टिक नोटों का एक अन्य लाभ स्वच्छता से भी जुड़ा है। कागजी नोटों पर बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्मजीव आसानी से पनप सकते हैं, जबकि प्लास्टिक की चिकनी सतह पर इनका टिकना अपेक्षाकृत कठिन होता है। कोविड-19 महामारी के बाद स्वच्छ मुद्रा की आवश्यकता को अधिक गंभीरता से महसूस किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने 1988 में सबसे पहले प्लास्टिक नोटों को अपनाया था। आज ब्रिटेन, कनाडा, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और रोमानिया सहित लगभग 60 देशों में इस तरह की व्यवस्था सफलतापूर्वक काम कर रही है। भारत में भी 2009 से इसको लेकर चर्चाएं चल रही हैं और अगले तीन-चार वर्षों में कुछ शहरों में परीक्षण की योजना भी बनी थी, पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। आज समय की मांग है कि इस विचार को पुनः गति दी जाए।

भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर मुद्रा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक बनाने के लिए नए प्रयोग करता रहा है, और इसी क्रम में प्लास्टिक नोट जारी करने की भी संभावना है, लेकिन यह ऐसा कदम होगा, जिसकी सफलता की स्पष्ट भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। भले ही, पॉलिमर नोटों के सामान्य कागजी नोटों की तुलना में अधिक टिकाऊ होने की बात कही जाती है, लेकिन सबसे पहले जरूरी यह है कि रुपये पर वैश्विक भरोसे को टिकाऊ बनाया जाए। ऐसे वक्त में, जब डॉलर के मुकाबले रुपया अपने मूल्य की जंग लड़ रहा हो, तब प्लास्टिक नोट शुरू करने जैसी बातें भला क्या मतलब रखती हैं? समझना यह भी चाहिए कि पूर्व में ऐसी कोशिश परवान नहीं चढ़ सकी है। तथ्य यही है कि साल 2014 के आसपास सरकार ने देश के पांच शहरों- जयपुर, शिमला, भुवनेश्वर, मैसूर और कोच्चि में 10 रुपये के प्लास्टिक नोटों का एक छोटा सा टेस्ट (ट्रायल) किया था, जो सफल नहीं हो सका। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि देश के एटीएम और बैंकों की नोट गिनने वाली मशीनें केवल कागजी नोटों के हिसाब से बनी थीं, जिस कारण प्लास्टिक के नोटों की वजह से मशीनें बार-बार जाम होने लगीं। इतना ही नहीं, गर्मी के कारण प्लास्टिक नोटों के आपस में चिपकने और सिकुड़ने का डर भी था। इन्हीं सब कारणों से इस काम को रोक दिया गया और सरकार ने अपने कदम वापस ले लिए। आज फिर से उसी तरह की कवायद को आगे बढ़ाया जा रहा है, जबकि देश की भौगोलिक दशा में कोई बदलाव नहीं हुआ है, इसका अर्थ है कि पूर्व के अनुभवों से सबक लेकर पूरी सुरक्षा के साथ इसे लागू करना चाहिए। यह सही है कि मुद्रा से जुड़े सुरक्षा उपायों पर काम होना चाहिए, जिसके लिए रिजर्व बैंक को प्रयास करना ही चाहिए।

**पश्चिम एशिया संघर्ष** | **स्थायी वैश्विक शांति के लिए 60 दिनों के रोडमैप में कई चुनौतियां बाकी**

# डील हुई पर दिल मिलने का इंतजार

हरि वर्मा



अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच बुद्ध की राह में फिलहाल त्रिकोणीय पेंच फंसता नजर आ रहा है। बिना शुल्क होर्मुज जलडमरुमध्य खोलने और अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने पर प्रारंभिक सहमति बन गई है। लेकिन परमाणु-यूरेनियम संवर्द्धन और ईरान की जब्त 25 अरब डॉलर की संपत्ति वापसी को लेकर सस्पेंस कायम है।

पश्चिम एशिया संघर्ष के 107 दिनों बाद बुद्ध मुस्कुराए लेकिन स्थायी वैश्विक शांति के लिए 60 दिनों के रोडमैप में कई चुनौतियां बाकी हैं। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते की शर्तों पर से अभी पूरी तरह से पर्दा नहीं उठा है। ऐसे में देश-दुनिया को भी 19 जून (शुक्रवार) का इंतजार है, जब दोनों के बीच समझौते पर औपचारिक मुहर लगेगी। दोनों देश डील के मसौदे पर प्रारंभिक प्रक्रिया के तहत भले डिजिटल हस्ताक्षर कर चुके हों लेकिन दिलों का मिलना अभी बाकी है।

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच शांति की राह में फिलहाल त्रिकोणीय पेंच फंसता नजर आ रहा है। बिना शुल्क होर्मुज जलडमरुमध्य खोलने और अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने पर प्रारंभिक सहमति बन गई है, जिस पर शुक्रवार को मुहर भी लग जाने के आसार हैं लेकिन परमाणु-यूरेनियम संवर्द्धन और ईरान की जब्त 25 अरब डॉलर की संपत्ति वापसी को लेकर सस्पेंस कायम है।

इन मुद्दों पर शांति के लिए 60 दिन का रोडमैप तैयार किया गया है। इसी बीच इजराइल ने लेबनान में डटे रहने की जिद कर गुत्थी और उलझा दी है। त्रिकोणीय पेंच फंसता गया है। इजराइल के तीखे तेवर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब अमेरिका और ईरान के वार्ताकार मो. वाघेर गालिबाफ शांति के प्रारंभिक मसौदे पर डिजिटल हस्ताक्षर कर रहे थे, तभी लेबनान पर इजराइली हमले में एक शख्स की मौत हो गई।

बता दें कि ईरान की शांति शर्तों में एक शर्त यह भी है कि लेबनान में हमले बंद हों लेकिन इजराइल लेबनान से न सेना हटाने को तैयार है, न पीछे हटने को और न ही हिजबुल्ला को बख्शने को। ऐसे में अमेरिका-ईरान के बीच दोस्ती की राह में इजराइल की जिद अड़चन है। ईरान को युद्ध के नुकसान की भरपाई या पुनर्निर्माण मद में अमेरिका करीब 300 अरब डॉलर की मदद देगा भी या नहीं, यह अभी साफ नहीं है।

परमाणु मुद्दे पर ईरान के इरादे पर सीआईए का शक जताना चिंता का विषय है। ऐसे में स्थायी वैश्विक शांति के लिए शुक्रवार को होने वाले समझौते पर दुनिया की निगाहें टिकने की वजह यह भी है कि जब 27 फरवरी को युद्ध शुरू हुआ तो करीब 40 दिन बाद 8 अप्रैल को युद्ध विराम की घोषणा हो गई लेकिन बार-बार संघर्ष विराम टूटे। तीन तरफा हमले होते रहे। दुनिया की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ ऊर्जा (तेल-ईंधन-गैस) आपूर्ति व्यवस्था छलनी होती रही।

यही वजह है कि इस बार प्रारंभिक मसौदे पर सहमति के 24 घंटे के भीतर ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को पीछे हटने पर देख लेने की चेतावनी दे डाली। युद्ध के दौरान अमेरिका-ईरान के बीच सुबह गलबहियां और शाम होते-होते हमले के हालात बार-बार पैदा होते रहे। सुबह बनी बात के रात तक बिगड़ने की स्थितियां बार-बार बनीं।

### तेल-गैस-ईंधन संकट होगा दूर?

हालांकि, इस बार उम्मीद की किरण जगी है। दोनों देशों के साथ-साथ दुनिया भी युद्ध के नुकसान को महसूस कर चुकी है। इसलिए महज प्रारंभिक समझौता मसौदे से ही दुनिया में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। ऊर्जा-ईंधन संकट झेल रही दुनिया को कच्चे तेल के मोर्चे पर तत्काल बड़ी राहत मिली है।

युद्ध शुरू होने से पहले कच्चे तेल की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 67 डॉलर प्रति बैरल थी जो बढ़ते-बढ़ते 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, अब शांति की उम्मीदों के बीच घटकर फिर 83 डॉलर प्रति बैरल आ गई है। यह मूल्य 107 दिनों के युद्ध में 90 दिन (तीन महीने) का सबसे न्यूनतम है। उम्मीद करें कि होर्मुज के खुलते ही जैसे आवाजाही सामान्य होगी, देश-दुनिया में तेल-गैस-ईंधन को लेकर बना कृत्रिम संकट धीरे-धीरे दूर होगा।

सामुद्रिक गतिविधियों पर नजर रखने वाली कंपनियां एआईएस, केप्लर, एलएसईजी मानती हैं कि अभी भी दुनिया सतर्क है लेकिन समझौता मसौदे के पहले ही दिन भारतीय एलएनजी टैंकर दिशा होर्मुज से निकल आया। हालांकि होर्मुज में कई भारतीय जहाज अभी फंसे हैं, जिनकी राह आसान हो जाएगी। दिशा की तरह तीन महीने से फंसे ये जहाज भी भारत की दिशा में अग्रसर हो पाएंगे।

### वैश्विक बाजार पर इसका असर

पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से जो राजनीतिक और आर्थिक संकट पैदा हुआ, उससे दुनिया को सालाना 2 खरब डॉलर के नुकसान का आकलन किया जा रहा है और अभी तो महज युद्ध के 107 दिन ही हुए हैं और दुनिया का बाजार पूरी तरह से धड़ाम हो चुका है। महंगाई आसमान छूने लगी है।

देश में इस महीने थोक महंगाई का ग्राफ बढ़कर 9.68 फीसदी यानी डबल डिजिट के करीब पहुंच गया। महंगाई के इस आंकड़े में अकेले पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस आदि की वजह से 50 फीसदी तक का छौंका लगा। पेट्रोलियम और ईंधन संकट की मार अन्य उत्पादों की महंगाई पर भी पड़ी। हालांकि, शांति समझौते की एक उम्मीद से भारतीय बाजार में दो-तीन दिनों के कारोबारी दिवस में करीब दो हजार से अधिक अंकों की बढ़त हुई है। युद्ध के पहले सेंसेक्स 81 हजार के पार था, जो अब फिर से 76 हजार के स्तर पर पहुंच गया है। सोना की चमक लौटी है। अब 2500 रुपये प्रति दस ग्राम बढ़कर 1,59 लाख तक पहुंच गया है जो युद्ध के पूर्व की चमक के करीब है। रुपया भी मजबूत हुआ है। इस बार की उम्मीदों ने भारत ही नहीं दुनिया भर में (दक्षिण कोरिया में कॉस्पी, जापान में निक्केई को 5 फीसदी तक, अमेरिका और यूरोपीय देशों में भी) बढ़त ला दी है। राहत की बात यह है कि भारत का निर्यात-आयात बढ़ा है।

पिछले 12 वर्षों में भारत का निर्यात 446 अरब डॉलर से करीब दोगुना 863 अरब डालर पर पहुंच गया है जिसकी बदौलत वैश्विक संकट की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में भी भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है। युद्द के बीच बुद्ध की मुस्कान का भारत, रूस, चीन, जर्मनी, फ्रांस, कतर, तुर्किए, यूएन और ईयू ने तहे दिल से स्वागत किया है। ऐसे में शांति समझौते के जल्द प्रभावी हो जाने से स्थायी वैश्विक शांति की उम्मीद तो जगती ही है।

## खुला मंच

# तेल देख, तेल की मार देख

अशोक गौतम

ये डायन जिंदगी भी न! पता नहीं जिंदगी में क्या क्या दिखाती है? पता नहीं, अभी और क्या क्या दिखाएगी? पहले जिंदगी तेल देख, तेल की धार देखते कटी और अब तेल देख, तेल की मार देखते कट रही है। वैसे सोए सोए भी जितने फैसले लिए, उन सब फैसलों ने कुल मिलाकर मेरा तेल ही निकाला।

बंधुओ! हो सकता है कल को जिंदगी में वे दिन भी देखने पड़ें जब तेल की धार के बदले तेल की मात्र लार देखनी पड़े। अहा! क्या दिन थे वे भी! जब पूरे शरीर पर रचा रचा कर तेल मालिश किया करता था। दाल सब्जी में पानी कम होता था और तेल अधिक होता था। घर के बाहर मिनटों स्कूटर स्टार्ट कर चार चार बीडियां मजे से फूंक उसके बाद ही ऑफिस को चलता था।

और आज! सब्जी दाल के तड़के में तेल फूंक फूंक कर डालना पड़ रहा है। हफ्तों हो जाते हैं तेल की मालिश किए बिना। स्कूटर बिन स्टार्ट किए धक्के मार कर ऑफिस ले जाना पड़ रहा है। ताकि राह चलते बंदों को पता चले कि बंदा स्कूटर वाला है। बिन स्कूटर वाला नहीं। क्या हुआ जो उसमें तेल नहीं है।

हे तेल! काश! जो तू न होता तो आज तेरी मार न होती। कई बार तो मुझे लगता है कि हर लड़ाई का मूल तू है। अति विकसित बंदे के हिय का शूल तू है। काश! जो तू न होता तो जो आज हो रहा है, वह न होता। काश! जिंदगी की हर गाड़ी बिन तेरे चला करती। काश! हर किचन में बिन तेरे चुल्हा जला करता। काश! न तेरी जरूरत होती, न होर्मुज होता।

हे तेल! जिंदगी में मैंने कुछ और देखा हो या न, पर तू और तेरी धार जरूर देखी। लेकिन तेरी धार देखते देखते सच कहूं तो मैं कहीं का न रहा। जिंदगी में जब भी कोई काम शुरू किया, काम शुरू करने से पहले तेरी धार देखते हर नफे नुकसान के पूरे होशोहवास में कदम फूंक फूंक कर जायजे लिए, पर अंत में हर बार नुकसान ही हाथ लगा।

हे तेल! विवाह से पहले बीवी देखी, उसकी धार देखी, पर बाद में नुकसान ही हाथ लगा। घर के सारे काम आज भी वैसे ही अपने कर कमलों से करने पड़ रहे हैं। हां! फर्क इतना जरूर पड़ा है कि पहले एक जने के काम करने को होते थे, अब श्रीमती के भी हो गए हैं।

हे तेल! तेरी धार से लेकर तेरी मार तक की तेरी अद्भुत महिमा का गुणगान कहां तक करूं मैं! तू है तो विकास है। तू है तो विनाश है। तू है तो सीजफायर में भी जंग है। तू है तो जिंदगी मकरंद है। तू नहीं है तो सुगंध में भी छिपी अजीब दुर्गंध है।

**घरेलू बचत** | **क्रेडिट कार्ड संस्कृति वाली पीढ़ी को बचत की ज्यादा फिक्र नहीं**

# बचत के विरोधाभासी चक्र में फंसी नयी पीढ़ी

केवल तिवारी




बचत करने की आदत हम भारतीयों के स्वभाव के मूल में है। देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग तरीके की 'गुल्लक संस्कृति' है। कभी बच्चों के शादी-ब्याह के नाम पर आय का एक हिस्सा बचाकर रखना तो कभी घर बनाने के लिए बचत। छोटी-छोटी बचत अनेक बार बड़ी काम आती है। बचाने की इस प्रवृत्ति के कारण ही अनेक बार मंदी के दौर में उतना बड़ा झटका आम लोगों को नहीं लगा, जितनी आशंका जताई गयी थी। नोटबंदी के दौरान गुल्लक संस्कृति काम आई। बड़े नोट बंद हुए, लेकिन छोटी-छोटी बचत वालों ने उस दौर में अपने इन छोटे नोटों से ही काम चलाया। इस बचत की संस्कृति को समझते हुए अनेक सरकारों ने भी समय-समय पर कई योजनाएं शुरू कीं। मसलन—किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, लाडो लक्ष्मी, कन्या सुमंगल, महिला सम्मान बचत वगैरह-वगैरह।

लेकिन आज, बदले वैश्विक परिदृश्य में सत्ता के शिखर से बचत का एक अन्य मंत्र दिया जा रहा है। विदेश यात्राओं से परहेज करें। अभी आभूषण नहीं खरीदें। ईंधन बचाएं। अघोषित तरीके से सीधा संदेश यह भी है कि बचत करें। आज की युवा पीढ़ी विरोधाभास के चक्रव्यूह में फंसी है। वह घूमने-फिरने की शौकीन है। वह नये-नये कपड़े खरीदने, खानपान के नये अड्डों में जाने और आभूषणों को खरीदने की शौकीन है। यह पीढ़ी क्रेडिट कार्ड संस्कृति वाली है। जितना है, उससे भी ज्यादा खर्च करने में विश्वास। यानी इस पीढ़ी को बचत की बहुत ज्यादा फिक्र नहीं है। पहले से ही खुलकर खर्च करने वाली इस पीढ़ी को लेकर रही-सही कसर आयकर प्रणाली की नयी व्यवस्था ने पूरी कर दी है। करीब 12 लाख रुपये तक कोई कर नहीं, उसके बाद बचत का कोई फायदा नहीं। पुरानी व्यवस्था में टैक्स बचाने के नाम पर ही सही, नौकरी-पेशा व्यक्ति एक सीमा तक बचत करने की कोशिश करता था। शायद इसी बहाने कुछ बच जाये। अब, चूंकि बचत योजनाओं से ज्यादा फायदा होना ही नहीं है तो उस ओर सोचना ही क्या? प्रोविडेंट फंड योजना में अभी बेसिक वेतन का 12 प्रतिशत जमा होने का प्रावधान है। इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ा भी सकते हैं। आमतौर पर इसे सेवानिवृत्ति के लिए बचाया गया धन माना जाता है। इस बचत से पैसा निकालना कठिन होता था। अभी तक भी ऐसा ही है, लेकिन अब इसमें भी नयी व्यवस्था पर काम लगभग पूरा हो चुका है। इस बचत को भी अब सेविंग अकाउंट की तरह बनाने की कवायद चल रही है।

यानी एटीएम की तरह इसमें से पैसे निकाले जा सकते हैं। नयी व्यवस्था के मुताबिक कर्मचारी को अपने नियोक्ता से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। गौर हो कि पहले पीएफ राशि निकालना बहुत आसान नहीं था। अब नयी व्यवस्था में अपने कुल पीएफ राशि का पचास से 75 फीसदी तक सीधे निकाला जा सकता है। हालांकि, बदले नियमों के तहत खाते में हर समय कुल योगदान का न्यूनतम 25 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखना अनिवार्य है।

एक तरफ बचत की बात और दूसरी ओर खर्च करने के लिए इतनी छूट। आज का युवा वर्ग बचत के इस मंत्र में विरोधाभास के चक्रव्यूह में फंस गया है। चक्रव्यूह का पहला द्वार तो वे खुद ही हैं। खाओ-पीओ, घूमो-फिरो और ऐश करो की नीति। इस द्वार को किसी तरह पार कर भी लें या यूं कहें कि अपनी आदतों पर किसी तरह काबू पा भी लें तो दूसरा द्वार आयकर में अब बचत प्रावधान करीब-करीब खत्म। टैक्स स्लैब में फायदा मिलना ही नहीं है या टैक्स कटना ही है तो कोई अतिरिक्त बचत करके फायदा क्या? इसे भी पार पाने की जुगत कर ले। या बचत जरूरी है मानकर कुछ बचा भी ले तो अब पीएफ से निकासी की नयी व्यवस्था।

यह तो सर्वमान्य सत्य है कि घर-गृहस्थी में रुपयों की जरूरत आये दिन रहती है। अपनी कमाई से भी अधिक की जरूरत होती है। इस पर साधारण-सा मनोवज्ञान है कि लोन आदि लेने से पहले व्यक्ति अपनी ही बचत पर नजर डालता है। ऐसे में उसे अब सबसे पहले पीएफ ही नजर आएगा। वैसे जानकार कहते हैं कि बेशक आज का युवा इससे पहले की पीढ़ी के लोगों से जरा हटकर है, लेकिन वह शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड और एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) में दूसरी तरह से बचत करता है। हालांकि ये सब 'सब्जेक्ट टू मार्केट रिस्क' हैं, लेकिन वह जोखिम ले लेता है। इसमें कुछ पार पा लेते हैं, कुछ गंवा बैठते हैं। 'जनरेशन गैप' के तथ्यों से इतर वह भविष्य की योजनाएं भी करता है, उसका स्वरूप दूसरा होता है। उसके फोन में बचत विशेष के कई एप हैं।

बदलते दौर में यह तो मानकर चलना पड़ेगा कि बेशक बचत मंत्र में विरोधाभास हो, लेकिन नयी पीढ़ी विरोधाभास के चक्रव्यूह से निकल ही जाएगी। फिर नियम भी बदलते रहते हैं, समय चक्र की तरह। विरोधाभास के इस चक्रव्यूह को तोड़ने की जरूरत पड़ी तो वह बाहर आने की कोशिश कर लेगा। हां, ध्यान रखना होगा कि कहीं बाहर निकलने की तेज आपाधापी में वह अंतिम पायदान पर कहीं घिर न जाये। क्योंकि बड़ी-बड़ी कंपनियों की चकाचौंध में 'हायर एंड फायर' का ऐसा प्रावधान भी छिपा है जो पलभर में अर्श से फर्श पर ले आता है।

**जीवन दर्शन**

# जीवन एक रिले रेस, हाथ बढ़ाने से करीब आएगी मंजिल

अमेरिका के मिशिगन में एक छोटे-से शहर चेल्सी की वह सुबह कितनी साधारण होती अगर वहां सिर्फ एक बुकशॉप का पता बदला होता। ऐसे तो हर दिन न जाने कितने पते बदलते रहते हैं, लेकिन पिछले रविवार को वहां कुछ अलग हुआ।

उस दिन लोगों के हाथों से होकर किताबें चलीं। छुट्टी वाले दिन शहर के 300 लोग बुकशॉप के बाहर जुटे और मानव श्रृंखला बनाई। दुकान की 9,100 किताबों को एक-एक करके दूसरी नई दुकान में पहुंचाया गया। इन किताबों के साथ कुछ और भी पहुंचा – स्नेह, अपनापन और बोझ हल्का करने की वह अद्भुत कला जिसे हम हाथ बंटाना कहते हैं। इन हजारों किताबों पर सैकड़ों जोड़ी हाथों की छाप दर्ज हुई। चेल्सी के निवासियों ने जिन किताबों को नहीं पढ़ा था, उन्हें महसूस किया। जिन्हें वे इसके पहले एक ही जगह रहकर भी नहीं जानते थे, उनके साथ मिलकर काम किया। आखिरी किताब के नए ठिकाने तक पहुंचते-पहुंचते उस श्रृंखला में कई नए दोस्त बन गए, जो शायद फिर मिलेंगे हाथ बंटाने के लिए।



दरअसल, हाथ बंटाने का अर्थ केवल बोझ हल्का करना नहीं है। इसका अर्थ है किसी काम को साझा बनाना। किसी गम या खुशी को अकेले न जीना। यही वो भावना है जिसने कभी गांवों में मिल-जुलकर खेत काटे, किसी के घर शादी-ब्याह पड़ा तो पूरा मोहल्ला मदद को आगे आया। जब दो लोग कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं, तो काम का अर्थ बदल जाता है। मेहनत बोझ नहीं लगती, वह एक गीत बन जाती है। साथ आने से मंजिल पास आ जाती है, जैसे रिले रेस। यह दौड़ अकेले नहीं जीती जाती। एक ऐथलीट दौड़ता है, फिर बैटन आगे बढ़ा देता है। दूसरा उसी जोश से उसे थामता है और आगे दौड़ता है। मंजिल तक पहुंचने का सपना सामूहिक होता है। जीत एक की नहीं होती, सभी का नाम लिखा होता है उस पर। जीवन भी इसी बैटन रेस की तरह है, जिसमें अकेले भागते-भागते थक कर गिर जाएंगे। लेकिन अगर किसी ने हाथ थाम लिया, तो रास्ता छोटा लगने लगता है। ऐसा ही तो चिट्ठियों के साथ भी होता है। कागज पर दर्ज संदेश कई हाथों से गुजरता है। जिन्होंने चिट्ठियां पाई हैं, उन्हें पता है कि यह संदेश भर नहीं होता, इसमें हर उस हाथ की निशानी होती है, जिसने इसे सही पते तक पहुंचाने में मदद की। मिशिगन की किताबों वाली श्रृंखला हो, किसी चिट्ठी का लंबा सफर या ट्रैक पर दौड़ती टीम – ये सभी याद दिलाते हैं कि इंसान तब ही संपूर्ण होता है जब वह दूसरों से जुड़ता है। जब कोई कहे, 'क्या मैं मदद करूं?' और दूसरा मुस्कराकर बोले, 'हां, चलो साथ करते हैं' – इसी को साझेदारी कहते हैं। यह ऐसा अदृश्य धागा है, जो समाज को जोड़ता है, रिश्तों में मजबूती लाता है। अगर कभी लगे कि जिंदगी की राह कठिन है, तो बस किसी के हाथ में हाथ दे दीजिए। देखना, रास्ता छोटा भी लगेगा और सुंदर भी।

मिशेल पॉल

## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥

**भावार्थ**

हे पार्थ, आत्मा न कभी जन्म लेती है, न कभी मरती है। न ही यह किसी समय उत्पन्न होकर पुनः अस्तित्व में आती है। यह अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है।

## समीक्षा के नर्सिंग आफीसर बनने पर हर्ष व्यक्त



**जागरण, रीवा।** होनहार बिरवान के होत चिकने बात वाली कहवत चरितार्थ करते हुए श्रीमंत राजमाता विजया राजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी में स्टाफ नर्स के रूप में रीवा की समीक्षा मिश्रा पिता चंद्रमणि मिश्रा का चयन हुआ है। लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा भोपाल द्वारा जारी प्रदेश स्तरीय सूची में 12 स्टाफ नर्स की नियुक्ति की गई, जिसमें जिले के जवा जनपद अंतर्गत ग्राम ओबरी से समीक्षा मिश्रा और सिरमौर से रेखा कुशवाहा का चयन हुआ है। समीक्षा पूर्व कुलपति रहस्यमणि मिश्रा की भतीजी हैं। इस सफलता पर शिवप्रसाद मिश्र बाबा, राममणि मिश्रा, सूर्यांश मिश्रा, राज नारायण मिश्रा, विनोद कुमार दुबे, सूर्यकांत मिश्रा, महिमा मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। समीक्षा ने श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय से बीएससी नर्सिंग की है।

## मोहर्रम कमेटी का किया गया गठन

**रीवा।** मोहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर छोटी दरगाह परिसर में परंपरागत तरीके से मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के गई वरिठजनों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं ने भी बैठक एवं चुनाव में भाग लिया। बैठक में ताजियादार, ढोलदार, अखाड़ा एवं विभिन्न गिरोहों के प्रतिनिधियों सहित समाज के गणमान्य नागरिकों के अलावा कानून व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द्र बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवं परंपरागत तरीके से संपन्न कराने पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से एक बार पुनः इकबाल खान को मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित लोगों ने उनका फल-मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी। बैठक में सोनू, लाला महमूद, अनस अब्बासी, इस्तियाक अहमद, मून भाई, वसीम अबासी, अरशद अब्बासी, राजा भाई, अरबाज अहमद, इखलाक खान, कादिर भाई, एड. रियाजुद्दीन खान, मोइनुद्दीन शेख, मो. शाहिद अंसारी, राजू तेली, अजीम खान, ईरशाद अब्बासी, अरमान खान, मो. अली, बादशान आदि का सहयोग रहा।

# नीट पुर्न परीक्षा: जैमर और सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

### कलेक्टर ने की तैयारी की समीक्षा, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने दिए निर्देश



जागरण, रीवा

नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीके बाद देश भर में हंगामे बाद आयोजित होने वाली रि-नीट परीक्षा की व्यापक तैयारी की जा रही है। केंद के साथ ही मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वीडियो दिए गए दिशा निर्देशों के बाद अब जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है।

बुध्वार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी और नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। परीक्षा केन्द्र के बाहर पुलिस और होमगार्ड्स द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के अंदर सुरक्षा एजेंसी द्वारा जैमर तथा सीसीटीवी कैमरे लगाकर व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। सभी केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन के लिए सुचारू व्यवस्था की हिदायत दे दें। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि नीट परीक्षा व्यवस्था में समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बना दिया गया है। व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी कंट्रोल रूम से संपर्क में रहें। सभी अधिकारी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। रीवा में बैंक से प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र तक ले जाने के लिए प्रत्येक केन्द्र के लिए अलग-अलग वाहन तैनात कर दिया है। प्रश्नपत्र सुरक्षा बलों की निगरानी में परीक्षा केन्द्र तक जाएंगे। पुलिस अधिकारी सुरक्षा एजेंसी से समन्वय बनाकर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र में पानी, नाश्ते आदि की व्यवस्था कराएं। विद्यार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के बैठने के लिए भी व्यवस्था करें।

### भीड़ प्रबंधन के लिए पूरा प्लान तैयार


बैठक में पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए 21 जून को यातायात व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन के लिए पूरा प्लान बना दिया गया है। पुलिस और होमगार्ड्स के अधिकारी और जवान सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगी। सभी नोडल अधिकारी पुलिस अधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहें। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने नीट परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया, होमगार्ड्स के अधिकारी, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय, सुरक्षा एजेंसी के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का प्रदर्शन आज

### कहा-पुराने शिक्षकों पर नया नियम थोपना अन्याय

**रीवा।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ से संबद्ध मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला रीवा के अध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा है कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी का नियम थोपना उनके सेवा अधिकारों पर सीधा हमला है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसी मुद्दे को लेकर 18 जून को पूरे देश के साथ रीवा में भी हजारों शिक्षक सड़कों पर उतरकर जिला कलेक्टर रीवा के माध्यम से मान.प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मध्यव प्रदेश के मुख्यरमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। संघ का कहना है कि देशभर के 20 लाख से अधिक शिक्षक और उनके परिवार इस फैसले से प्रभावित हो सकते हैं। यदि सरकार ने समय रहते समाधान नहीं निकाला तो व्यापक आंदोलन की स्थिति बन सकती है। शिक्षक संघ ने मांग की है कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी टीईटी अधिसूचना से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को स्थायी रूप से टीईटी से मुक्त किया जाए। आज 18 जून को शाम 4 बजे जिलेभर के शिक्षक मार्तण्ड क्रमांक-3 परिसर में एकत्रित होंगे और कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। यह अभियान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ के आह्वान पर देशभर के सभी जिलों में एक साथ चलाया जा रहा है।

## पूर्व सांसद यमुना प्रसाद शास्त्री की 29वीं पुण्यतिथि 20 जून को



**जागरण, रीवा।** विंध्य के महान सपूत, पूर्व सांसद और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय तोपखाना के संस्थापक यमुना प्रसाद शास्त्री की 29वीं पुण्य तिथि 20 जून को मनाई जाएगी। इस अवसर पर नेत्रहीन महाविद्यालय तोपखाना बिछिया में प्रार्थना और विचारगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। श्री शास्त्री राष्ट्र के महान सपूत और दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए समर्पित थे। नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में 20 जून को प्रातः 9.00 बजे प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 11.00 बजे से मध्याह्न 2.00 बजे तक विचार गोष्ठी होगी। इस अवसर पर सहभोज का भी आयोजन किया गया है। महाविद्यालय परिवार ने समाजसेवी, विचारक और आमजनमानस से से संस्थापक पूर्व सांसद यमुना प्रसाद शास्त्री को श्रद्धांजलि देने की अपील की है।

# रीवा रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से हो रहा लैस

### अब फायर सेफ्टी ऑडिट से यात्रियों की सुरक्षा और मजबूत



**जागरण, रीवा।** भारतीय रेल ने देशभर के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत रीवा रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख स्टेशनों पर अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन जांच की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। रीवा रेलवे स्टेशन लगातार आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहा है। वर्तमान में स्टेशन के पांचों प्लेटफार्मों से ट्रेनों का संचालन सुचारु रूप से जारी है, वहीं यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए स्टेशन पर तीन नए एस्केलेटर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही यात्रियों की आवाजाही को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए नए फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रगति पर है। भारतीय रेल द्वारा प्रस्तावित फायर सेफ्टी ऑडिट के दौरान स्टेशन भवन, विद्युत प्रणाली, एयर कंडीशनिंग एवं वेंटिलेशन सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग उपकरण, पानी की उपलब्धता, पंपिंग एवं स्प्रिंकलर सिस्टम समेत सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। जहां भी किसी प्रकार की कमी पाई जाएगी, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा यह निरीक्षण किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ एजेंसियों और राज्य फायर विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा, जिससे सुरक्षा मानकों को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। रीवा रेलवे स्टेशन पहले से ही विंध्य क्षेत्र के प्रमुख रेलवे केंद्रों में शामिल है और लगातार यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। एस्केलेटर, फुटओवर ब्रिज और आधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ स्टेशन को अधिक सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। फायर सेफ्टी ऑडिट की यह पहल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# नाली में गिरे खंभे से ही कर दी बिजली सप्लाई

### सच्चा नगर का मामला, लोगों सहित मवेशियों की जान को भी खतरा



**जागरण, रीवा।** पिछले दिनों शहर में चली आंधी से सच्चा नगर स्थित बिजली का खंभा धराशायी होकर नाली में जा गिरा, जिससे उक्त क्षेत्र की बिजली बंद हो गई, शिकायत मिलने पर बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और गिरे खंभे के स्थान पर नया खंभा तो नहीं लगाया बल्कि नाले में गिरे खंभे से ही तार जोड़कर कामचलाऊ व्यवस्था कर बिजली चालू कर दी गई, यानी नाली में गिरे खंभे करंट का प्रवाह दौड़ रहा है, वहीं लोगों के घरों में खंभे से किए गए कनेक्शन के तार भी खंभा गिरने से नीचे सड़क तक झूल रहे हैं, जिनसे लोगों को तो खतरा है साथ ही यहां विचरण करने वाले आवारा मवेशी भी इस कामचलाऊ व्यवस्था का शिकार हो सकते हैं।

सच्चा नगर के रहवासियों ने बताया कि यहां लंबे समय से नाली का निर्माण किया जा रहा है, नाली के बीच में पेड़ और उसके समीप लगा बिजली का खंभा आने से काफी समय तक काम बंद है, पेड़ काटने के बाद भी नाली का निर्माण नहीं किया गया। नाली के लिए खोदे गए सड़क के किनारे के कारण खंभा पहले से ही डोल रहा था, पिछले दिनों आई आंधी से जमींदोज हो गया, बिजली विभाग वाले गिरे खंभे से ही तारों को जोड़ गए, इसके बाद दोबारा पलटकर नहीं आए, जब तक यहां खंभा नहीं लगता लोगों को करंट फैलने का भय सताता रहेगा।

# 150 से अधिक तोतों को शिकारियों से मुक्त कराने वाले युवाओं का कांग्रेस ने किया सम्मान



**रीवा।** सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के जवा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पथरौड़ा में वन्य जीव संरक्षण का एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। शिकारियों द्वारा लगभग 150 से अधिक तोतों को जाल में फंसाकर अवैध रूप से बिक्री हेतु ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम के युवाओं विपिन सिंह, आशीष सिंह एवं रोहित सिंह ने साहस, सतर्कता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए शिकारियों के चंगुल से इन वन्य पक्षियों को मुक्त कराया। युवाओं के इस साहसिक एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने जिला कांग्रेस कार्यालय में तीनों युवाओं का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि विपिन सिंह, आशीष सिंह एवं रोहित सिंह द्वारा किया गया यह कार्य न केवल वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। शर्मा ने तीनों युवाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह कार्य समाज के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा तथा पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के प्रति लोगों में सकारात्मक संदेश प्रसारित करेगा। कार्यक्रम में संगठन महासचिव एड. रवि तिवारी, सज्जन पटेल, पूर्व विधानसभा प्रभारी रमाशंकर पटेल, विधानसभा प्रभारी राजू सिंह सेंगर, सत्यनारायण तिवारी, जीपी त्रिपाठी, प्रदीप अवस्थी, सिद्धनाथ पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश्वर पटेल, विष्णु शुक्ला, जीतेन्द्र सिंह, रफीक अंसारी, सुरेश वर्मा, बलराम तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री दें इस्तीफा: शिव सिंह

**रीवा।** मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएम मोहन यादव की अध्यक्षता एवं डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में हुई कैबिनेट बैठक में सरकारी अस्पतालों को निजी हाथों में सौंपने की मंजूरी दिए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह एडवोकेट ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम से इस्तीफा मांगा है। शिव सिंह ने कहा कि मोहन सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गुना देवास सहित रीवा के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को निजी संस्थाओं के जरिए संचालित करने का निर्णय लिया है जो जनहित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि निजीकरण से आम जनता के लिए इलाज महंगा होगा और जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनको बड़ी समस्याएं झेलनी पड़ेगी और स्वास्थ्य व्यवस्था से सरकार का नियंत्रण समाप्त हो जाएगा निजी कंपनियों का बोलबाला होगा तथा नौकरियों पर भी बुरा असर पड़ेगा। शिव सिंह ने प्रदेश के अवाम से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण संस्था के निजीकरण का कड़ाई से विरोध होना चाहिए।

# 200 पुलिसकर्मियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

### ब्रह्माकुमारीज के नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ा 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल



**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के सामुदायिक भवन में नशा मुक्ति एवं आध्यात्मिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता बीके बहादुर ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की विवेक शक्ति, आत्मविश्वास, स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सुख-शांति को नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि राजयोग ध्यान व्यक्ति के भीतर आत्मबल, इच्छाशक्ति एवं सकारात्मक सोच का विकास करता है, जिससे वह किसी भी प्रकार की व्यसन प्रवृत्ति पर विजय प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर बीके रोहित भाई, बीके प्रियांशु भाई, उर्मिला तिवारी, सविता वर्मा, निरीक्षक वीरेंद्र मिश्रा, उप निरीक्षक अजीत तिवारी, उप निरीक्षक धीरज दुबेदी, निरीक्षक भगवान दीन रावत सहित 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल रीवा के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया, जिसमें मन की शांति, एकाग्रता, तनावमुक्ति तथा आत्मबल बढ़ाने के सरल उपाय बताए गए। तत्पश्चात सभी ने नशा मुक्ति संकल्प लेते हुए स्वयं नशामुक्त रहने तथा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने की प्रतिज्ञा की।

# बारिश के बाद भी गर्मी, उमस से नहीं मिल रही राहत

**जागरण, रीवा।** शहर सहित समीपस्थ क्षेत्रों में गत मंगलवार को बारिश हुई, उसके पूर्व भी दो से तीन बार पानी बरस चुका, किन्तु बारिश होने के पश्चात भी लोगों को गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल रही। सूर्योदय के बाद से ही वातावरण में गर्मी का अहसास होने लगता है, दोपहर को लोग मारे गर्मी, पसीने के परेशान हो रहे हैं, वहीं आसमान पर बादल छाने के दौरान भी उमस से लोग हलाकान हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों में दो से तीन डिग्री तापमान बढ़ने की संभावना जताई गई है और मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

जिले में एक जून से अब तक कुल 8.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 17 जून को हुजूर तहसील में 6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अब तक तहसील हुजूर में 26.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 4 मिलीमीटर, सिरमौर में 2 मिलीमीटर, सेमरिया में 16 मिलीमीटर, मनगवां में 8 मिलीमीटर तथा जवा में 9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 34.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## रीवा रियासत का गौरव व विंध्य की पहचान है वेंकट भवन

# वेंकट भवन को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने पूर्व मंत्री ने की मांग

### पुष्पराज सिंह ने संग्रहालय को पुरानी कोतवाली में स्थानांतरित करने दी सलाह



**जागरण, रीवा।** रीवा रियासत के गौरव और विंध्य की पहचान ऐतिहासिक वेंकट भवन है। इस मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग को सौंपकर उसे एक उच्च स्तरीय पर्यटन एवं आतिथ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। जबकि वर्तमान में वहां संचालित संग्रहालय को स्थानांतरित कर किले के समीप स्थित पुरानी कोतवाली की हेरिटेज इमारत में स्थापित किया जाना चाहिए।

महाराजा पुष्पराज सिंह जूदेव ने कहा कि वेंकट भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि विंध्य के गौरवशाली इतिहास, स्थापत्य कला और राजवंशीय विरासत का प्रतीक है। इसकी भव्यता और वास्तुकला पूरे विंध्य क्षेत्र में अद्वितीय है। यदि इसका उपयोग पर्यटन की दृष्टि से किया जाए तो यह रीवा ही नहीं, बल्कि पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वेंकट भवन में स्थित संग्रहालय को किले के समीप पुरानी कोतवाली भवन में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। यह भवन भी एक ऐतिहासिक धरोहर है, जिसकी मरम्मत और संरक्षण की आवश्यकता है। संग्रहालय को वहां स्थापित करने से किला परिसर और आसपास के ऐतिहासिक स्थलों का महत्व और बढ़ेगा। साथ ही, एक ही क्षेत्र में विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों के होने से पर्यटकों की आवाजाही में वृद्धि होगी तथा दर्शकों की संख्या कई गुना बढ़ सकती है।

### मिंटो हॉल जैसा हो व्यवस्थापन

अपने प्रस्ताव के समर्थन में उन्होंने भोपाल स्थित ऐतिहासिक मिंटो हॉल का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार पुरानी विधानसभा भवन को संरक्षित रखते हुए उसका उपयोग आधुनिक पर्यटन और आतिथ्य गतिविधियों के लिए किया गया है, उसी प्रकार वेंकट भवन को भी हेरिटेज पर्यटन के मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकता है।

महाराजा पुष्पराज सिंह ने कहा कि रीवा किला पहले से ही इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। यदि पुरानी कोतवाली में पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक संग्रहालय स्थापित किया जाता है तो यह पूरे क्षेत्र को एक समेकित हेरिटेज कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे विंध्य के इतिहास, संस्कृति और पुरातात्विक धरोहरों को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि वेंकट भवन को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के माध्यम से किसी प्रतिष्ठित होटल या हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी समूह को संचालन के लिए दिया जाए, ताकि वहां उच्च स्तरीय होटल, बैंक्वेट और सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन हो सके। इससे भवन का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा और सरकार को वर्तमान की तुलना में कई गुना अधिक राजस्व प्राप्त हो सकेगा।

### प्रदेश सरकार करे गंभीरता से विचार

पुष्पराज सिंह ने कहा कि विंध्य की ऐतिहासिक धरोहरें केवल अतीत की स्मृतियां नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र के भविष्य की आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि का आधार भी बन सकती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि इन धरोहरों का संरक्षण करते हुए उन्हें जनोपयोगी और पर्यटन की दृष्टि से आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग से इस दिशा में गंभीरता से विचार करने तथा वेंकट भवन और पुरानी कोतवाली के संरक्षण एवं विकास की व्यापक योजना तैयार करने की मांग की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि यह प्रस्ताव अमल में लाया जाता है तो रीवा और विंध्य क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को नई ऊर्जा मिलेगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होगा।

# मिनर्वा हॉस्पिटल में सफल एंजियोप्लास्टी गंभीर हृदय रोगी को मिला नया जीवन



**रीवा।** शहर के मिनर्वा हॉस्पिटल में एक गंभीर हृदय रोगी का सफल उपचार कर उसे नया जीवन दिया गया है। सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचे मरीज देवेंद्र कुमार गौतम की समय रहते पहचान और विशेषज्ञ उपचार से जान बचाई जा सकी। जानकारी के अनुसार, देर रात अचानक सीने में असहनीय दर्द होने पर परिजन उन्हें मिनर्वा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने तत्काल भर्ती कर आवश्यक जांच शुरू की। जांच के दौरान हृदय संबंधी गंभीर समस्या की आशंका पर वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शिरीष मिश्रा ने मरीज का गहन परीक्षण किया। एंजियोग्राफी में हृदय की रक्त वाहिकाओं में रुकावट पाए जाने के बाद डॉ. शिरीष मिश्रा एवं उनकी टीम ने बिना समय गंवाए एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया पूरी की। विशेषज्ञ चिकित्सा प्रबंधन और समय पर उपचार के कारण ऑपरेशन सफल रहा तथा मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार देखने को मिला। उपचार के बाद मरीज के सीने और हाथ का दर्द पूरी तरह नियंत्रित हो गया। स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज किए गए देवेंद्र कुमार गौतम ने मिनर्वा हॉस्पिटल और डॉ. शिरीष मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिले उपचार और डॉक्टरों की मेहनत से उन्हें नया जीवन मिला है। इस अवसर पर डॉ. शिरीष मिश्रा ने कहा कि सीने में दर्द, हाथों में दर्द, घबराहट, सांस फूलना या अत्यधिक पसीना आने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है, क्योंकि समय पर उपचार से हृदयाघात जैसी गंभीर स्थिति से बचाव संभव है।

# बालसंप्रेक्षण के कर्मचारियों ने 1500 के लिए नहीं छोड़ा नाबालिग

## कोर्ट से जमानत के बाद भी पैसे के लिए अड़े रहे, हंगामें के बाद माने


पीड़ित

**जागरण, रीवा।** शहर के बाल संप्रेक्षण गृह (बाल सुधार गृह) में एक नाबालिग की रिहाई को लेकर रिश्वत मांगने के आरोप सामने आए हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि न्यायालय से जमानत आदेश मिलने के बावजूद नाबालिग को घंटों तक रिहा नहीं किया गया और इसके एवज में कर्मचारियों द्वारा पैसों की मांग की गई। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता नरेंद्र दाहिया का 16 वर्षीय पुत्र एक प्रकरण में बाल संप्रेक्षण गृह में रखा गया था। न्यायालय से जमानत मंजूर होने के बाद परिजन उसे लेने पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद कर्मचारियों ने रिहाई प्रक्रिया पूरी करने के लिए 1500 रुपये की मांग की। परिजनों का कहना है कि रकम नहीं देने पर उन्हें शाम से देर रात तक इंतजार कराया गया और बच्चे को नहीं छोड़ा गया। मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। वायरल वीडियो में परिजन कर्मचारियों पर पैसे मांगने और दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद बाल संप्रेक्षण गृह की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। परिजनों का आरोप है कि मीडिया के पहुंचने और कैमरे चालू होने के बाद कर्मचारियों ने बिना किसी राशि लिए किशोर को रिहा कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी संस्थान में अव्यवस्था और कथित अवैध वसूली की शिकायतें की हैं। हालांकि, इस मामले में अभी तक बाल संप्रेक्षण गृह प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# मिया बाकी पद्धति से लक्ष्मण बाग में लगाए गए थे 15000 पौधे, सभी जीवित

## नगर निगम ने लगभग पांच एकड़ में गत वर्ष कराया था पौधरोपण



**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा ग्रीन रीवा क्लीन रीवा योजना के तहत शहर को हरा भरा बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। शहर में हरियाली फैलाने के उद्देश्य से पिछले साल नगर निगम ने शहर में एक लाख पौध रोपण कर पेड़ तैयार करने का न केवल निर्णय लिया बल्कि उस पर अमल भी शुरू किया। वर्तमान में लक्ष्मण बाग स्थित बागीचे में लगभग पांच एकड़ रकवे में नगर निगम द्वारा मियां बाकी पद्धति से 15 हजार पौधों का रोपण किया जाकर उन्हें तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा नगर निगम द्वारा सैनिक स्कूल, इंजीनियरिंग कालेज परिसर सहित सड़कों के किनारे एवं डिवाइडरों में भी पौध रोपण किया गया है। बहरहाल लक्ष्मण बाग में पिछले साल पौध रोपण करने के बाद उन्हे तैयार करने के लिए नगर निगम द्वारा बोर कराया जाकर उसमें सबमर्सिबल पंप डाल पूरी गमी सिंचाई की गई। इसका परिणाम यह रहा कि वर्तमान में लगभग सभी तैयार हो रहे हैं। नगर निगम के पार्क प्रभारी पुनीत शुक्ला ने बताया कि लक्ष्मणबाग में तत्कालीन निगमायुक्त सौरभ सोनवणे द्वारा किये गये नवाचार के तहत 15000 विभिन्न प्रकार के फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद वहां पर सिंचाई की व्यवस्था की गई। पौधों को तैयार करने के लिए लगातार पिछले साल एवं इस साल लगातार सिंचाई की गई तथा सुरक्षा के लिए कटीली बाड़ लगाई गई। यहां पर रोपे गये सभी पौधे अब पेड़ बनने की प्रक्रिया में हैं। शीघ्र ही लक्ष्मणबाग में नये पेड़ों का जंगल तैयार हो जाएगा। बताया गया है कि 'मिया' पद्धति से लगाये गये पेड़ों की विशेषता यह है कि इसमें छोटे एवं बड़ें सभी प्रकार के पेड़ तैयार होंगे और इसका लाभ लोगों को मिलेगा।

### आग में नष्ट हो गये वन विभाग द्वारा लगाये गये पौधे

नगर निगम द्वारा लक्ष्मण बाग में पौध रोपण किया जाकर उन्हें सुरक्षा के साथ तैयार किया जा रहा है लेकिन उसी के बगल में वन विभाग द्वारा भी पौधारोपण किया गया था। लेकिन उनकी न तो सिंचाई की गई और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किये गये। इसका परिणाम यह रहा कि लगभग एक महीने पहले भीषण गर्मी के दौरान अचानक भड़की आग के कारण वन विभाग द्वारा रोपे गये सभी पौधे जल कर नष्ट हो गये। वन विभाग द्वारा की गई सारी मेहनत बेकार हो गई। वन विभाग द्वारा यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किये जाने के कारण नशेड़ियों का जमघट लगता था, जिस कारण किसी की लापरवाही के चलते आग भड़क उठी और सारे पेड़ जल गये।

# खुद के द्वारा लगाए पौधे ही नहीं बचा पा रहा वन विभाग

## हर साल वन विभाग कार्यालय सहित सड़क किनारे रोपे जाते हैं पौधे, अगले वर्ष फिर वहीं रोपते हैं



**जागरण, रीवा।** वन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रतिवर्ष पर्यावरण संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपया पौधारोपण के नाम पर व्यय किया जा रहा है, किन्तु खुद के द्वारा लगाए गए पौधे ही संबंधित विभाग बचा पाने में असमर्थ हो रहे हैं, जहां गत वर्ष पौधे रोपे गये उसी स्थान पर आगामी वर्ष में भी पौधे रोपे जाते हैं। जिसका उदाहरण देखा जा सकता है लाडली लक्ष्मी मार्ग स्थित वन विभाग कार्यालय के सामने जहां प्रतिवर्ष ट्री गार्ड लगाकर पौधे रोपे जाते हैं, गत वर्ष भी यहां लगाए गए पौधे सूख गए थे, ट्री गार्ड खाली पड़े थे, इस वर्ष भी कई ट्री गार्ड के अंदर से पौधे नदारद हैं या फिर सूख चुके हैं, यानी खुद के परिसर के सामने के ही पौधों का संरक्षण कर पाने में वन विभाग नाकाम साबित हो रहा है। गत वर्ष शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे ट्री गार्ड लगाकर पौधे रोपे गए थे, जिसमें शहर के अलावा समीपस्थ ग्राम पंचायत मैदानी, करहिया, इटौरा सहित शार्क इन, बोदा बाग रोड, सतना रोड आदि क्षेत्रों में भी सड़क किनारे ट्री गार्ड लगाकर पौधे रोपे गए, किन्तु अधिकतर क्षेत्रों से पौधे तो ठीक ट्री गार्ड ही नदारद है, वन विभाग ही नहीं नगर निगम भी स्वयं द्वारा लगाए गए पौधों को बचा पाने में नाकारा साबित हुआ, लक्ष्मण बाग मंदिर सहित लक्ष्मण बाग स्थित मुक्तिधाम पहुंच मार्ग में नगर निगम द्वारा गत वर्ष हजारों पौधे लगाए गए थे, उन्हें कौन जलाकर चला गया, नगर निगम को ही नहीं पता। भला इस प्रकार पौधों का संरक्षण होता रहा तो कब तक पर्यावरण संतुलन हो पाएगा बता पाना मुश्किल है।

# खून की व्यवस्था जल्दी करो...लेने के बाद मरीज को नहीं चढ़ा

## संजय गांधी अस्पताल में चल रहा खून का खेल, मनमानी राशि लेकर बेचा जा रहा



**जागरण, रीवा।** जल्दी से खून की व्यवस्था करो, आपकी पत्नी को खून चढ़ाना पड़ेगा... नर्स के तकादे पर पति ने स्वयं का खून दे दिया, किन्तु कई दिन बीतने के बाद भी खून मरीज को चढ़ाया ही नहीं गया। ये वाकया कहीं और का नहीं बल्कि स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र रीवा के संजय गांधी अस्पताल का है, जहां आने वाले मरीजों से खून चढ़ाने के नाम पर खून तो ले लिया जाता है, किन्तु मरीजों को चढ़ाने की बजाय खून अन्य मरीजों को मनमाने दाम पर बेचा जा रहा है, उक्ताशय का आरोप यहां आने वाले मरीज और उनके अटेंडर ही लगा रहे हैं।

झिरिया निवासी प्रमोद सोधिया ने बताया कि संजय गांधी अस्पताल में उनकी पत्नी शीला को प्रसूति के लिए भर्ती किया गया था। उनके पूर्व से दो बच्चे हैं, जिनकी प्रसूति सीजर से हुई थी। तीसरी प्रसूति के लिए उन्हें संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जहां सीजर से प्रसूति तो हो गई, किन्तु नवजात का स्वास्थ्य ठीक नहीं था, उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी, जिसके चलते नवजात को गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया। इधर प्रमोद को वार्ड की नर्स ने मोबाइल लगाकर कहा कि उनकी पत्नी को खून चढ़ाना पड़ेगा इसलिए खून की जल्द व्यवस्था करो, प्रमोद ने अपने एक-दो परिचितों से चर्चा की, जब खून की व्यवस्था नहीं हुई तो स्वयं ही रक्तदान करने तैयार हो गए और उन्होंने अस्पताल की रक्तदान शाखा में रक्तदान कर दिया। करीब तीन दिन मौत से संघर्ष करने के बाद नवजात ने दम तोड़ दिया, जबकि शीला सोधिया को आज तक प्रमोद द्वारा दिया खून नहीं चढ़ाया गया। जब प्रसूता को रक्त की इतनी आवश्यकता थी कि उसके पति को खून की जल्द व्यवस्था करने को कहा गया, किन्तु खून मिलने के बाद भी खून क्यों नहीं चढ़ाया गया? ये प्रश्न शीला के पति सहित अन्य परिजनों को भी कचोट रहा है कि कहीं उनकी बहू को खून की चलते कोई परेशानी न हो, कई बार डॉक्टर व नर्स से खून चढ़ाने के लिए अनुयय-विनय भी किया, किन्तु खून नहीं चढ़ाया।

प्रमोद ने आरोप लगाया कि उनके अलावा अन्य मरीजों से भी इसी प्रकार का व्यवहार संजय गांधी अस्पताल के स्टाफ द्वारा किया जाता है। वार्ड में भर्ती और भी लोगों को खून की व्यवस्था करने को कहा गया, लोगों ने व्यवस्था भी की, किन्तु उनकी पत्नी सहित अन्य लोगों को भी खून नहीं चढ़ा। जो लोग खून की व्यवस्था नहीं कर पाए उनसे राशि वसूलकर मरीजों को खून चढ़ाया गया। प्रमोद सहित अस्पताल में भर्ती अन्य मरीज के अटेंडरों ने खुलकर खुलकर कहा कि अस्पताल में लोग मरीजों की सुविधा के लिए रक्तदान करते हैं, परन्तु मरीजों को निःशुल्क रक्त न चढ़ाकर उनसे राशि वसूली जा रही है। किसी से एक यूनिट रक्त के चार हजार तो किसी से तीन हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं।

# मॉर्निंग वॉक में गुम हुआ मोबाइल 4 महीने बाद बरामद

## सिटी कोतवाली पुलिस ने बच्चे से फोन खोजा, पैटर्न लॉक खोलने की कोशिश में बीता समय

**जागरण, रीवा।** मॉर्निंग वॉक के दौरान गुम हुआ एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन चार महीने बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। हैरानी की बात यह रही कि मोबाइल किसी चोर के पास नहीं, बल्कि एक बच्चे के हाथ लग गया था, जो पिछले चार महीनों से उसका पैटर्न लॉक खोलने की कोशिश करता रहा। जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के निपनिया निवासी नगीना बेगम का मोबाइल फोन करीब चार माह पूर्व मॉर्निंग वॉक के दौरान कहीं गिरकर गुम हो गया था। मोबाइल गुम होने के बाद उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की थी, जिसके आधार पर पुलिस लगातार फोन की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रही थी। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि मोबाइल अधिकांश समय बंद रहता था और बीच-बीच में कुछ देर के लिए चालू होता था। इसी दौरान तकनीकी सहायता से पुलिस को उसकी लोकेशन प्राप्त हुई। लोकेशन मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि मोबाइल एक बच्चे के पास था। बताया गया कि बच्चे को यह फोन खेत में पड़ा मिला था। फोन लॉक होने के कारण वह उसका उपयोग नहीं कर पा रहा था, लेकिन उसे उम्मीद थी कि किसी दिन वह पैटर्न लॉक खोल लेगा। इसी वजह से वह मौका मिलते ही मोबाइल लेकर खेत की ओर चला जाता और लॉक खोलने का प्रयास करता था। पुलिस की पूछताछ में यह भी सामने आया कि बच्चे के परिजनों को मोबाइल मिलने की जानकारी नहीं थी। वे इस बात से अनजान थे कि बच्चा पिछले कई महीनों से फोन अपने पास छिपाकर रखे हुए है। पुलिस ने बच्चे से मोबाइल बरामद कर सत्यापन के बाद उसे उसकी वास्तविक मालिक नगीना बेगम को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। वहीं, जिस मोबाइल को अपना बनाने का सपना बच्चा चार महीने से देख रहा था, पुलिस के पहुंचते ही उसका वह सपना अधूरा रह गया।

# ट्रिपिंग और भारी बिलों से जनता परेशानः मंगू

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने प्रदेश की मोहन सरकार पर बिजली व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि करोड़ों रुपये खर्च कर किए गए केवलीकरण कार्य के बावजूद प्रदेश में बिजली आपूर्ति की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। थोड़ी सी बारिश और तेज हवा चलते ही घंटों बिजली गुल हो जाती है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उपभोक्ता दिन-रात बिजली आने-जाने की समस्या से जूझ रहे हैं। घरेलू कामकाज, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है, लेकिन सरकार और विद्युत विभाग समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेशभर में उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दो कमरों के साधारण मकानों तक को हजारों रुपये के बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे गरीब, मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सरकार को इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ताओं से फिक्स चार्ज, फ्यूल चार्ज, मेंटेनेंस चार्ज सहित विभिन्न मदों में नियमित रूप से राशि वसूल रही है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। जब उपभोक्ता हर माह मेंटेनेंस शुल्क का भुगतान कर रहे हैं तो फिर बार-बार मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती का औचित्य क्या है। गुरमीत सिंह मंगू ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश की चरमराई बिजली व्यवस्था को तत्काल सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ट्रिपिंग और अघोषित कटौती पर रोक लगाई जाए तथा स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर सड़क से सदन तक व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# शहर के स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं सफाई मित्र : प्रकाश द्विवेदी

## नगर निगम टाउन हॉल में महिला सफाई मित्रों के लिए हुई एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया



**जागरण, रीवा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर स्वच्छता नॉलेज पार्टनर फीडबैक फाउंडेशन द्वारा बुधवार को नगर निगम के टाउन हॉल में महिला सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। निगमायुक्त अक्षत जैन के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ नगर निगम के उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने उपस्थित महिला सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा स्वच्छ शहर निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि नगर निगम के सफाई मित्र शहर के स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। स्वस्थ एवं जागरूक सफाई मित्र ही बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं। यदि सफाई मित्र स्वस्थ रहेंगे तो उनकी कार्य क्षमता बढ़ेगी और स्वच्छता संबंधी कार्यों का निष्पादन भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से सीधे जुड़े हुए हैं। सफाई मित्रों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा तो शहर भी स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि आप बीमार होंगे तो शहर भी बीमार होगा, इसलिए अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान प्रदीप श्रीवास्तव ने महिला सफाई मित्रों को स्वच्छता प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कचरा पृथक्करण, सुरक्षित हैंडलिंग, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सुरक्षा उपकरण (पीपीई) जैसे दस्ताने, मास्क, गमबूट एवं एप्रन के उपयोग, रख-रखाव एवं उनकी अनिवार्यता पर विशेष रूप से चर्चा की। टाउन हॉल में विशेष रूप से नगर निगम रीवा द्वारा कार्यशाला के दौरान सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया ।


**PM SHRI School Jawahar Navodaya Vidyalaya, Sirmour, Distt-Rewa (M.P.)**

**NOTIFICATION FOR WALK-IN-INTERVIEW**

PM SHRI School Jawahar Navodaya Vidyalaya, Sirmour, Distt-Rewa, M.P. Requires the following Teachers/Coaches/Trainers purely on Contract/Temporary basis for the academic session 2026-27. Interested and eligible candidates can attend WALK-IN-INTERVIEW on dated 25/06/2026 at 10:00 AM at PM SHRI School, Jawahar Navodaya Vidyalaya, Sirmour, Distt-Rewa (M.P.) at their own cost with all supporting documents.

| Sl. No. | Position | Essential Qualification | Honorarium/ Remuneration |
|---|---|---|---|
| 01 | Atal Tinkering Lab Facilitator (01) | BE/B.Tech in Electronics/Communication/Mechanical/AI/Robotics Engineering | Per month Rs.30000/- (for 10 months) |
| 02 | YOGA Trainer (Preferably Female)(01) | 1 year Post Graduate Diploma in Yoga **OR** Post Graduate with Diploma/ Certificate in Yoga **OR** Bachelor's Degree in Yoga | Rs. 12,500/- per month for 8 Months |
| 03 | Sports Coaches (02) | B.P.Ed or N.I.S. expert in Basketball/Kabaddi | Rs. 20,000/- per month for 5 Months |
| 04 | Dance Expert (01) | Certificate/ Diploma in Katthak. | Rs. 25,000 per month for 6 Months |
| 05 | Music Expert (01) | Cerificate Diploma and Skilled in Tabla | Rs. 25,000 per month for 6 Months |
| 06 | Self Defence Trainer (Only Female) (01) | Expert and Black belt in any of the Martial Arts Like Judo/Karate/Taikwando. | Rs. 12500/- Per Month for 8 Months |

1. The maximum age limit is 50 years as on 01.07.2026
2. Priority will be given on the basis of the experience.
3. The engagement is purely on a temporary basis. No TA/DA is payable for attending the Walk-in-Interview. Willing candidates are requested to attend the interview with proof of Identity and address, biodata, application form attached, experience certificate & original testimonials with one set of self attested copies of all documents & 03 passport size photographs. Interested candidates are requested to attend the interview on 25/06/2026 at 10.00 AM.
4. Post would be kept vacant if no candidate found sutable/eligible in the interview.
5. The Principalreserves the right to cancel, modify and amand the eligible/terms & conditions at any stage without assigning any reasons.
6. For further inquiries, contact the School Office between 09:00 AM to 01:30 PM on Working Days.
7. For furher details and to download the Application Form, visit the Vidyalaya website https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/REWA/en/home/

PRINCIPAL
PM SHRI SCHOOL JNV REWA (M.P.)



**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)**

**प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2026-27**

केन्द्रीय जेल रीवा में संचालित उद्योग इकाई में लगने वाले कच्चा माल एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु प्रथम वार्षिक ई-निविदा वर्ष 2026-27 www.mptenders.gov.in पर दिनांक-14/07/2026 को सांय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त करें। निविदा की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 24/06/2026 प्रात:11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 13/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 15/07/2026 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 18/07/2026 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

**नोटः**- **1.** ई-निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) द्वारा की जावेगी। **2.** निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)
G-14504/26


# देसी पिस्टल के साथ वीडियो कॉल करते युवक का वीडियो वायरल

**जागरण, रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय नगर में बाइक सवार दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। वायरल वीडियो में आरोपी बाइक सवार वीडियो कॉलिंग कर रहे हैं, जिसमे अवैध पिस्टल आरोपी दिखाते दहशत फैलाते नजर आ रहे है। समान थाना पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, वीडियो कॉल में युवक से आरोपी कट्टे पिस्टल के संबंध में बात करते हुए अपनी धौंस जमा रहे हैं, साथ ही जब फोन में उनसे पिस्टल दिखाने की बात कही गई तो आरोपी पिस्टल दिखाते दिखाई पड़ रहे है। बहरहाल शहर में अपराधी किस्म के बदमाशों के हाथ में अवैध हथियार आसानी से लग रहे हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, फिलहाल अवैध देशी पिस्टल के साथ वायरल हुए वीडियो के बाद पुलिस अब आरोपियों की तलाश सरगर्मी से कर रही है।


**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**कार्यालय नगर परिषद मनगवां जिला- रीवा (म.प्र.)**
**Office, Nagar Parishad Mangawan Dist.Rewa (M.P.)**

Address:- Ward No.09 Mangawan, Dist.Rewa (M.P.) - 486111
Email:-cmomangava@mpurban.gov.in

क्रमांक/630/भंडार/निविदा आमंत्रण/2026 — मनगवां, दिनांक 11.06.2026

**ई निविदा आमंत्रण**

नगर परिषद मनगवां जिला रीवा मध्यप्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निम्नानुसार विभिन्न सामग्री क्रय व कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म /निविदाकारों द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद मनगवां से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | एनआईटी क्र. एवं दिनांक | टेण्डर क्र. | नाम सामग्री विवरण | अनुमानित लागत (₹ लाख में) | अमानत राशि (₹ में) | कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_ 515715_1 | विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (द्वितीय निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 2 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_ 515715_2 | पेयजल व हैण्डपम्प सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (द्वितीय निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 3 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_ 515715_3 | सफाई एवं कीटनाशक सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (द्वितीय निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 4 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_ 515715_4 | जल प्रदाय सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (प्रथम निविदा) | 20.00 | 15000/- | 5000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 5 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_ 515708_1 | हैण्डपम्प सुधार कार्य की वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (प्रथम निविदा) | 5.00 | 5000/- | 2000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |
| 6 | 630/ 11.06.2026 | 2026_UAD_ 515708_2 | सवमर्सिबल मोटर पम्प सुधार कार्य की वार्षिक दर निविदा आमंत्रण। (प्रथम निविदा) | 2.00 | 2000/- | 2000/- | दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 तक |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार दिये गये वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेंगे।

अध्यक्ष
नगर परिषद मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)



**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)**

**प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2026-27**

केन्द्रीय जेल रीवा एवं सर्किल के अंतर्गत आने वाली जिला जेल-शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, सीधी, बैढ़न एवं सब जेल ब्यौहारी, बुढ़ार, मऊगंज एवं त्योंथर में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु केन्द्रीय जेल रीवा में संचालित उद्योग इकाई के बुनाई अनुभाग पॉवर लूम/हैण्डलूम में कपड़ा निर्माण हेतु लगने वाले विभिन्न प्रकार के सूत क्रय करने हेतु प्रथम वार्षिक ई-निविदा वर्ष 2026-27 www.mptenders.gov.in पर दिनांक-14/07/2026 को सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। ई-निविदा सम्बंधी तिथि विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 24/06/2026 प्रात:11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 13/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | सेम्पल/नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | 14/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 5. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 15/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 6. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 18/07/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट:-व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)
G-14505/26

# किसानों को समृद्ध बनाने सरकार ने किए कई उपाय: सीएम

## उज्जैन जिले में हुए कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कई विकास कार्यों को लेकर की घोषणा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन में धार, नागदा और रतलाम को भी शामिल किया गया है,जिससे इस क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। प्रदेश में किसानों की समृद्धि के लिए तमाम उपाय किए जा रहे है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री बुधवार को उज्जैन जिले के नागदा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो हजार करोड़ रूपए की लागत से भव्य चित्रकूट धाम का निर्माण कर रही है। सरकार गरीब, किसान और नारी शक्ति के सशक्तिकरण द्वारा अंत्योदय के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने गोपाल कृष्ण को आदर्श मानते हुए घर-घर गाय और दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। योजना अंतर्गत 10 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान किया है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। राज्य में प्राकृतिक खेती और गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति गाय 1100 रुपए महीना सहायता दी जाएगी। एक अन्य कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव ने कहा कि क्षिप्रा इस क्षेत्र के किसानों को अन्न पैदा करने के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है। सामाकोटा बैराज उज्जैन जिले में जल संरक्षण को नई ऊर्जा देगा। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल और खेतों को नई संजीवनी मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में विश्व में भारत ने अपनी अलग छवि बनाई है। मोदी देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं। राज्य सरकार ने भी नवाचार करते हुए एयर एंबुलेंस की शुरुआत की है। राहवीर के अंतर्गत सड़क पर घायलों की मदद करने वालों को सरकार 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रही है।



### सरकार गरीब, अन्नदाता, युवा व नारी कल्याण को समर्पित

हमारी सरकार गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सम्मान निधि और लाड़ली बहना को निरंतर राशि दी जा रही है। अब तक लाड़ली बहनों को 60 हजार करोड़ की राशि अंतरित कर चुकी है। हमारी सरकार प्रदेश के अन्नदाताओं और बहनों के सम्मान के लिए कृत संकल्पित होकर आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने पिछला वर्ष उद्योग और रोजगार को और यह साल किसान कल्याण को समर्पित किया है। पहले रकबा मात्र 7.5 लाख हेक्टेयर था। वर्ष 2002-03 से प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने की शुरुआत हुई। आगामी ढाई वर्ष में सिंचाई का रकबा बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा है। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिया जा रहा है। प्रदेश में किसानों के लिए सड़क, बिजली, पानी और अन्य जरूरी सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। किसानों को सिंचाई के लिए अब दिन में भी बिजली प्रदाय की जाएगी।

### विधानसभा में याद किया गया पूर्व सीएम कैलाशनाथ काटजू को

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री रहे स्व. कैलाशनाथ काटजू की 139वीं जयंती पर याद किया गया। परिसर स्थित सेंट्रल हॉल में विशिष्टजनों व जनप्रतिनिधियों ने स्व.काटजू को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्रदेश में वर्ष 1957 से 1962 तक मुख्यमंत्री के रूप में दायित्वों का निर्वाहन करने वाले स्व. काटजू ने केंद्रीय स्तर पर रक्षा , कानून सहित कई मंत्रालय का कामकाज भी संभाला। स्व. काटजू विभिन्न राज्यों के राज्यपाल भी रहे। देश की आजादी से पहले भी उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अपनी क्षमता और योग्यता से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। मुख्यमंत्री के रूप में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करने के साथ-साथ श्री काटजू, पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रमुख सहयोगी भी रहे। काटजू ने कई स्वशासी संस्थाओं को समृद्ध कर आगे बढ़ाया। प्रदेश के विकास में अपने दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण से उन्होंने प्रदेश तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री पहुंचीं भाजपा दफ्तर, सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार की मंत्री निर्मला भूरिया ने बुधवार को भाजपा दफ्तर पहुंचकर आमजन और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण कराया। मंत्री भूरिया से मिलने पहुंचे कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन उन्हें दिए, जिस पर मंत्री ने उनके निराकरण की पहल की। जिन समस्याओं पर त्वरित निराकरण नहीं कराया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया। इस मौके पर मंत्री ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से भी मुलाकात की।

### विवादित अफसरों को भी अहम जिम्मेदारी


आलोक कुमार


शीलेंद्र सिंह


अरविंद शाह

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में हुए आईएएस अफसरों की तबादला सूची में शामिल कई नाम विवादों से घिरे रहे हैं, इसके बाद भी उन्हें अहम पद पर भेजा गया है। शीलेंद्र सिंह के छतरपुर कलेक्टर रहते उनका बुंदेलखंड के एक बीजेपी विधायक से विवाद चर्चा में रहा था। इसके अलावा नर्मदापुरम कलेक्टर रहते भी उनका विवाद स्थानीय बीजेपी नेताओं समेत एक एसडीएम से हो गया था। अब उन्हें दोबारा फील्ड पर भेजा गया है। वे अब रीवा संभाग की कमान संभालेंगे। इसके अलावा उमा भारती के करीबी रहे विनय निगम भी विवादों से घिरे रहे हैं। अब वे उमा के करीबी प्रहलाद पटेल के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सबसे अहम योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ होंगे। इसके अलावा हाल ही में मंत्री राकेश सिंह के साथ विवाद के बाद सुर्खियों में आए जबलपुर नगर निगम के अपर आयुक्त अरविंद कुमार शाह को भी आयुष्मान भारत का सीईओ बनाया गया है। इन तबादलों की लिस्ट पर एक माह से मंथन जारी था।

**आलोक के तबादले के पीछे सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी वजह:** सीएम के करीबी और उनके सचिवालय के सबसे अहम अफसरों में से एक आलोक कुमार सिंह को सीएम के सचिव पद से हटाने के पीछे रेत खदानों की नीलामी न होना एक बड़ी वजह मानी जा रही है। वे खनिज विभाग के सचिव भी थे। प्रदेश में रेत के कई ठेकेदारों द्वारा खदानें सीजन के बीच में ही छोड़ देने और काम बंद कर देने से सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा था।

# प्रदर्शन नहीं करने पर 22 जिलों के एनएसयूआई अध्यक्षों को नोटिस

## मीनाक्षी नटराजन मामले में जिलाध्यक्षों को जिलों में दर्ज कराना था विरोध

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के निर्देशों की राज्य में अनदेखी की गई है। निर्देश के बाद भी भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा 22 जिलों में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन नहीं किया। अब इन जिलों के एनएसयूआई अध्यक्षकों प्रदेशाध्यक्ष ने नोटिस थमाए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा राज्यसभा सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रद्द किए जाने के बाद क्रमशः आंदोलन का एलान किया था। 15 जून को यूथ कांग्रेस ने प्रदेश भर में प्रदर्शन कर चुनाव आयोग का पुतला दहन किया था। इसी क्रम में 16 जून मंगलवार को एनएसयूआई को प्रदर्शन कर अपना विरोध जताना था,लेकिन राज्य के 22 जिलों में प्रदर्शन तो दूर एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सड़कों पर दिखाई भी नहीं दिए। इसकी जानकारी मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नाराजगी जताई है और इस बारे में एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे से जवाब मांगा है। बताया गया है कि इस पर चौकसे ने संबंधित जिलाध्यक्षों को पत्र लिखकर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। कहा जा रहा है कि पार्टी कुछ जिलाध्यक्षों के खिलाफ एक्शन ले सकती है।




### इन जिलों के अध्यक्षों को मिले नोटिस

मुरैना, दतिया, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सीधी, कटनी, नरसिंहपुर, डिण्डौरी, मण्डला, सिवनी, बैतूल, देवास, उज्जैन, शाजापुर, नीमच, इंदौर, खरगोन, बड़बानी और आलीराजपुर

### महिला कांग्रेस आज करेगी प्रदर्शन

इधर चुनाव आयोग के खिलाफ गुरुवार को महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त के पुतले का दहन करेगी। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी के मुताबिक पीसीसी कार्यालय से महिला कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने निकलेगी। जिसमें संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।


### भोपाल रेल मंडल ने किए 651 दिव्यांग यात्रियों को रियायत कार्ड जारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रेल मंडल ने दिव्यांग यात्रियों को सुलभ एवं किफायती यात्रा का लाभ देने के लिए वर्ष 2026 में 17 जून तक रिकॉर्ड 651 दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए हैं। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के अनुसार रेलवे द्वारा दृष्टिहीन, मानसिक रूप से अस्वस्थ, श्रवण-वाणी बाधित और शारीरिक रूप से अक्षम यात्रियों के साथ-साथ उनके सह-यात्री (एस्कॉर्ट) को भी किराये में 25 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक की विशेष रियायत दी जाती है। इस प्रक्रिया का लाभ पाने के लिए यात्री जिला अस्पताल का दिव्यांग प्रमाणपत्र, रेलवे का रियायत प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र और पासपोर्ट आकार का फोटो अपलोड करना अनिवार्य है। दस्तावेजों के डिजिटल सत्यापन के बाद आवेदक को एसएमएस द्वारा सूचित कर कार्ड जारी कर दिया जाता है, जिसका उपयोग ऑनलाइन और काउंटर टिकट बुकिंग दोनों में आसानी से किया जा सकता है। लाभ पाने के लिए यात्री मंडल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# गुना विधायक शाक्य भाजपा दफ्तर तलब, दी अपनी सफाई

## सिंधिया समर्थक मंत्रियों पर दिया था विवादित बयान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने विवादित बयानों से सरकार और प्रशासन को निशाने पर रखने वाले भाजपा के गुना विधायक पन्नालाल शाक्य बुधवार को पार्टी दफ्तर में तलब किए गए। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष अपनी बात रखी। गौरतलब है कि शाक्य कई बार अपने बयानों से पार्टी और स्थानीय प्रशासन को कटघरे मे खड़े करते रहते हैं। पिछले दिनों उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक राज्य सरकार के मंत्रियों को लेकर टिप्पणी की थी। जिस पर प्रदेश नेतृत्व ने एतराज जताया था और विधायक शाक्य को भोपाल बुलाया था। लेकिन पार्टी के कार्यक्रमों और राज्यसभा चुनाव में नेतृत्व की व्यस्यता की वजह से शाक्य को भोपाल आने के लिए समय नहीं दिया गया था। जानकारी के अनुसार प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल के निर्देश पर बुधवार को विधायक शाक्य भाजपा दफ्तर पहुंचे और उन्होंने बंद कमरे में खंडेलवाल के सामने अपनी सफाई दी। बताया गया है कि प्रदेशाध्यक्ष ने उन्हें स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि ऐसी किसी भी तरह की गतिविधियां या बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, जिससे पार्टी और सरकार की छवि खराब हो। उन्होंने शाक्य से भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचने को कहा है। खंडेलवाल से मिलने के उपरांत विधायक शाक्य ने सफाई देते हुए कहा कि हम सभी भाजपा जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एक परिवार हैं, हमारे बीच किसी तरह का कोई मतभेद नहीं है। संगठन और कार्यकर्ता उनके लिए सर्वोपरि है। शाक्य ने बताया कि उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष के सामने अपनी बात रखी है।



### फर्जीवाड़ा : सॉल्वर को परीक्षा दिलाकर बीएसएफ में पाई नौकरी

**जागरण, ग्वालियर।** देश की सुरक्षा से जुड़ी सीमा सुरक्षा बल की भर्ती प्रक्रिया में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जबलपुर के एक युवक दूसरे व्यक्ति से एसएससी परीक्षा और मेडिकल टेस्ट दिलाकर बीएसएफ में कॉन्स्टेबल की नौकरी हासिल कर ली। चयन के बाद वह बेंगलुरु स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर पहुंचा और 12 दिन तक ट्रेनिंग भी करता रहा। अंतिम बायोमेट्रिक जांच में फिंगरप्रिंट 100 प्रतिशत मिसमैच होने पर पूरा खेल उजागर हो गया। बुधवार को मामले में ग्वालियर के बिजौली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उस सॉल्वर के साथ पूरे गैंग की तलाश कर रही है, जिसने भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगाई। पुलिस और बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, जबलपुर के मनमोहन नगर, रांझी निवासी शिव सिंह का चयन एसएससी परीक्षा-2025 के जरिए कॉन्स्टेबल पद पर हुआ था। नियुक्ति मिलने के बाद वह 9 मार्च 2026 को बेंगलुरु स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर पहुंचा। ट्रेनिंग शुरू होने के 12 दिन बाद, 21 मार्च को दस्तावेजों के अंतिम सत्यापन और बायोमेट्रिक मिलान के दौरान उसके फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड से मेल नहीं खाए।

# बरगी क्रूज हादसा: जांच आयोग के समक्ष शिकायतकर्ताओं ने रखे कई तथ्य

## कलेक्टर के बयान और तकनीकी जांच नहीं होने पर उठाए सवाल

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश के जबलपुर के बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे की न्यायिक जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है। राज्य सरकार द्वारा गठित जस्टिस संजय द्विवेदी आयोग के समक्ष शिकायतकर्ताओं ने बयान दर्ज हो चुके हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं ने नए तथ्यों के साथ कुछ सवाल भी उठाए हैं। इनमें हादसे के बाद क्रूज और उसके इंजन को कथित रूप से तोड़े जाने, तकनीकी जांच नहीं होने और आपदा प्रबंधन में संभावित चूक जैसे मुद्दे शामिल हैं। सामाजिक कार्यकर्ता नीरज मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी और डॉ. पीजी नाजपांडे ने आयोग के समक्ष कहा कि हादसे के बाद बचे हुए क्रूज और उसके इंजन की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जानी चाहिए थी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विश्वभर में बड़े रेल, विमान और जलयान हादसों के बाद तकनीकी जांच कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाता है, लेकिन बरगी हादसे में ऐसा नहीं किया। उन्होंने हादसे के बाद क्रूज के क्षतिग्रस्त हिस्सों और इंजन को हटाने या तोड़ने की प्रक्रिया की भी जांच कराने की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने आयोग से मांग की कि हादसे के समय जिले में आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों, विशेषकर कलेक्टर के बयान भी दर्ज किए जाएं। साथ ही क्रूज के रखरखाव और तकनीकी परीक्षण से जुड़े कई पहलुओं की स्वतंत्र जांच आवश्यक है।


फाइल फोटो

### जल्द सौंपेंगे रिपोर्ट: आयोग

जस्टिस संजय द्विवेदी ने बताया कि अधिकांश शिकायतकर्ताओं और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। कुछ शेष बयानों के बाद जांच का अगला चरण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि आयोग घटनास्थल का निरीक्षण, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और संबंधित पक्षों से पूछताछ कर चुका है। जांच रिपोर्ट में जिम्मेदारियों और संभावित लापरवाही से जुड़े पहलुओं का उल्लेख किया जाएगा।

### वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने दो एमओयू

**भोपाल।** वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के बीच बुधवार को 2 एमओयू हुए हैं। इनका उद्देश्य नर्मदापुरम स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व तथा सिवनी स्थित पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण को समर्थन प्रदान करना है। समझौतों के अंतर्गत सतपुड़ा एवं पेंच टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण और आवास प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इनमें वॉच टावरों का निर्माण, वन गश्ती अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण, सौर ऊर्जा आधारित जल प्रणालियों की स्थापना, आक्रामक वनस्पति प्रजातियों का उन्मूलन तथा देशज घास भूमियों का पुनर्स्थापन शामिल है। ये समझौते दोनों टाइगर रिजर्व में जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन की स्थितियां बेहतर करने सहायक होंगे। इस अवसर पर डब्ल्यूसीएल प्रबंधन ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी अपनी सीएसआर के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण तथा भारत की समृद्ध प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण में निरंतर सार्थक योगदान दे रही है।

# क्लीन चिट देने वाले एसडीओ को फिर सौंपी स्टॉप डेम बहने की जांच

## आठ लाख की लागत में बना था डेम, पहली बारिश में ही बहा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के बालाघाट वन क्षेत्र में भ्रष्टाचार और लापरवाही की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार के मामले दबाने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उनकी पोल न खुल सके। एक ऐसा ही मामला एक स्टॉप डेम की जांच का सामना आया है, जिसकी एक बार जांच उन्हीं अधिकारी को सौंप दी गई है, जिन्होंने पहले इसी मामले में क्लीन चिट दे दी थी। गौरतलब है कि बालाघाट जिले के सामान्य वनमंडल लामता के माध्यम से कटंगनाला के कक्ष क्रमांक 1330 में वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के तहत स्टॉप डेम का निर्माण उत्तर से कराया गया था, लेकिन लगभग 8 लाख की लागत से यह डेम पहली ही बारिश में बह गया था। इस मामले की शिकायत हुई, तो वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी जांच कराई, लेकिन जांच रिपोर्ट में तब बताया गया कि क्षेत्र में असामान्य वर्षा की वजह से डेम बहा। इस रिपोर्ट के बाद पूरे मामले को फाइलों में बंद कर दिया गया। बताया गया है कि इस मामले पर मुख्यालय स्तर पर नए सिरे से शिकायत पहुंची, तो वनमंडाधिकारी को एक बार फिर से जांच कराने के निर्देश दिए गए। इस पर तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई गई, लेकिन हैरानी वाली बात यह है कि इस जांच टीम की जिम्मेदारी उन्हीं एसडीओ उकवा को सौंप दी गई, जिन्होंने पहले यह कहते हुए पूरे मामले को रफा-दफा कर दिया था कि असामान्य बारिश की वजह से स्टॉप डेम बहा है। सूत्रों की मानें तो जांच टीम की कमान एसडीओ उकवा को फिर से दिए जाने की शिकायत वनमुख्यालय से की गई है। जिसमें सवाल खड़े किए गए है कि यदि अगर जांच का जिम्मा उन्हीं हाथों में रहेगा जिन्होंने पहले ही सब कुछ ठीक बता दिया था, तो क्या दोषियों तक कभी जांच पहुंच पाएगी। शिकायत में कहा गया है कि यह पूरा मामला एक डेम के बहने से अकेले नहीं जुड़ा है,अलबत्ता पूरे महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने से जुड़ रहा है।

### पोल खुलने से बचने फिर शुरू हुआ काम

मामला वन मुख्यालय पहुंचा, तो संबंधित अधिकारियों ने अपनी पोल खुलने के डर से मौके पर मरम्मत कार्य शुरु करा दिया, जबकि इसके लिए न तो विभाग से स्वीकृत ली गई है और न हीं बजट या तकनीकी अनुमति, बल्कि आपसी कंट्रीब्यूशन कर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।

“एसडीओ उकवा द्वारा पहले सिंगल जांच कर प्रतिवेदन भेजा गया था। भोपाल के निर्देश पर अब पुनः जांच कराई जा रही है। तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

**आरएस ध्रुर्वे** डीएफओ बालाघाट

**तबादला** वन विभाग के उच्चाधिकारियों की तबादला सूची मंत्रालय में अटकी

# एसडीओ से सीएफ स्तर के अधिकारियों की सूची नहीं हो सकी जारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में तबादलों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग गया है। कई विभागों ने बीती रात सूचियां जारी कर अपने अधिकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया, लेकिन वन विभाग में एसडीओ से लेकर सीएफ स्तर से अधिकारियों की सूची तैयार होने के बाद भी जारी नहीं हो सकी। गौरतलब है कि वन विभाग में एसडीओ, डीएफओ और सीएफ स्तर के अधिकारियों को बदलने के लिए पिछले एक सप्ताह से वन मुख्यालय से लेकर मंत्रालय तक में कवायद की जा रही थी। सूची भी लगभग तैयार हो चुकी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी स्थानांतरण सूची जारी नहीं हो सकी। सूत्रों की मानें तो इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभाग को जो दिशा निर्देश देते हुए मापदंड तय किए थे, उसके आधार पर न तो अनुविभागीय अधिकारी वन (एसडीओ) और वनमंडाधिकारियों की सूची बनाई गई थी और न ही सीएफ स्तर के अफसरों की। ऐसे में जब सूची मंत्रालय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुंची, तो उन्होंने तबादला सूची पर रोक लगा दी। ऐसी उम्मीद है कि जल्द ही यह सूची जारी कर दी जाएगी। हालांकि मंगलवार और बुधवार की दरिम्यानी रात्रि वन विभाग ने 31 रेंजर बदल दिए, इनमें विवादित रहे रेंज बृजेंद्र पांडेय का भी नाम शामिल है।

### रेंजरों के हुए तबादले

- स्वाती सिन्हा -उत्पादन वनमंडल सिवनी से रेंज छपारा, सामान्य वनमंडल उत्तर सिवनी।
- मिथुन सिसोदिया परिक्षेत्र बजाग, उत्पादन वनमंडल डिण्डौरी से परिक्षेत्र इछावर, सामान्य वनमंडल सीहोर।
- विक्रम सिंह भदौरिया परिक्षेत्र पश्चिम कालीभीत, सामान्य वन मंडल खंडवा से संजय टाईगर रिजर्व
- प्रतीक जैन सामाजिक वानिकी वन वृत्त ग्वालियर से कूनो वन्यप्राणी वनमंडल श्योपुर।
- प्रतीक श्रीवास्तव परिक्षेत्र ढाना सामान्य वनमंडल दक्षिण सागर से नौरादेही वन्य प्राणी सागर।
- राजेन्द्र सिंह पस्तौर, परिक्षेत्र बडामलाहरा, सामान्य वनमंडल छतरपुर से परिक्षेत्र बक्सवाहा, सामान्य वनमंडल छतरपुर।
- अम्बुज पाण्डेय परिक्षेत्र रीवा सामान्य वनमंडल रीवा से छतरपुर सामान्य वनमंडल छतरपुर।
- शौर्य खरे उत्पादन वनमंडल खण्डवा से परिक्षेत्र जिनवानी, सामान्य वनमंडल देवास।
- शरद सिंह परिक्षेत्र छपारा उत्तर सिवनी से परिक्षेत्र शिकारा, सामान्य वनमंडल सिवनी।
- उत्तम मिश्रा परिक्षेत्र लखनादोन, उत्तर सिवनी (सा.) वनमंडल से परिक्षेत्र मेहदवानी, सामान्य वनमंडल डिंडौरी।
- अंकित नरवरे सहायक अनुदेशक, वन विद्यालय उत्तर सिवनी से पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी।
- अर्जुन सिंह बाजवा परिक्षेत्र अधिकारी घुनघुटी, उमरिया से परिक्षेत्र सगौनी, सामान्य वनमंडल दमोह।
- राहुल पुरोहित पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना से परिक्षेत्र ओरछा, सामान्य वनमंडल निवाडी।
- गजानंद बिरला परिक्षेत्र बागली देवास से परिक्षेत्र कुक्षी, सामान्य वनमंडल धार।
- नीरज पाण्डेय परिक्षेत्र तेजगढ दमोह से परिक्षेत्र शाहपुर, सामान्य वनमंडल डिंडौरी।
- शैलजा ठाकुर जागेत सामाजिक वानिकी वृत्त, ग्वालियर से राज्य वन विकास निगम भोपाल
- ज्योत्सना खोब्रागडे, राज्य वन विकास निगम भोपाल से वन परिक्षेत्र भैंसदेही, दक्षिण सामान्य वनमंडल बैतूल।
- दीपक श्रीवास्तव परिक्षेत्र नजीराबाद भोपाल से परिक्षेत्र समर्धा, सामान्य वनमंडल भोपाल।
- सौरभ सिंह शरनागत परिक्षेत्र बिरसा दमोह सामान्य से उत्तर बालाघाट परिक्षेत्र पूर्व हर्रई, सामान्य वनमंडल पूर्व छिदवाड़ा।
- कैलाश नारायण शर्मा कार्यवाहक वनक्षेत्रपाल वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल से कार्यवाहक वनक्षेत्रपाल गेमरेंज घाटीगांव, सामान्य वनमंडल ग्वालियर।
- प्रशांत कुमार खरे परिक्षेत्र देलावाडी औबेदुल्लागंज से परिक्षेत्र सीहोर, सामान्य वनमंडल सीहोर
- अजेन्द्र सिंह परिक्षेत्र अहिरगवां अनूपपुर से परिक्षेत्र उत्तर समनापुर डिण्डौरी
- बृजेन्द्र पाण्डेय परिक्षेत्र बरौंधा सतना से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी
- पंकज दुबे परिक्षेत्र अजयगढ उत्तर पन्ना से परिक्षेत्र पवई, सामान्य वनमंडल दक्षिण पन्ना
- राहुल सिंह सिकरवार पन्ना टाईगर रिजर्व पन्ना से परिक्षेत्र देवेन्द्रनगर, सामान्य वनमंडल उत्तर पन्ना
- हिमांशु राय परिक्षेत्र बालाघाट दक्षिण बालाघाट से पूर्व लांजी, सामान्य वनमंडल दक्षिण बालाघाट
- दीपक कुमार चौधरी परिक्षेत्र देलाखारी पश्चिम छिंदवाड़ा से परिक्षेत्र बिरसा दमोह, सामान्य वनमंडल उत्तर बालाघाट
- मोनिका ठाकुर वन्यप्राणी अभ्यारण्य नरसिंहगढ़ से माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी
- अभिषेक कुमार गुप्ता उत्पादन वनमंडल मण्डला से परिक्षेत्र डिंडोरी, सामान्य वनमंडल डिंडोरी
- ओम प्रकाश बिरला परिक्षेत्र झाबुआ से परिक्षेत्र रतनगढ, सामान्य वनमंडल नीमच
- रूपकिशोर दीक्षित माधव टाईगर रिजर्व, शिवपुरी से परिक्षेत्र भिण्ड, सामान्य वनमंडल भिण्ड

# मेट्रो: जुलाई से शुरू होगा ऑरेंज लाइन का सिग्नलिंग सिस्टम

## बदलेगा टाइम का शेडयूल, तेज गति से पूरा हो सकेगा सफर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जल्द ही मेट्रो की सुस्त रफ्तार और लंबे इंतजार से मुक्ति मिलने वाली है। सुभाष नगर से एम्स के बीच करीब 7 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर सिग्नलिंग सिस्टम न होने के कारण मेट्रो बेहद धीमी गति से चल रही है, जिसकी लगातार आलोचना हो रही है। सुरक्षा कारणों से अभी केवल डाउन ट्रैक का ही उपयोग दोनों दिशाओं में आवागमन के लिए किया जा रहा है, जिससे ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी 75 मिनट है और मेट्रो का संचालन भी सीमित समय के लिए हो पा रहा है। लेकिन अब इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सुभाष नगर से एम्स के बीच प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सिग्नलिंग का काम पूरा कर लिया गया है, जिससे जुलाई में नया शेड्यूल जारी होते ही मेट्रो नए कलेवर में नजर आएगी। इस नए सिस्टम को हरी झंडी देने के लिए कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम अगले सप्ताह भोपाल आ सकती है, जबकि असिस्टेंट कमिश्नर की टीम पहले ही प्राथमिक निरीक्षण कर चुकी है।

### कम होगा यात्रियों का वेटिंग पीरियड

तकनीकी जानकारों के अनुसार, सिग्नलिंग सिस्टम किसी भी मेट्रो नेटवर्क की रीढ़ होता है, जिसके बिना मल्टी-ट्रैक और ऑटोमेटेड ऑपरेशन संभव नहीं है। यह प्रणाली न केवल ट्रेनों की अधिकतम और न्यूनतम गति को स्वचालित रूप से नियंत्रित करती है, बल्कि आपातकालीन नियंत्रण संभालते हुए दो ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी भी बनाए रखती है। इस अत्याधुनिक तकनीक के सक्रिय होने से भोपाल मेट्रो अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कर सकेगी। आगामी जुलाई माह से इस सिस्टम के लाइव होने के बाद यात्रियों का प्रतीक्षा समय बेहद कम रह जाएगा और भोपाल मेट्रो एक तीव्र, सुरक्षित तथा आधुनिक सार्वजनिक परिवहन के रूप में शहर की नई लाइफलाइन बनकर उभरेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रिया सुसाइड केस के लिए सरकार जिम्मेदार: राहुल



**देहरादून, जेएनएन।** रिया सुसाइड केस के मामले में कांग्रेस ने सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना को नीट पेपर लीक और री-एग्जाम के दबाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रिया एक टूटी और भ्रष्ट व्यवस्था की शिकार हुई है। देहरादून के चंद्रमणि कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय रिया कुमारी ने मंगलवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह पूर्व सैनिक राजेश मल्ल थापा की बेटी थीं। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने खुद को 'बोझ' बताते हुए इस कदम के लिए जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया है, जिससे आत्महत्या का कारण किसी विशेष परीक्षा को माना जा सके।

### प्रेमी से बात करने का विरोध करने पर पति की हत्या



**कानपुर, जेएनएन।** कानपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां व्यक्ति पर उसकी पत्नी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि घटना के समय महिला अपने कथित प्रेमी से फोन पर बात कर रही थी। पति द्वारा इसका विरोध किए जाने पर विवाद बढ़ गया और बाद में उस पर चाकू से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने 11 दिन तक अस्पताल में इलाज कराया, लेकिन मंगलवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। दरअसल फीलखाना थाना क्षेत्र के बालाजी धाम निवासी कारोबारी रामकिशोर गुप्ता के बेटे मनीष गुप्ता (45) किराना बाजार में ब्रोकर का काम करते थे। इसी दौरान उनकी पहचान बिरहाना रोड स्थित एक स्कूल में शिक्षिका निहारिका कश्यप से हुई थी।

### गुजरात में सड़क हादसे में 6 की मौत, 31 घायल



**वडोदरा, जेएनएन।** गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। 31 लोग घायल हैं। मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बालाजी ट्रैवल्स की लग्जरी बस राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही थी। वडोदरा में बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री बस में फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और वडोदरा फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण इलाके में लंबा जाम लग गया था। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जाम खुलवाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### खरगे को विशेषाधिकार हनन का थमाया नोटिस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर की गई टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा के छह सांसदों ने खरगे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री के बारे में सदन में 'अपमानजनक' और 'असम्मानजनक' टिप्पणी की, जिससे सदन की गरिमा और संसदीय परंपराओं का उल्लंघन हुआ है। इसी आधार पर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दाखिल किया गया। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इस नोटिस पर संज्ञान लेते हुए इसे आगे की जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेज दिया है।

## डल झील की लहरों पर 'खेत बचाने' की जंग



जम्मू-कश्मीर के कृषि विभाग द्वारा श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत एक विशेष नौका (शिकारा) रैली का आयोजन किया गया था। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को कृषि भूमि के संरक्षण, संधारणीय खेती और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

### सर्वे में खुलासा

## 84% भारतीयों ने माना वे झेल रहे हैं ग्लोबल वार्मिंग



*भारत में अत्यधिक गर्मी लोगों के लिए बड़ी परेशानी और चिंता का कारण बन चुकी है। एक नए राष्ट्रीय सर्वे के मुताबिक, हर चार में से तीन भारतीय इस भीषण गर्मी और लू को लेकर बेहद चिंतित हैं। साल 2011 के आंकड़ों से तुलना करें, तो ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापमान वृद्धि) के बुरे प्रभावों को लेकर चिंतित लोगों की संख्या में 84 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। येल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज कम्युनिकेशन और सीवोटर इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया यह छठा राष्ट्रीय सर्वे है।*

| | |
|---|---|
| **92%** लोगों ने माना ग्लोबल वार्मिंग बेहद गंभीर मुद्दा | **34%** ज्यादा गर्मी महसूस की 2011 की तुलना में |
| **14%** लोग ग्लोबल वार्मिंग के असर से असहमत | **28%** अंक बहुत अधिक चिंतित लोगों की संख्या |
| **57%** ने माना कि ग्लोबल वार्मिंग से हो रहा नुकसान | **18%** का मानना है कि अगले 10 वर्षों में होगा भीषण असर |

**5,427** वयस्कों का रिसर्चर्स ने लिया इंटरव्यू

# ईरान-अमेरिका समझौता आज संभव ट्रंप बोले- शर्तें न मानीं तो बरसेंगे बम

### साथ ही ईरान को चेताया, कहा- अभी सिर्फ बातचीत, समझौता फाइनल नहीं

**वाशिंगटन डीसी/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के समझौते पर बातचीत के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ हुआ समझौता अभी फाइनल नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि स्विटजरलैंड में गुरुवार को ही डील पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के साथ समझौते पर 'जल्द ही' हस्ताक्षर हो जाएंगे और संभवतः आज ही, क्योंकि अमेरिकी अधिकारियों ने समझौते के विवरण का खुलासा किया है।

जी7 में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच फिलहाल सिर्फ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ है और अभी कई बातें तय होना बाकी हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान समझौते की शर्तों का पालन नहीं करता, तो अमेरिका फिर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, 'अगर उन्होंने ठीक से व्यवहार नहीं किया, तो हम फिर बम बरसाएंगे।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के साथ समझौते से बाजारों में भरोसा बढ़ा है और इसका असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अगले एक-दो दिन में खुल जाएगा। उनके मुताबिक, समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति बराक ओबामा पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2015 के परमाणु समझौते के दौरान ईरान को रिश्वत देने की कोशिश की थी।

फ्रांस में जी 7 समिट के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, 'ओबामा के समय हुए न्यूक्लियर डील में ईरान को 1.7 अरब डॉलर नकद दिए गए थे।

### अमेरिका ने जारी किया 14 बिंदुओं का एमओयू मसौदा



संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) ने बुधवार को ईरान के साथ सप्ताहांत में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आधिकारिक मसौदा जारी कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस 14-सूत्रीय दस्तावेज को पढ़कर सुनाया जिसमें ईरान के उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम, लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही जैसे संवेदनशील मुद्दों को शामिल किया गया है। समझौते के मसौदे में ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम को कम संवर्धित स्तर पर लाने के लिए एक नया न्यूनतम मानक तय किया गया है। इसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंताओं को कम करना और परमाणु गतिविधियों पर अधिक निगरानी सुनिश्चित करना है। यह प्रावधान समझौते का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। मसौदे में लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा सुनिश्चित करने का भी प्रावधान शामिल है। वहीं, होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही को लेकर समझौते में केवल 60 दिनों तक बिना शुल्क के मार्ग उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। हालांकि भविष्य में शुल्क लगाने की संभावना को पूरी तरह खत्म नहीं किया गया है।

### ईरान-अमेरिका समझौता ज्ञापन पर एक माउंटेन रिसॉर्ट में साइन किया जाएगा: स्विस सरकार

**बर्न, जेएनएन।** स्विट्जरलैंड के संघीय विदेश विभाग ने घोषणा की है कि मध्य पूर्व में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान और अमेरिका के बीच एक अंतरिम समझौते के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षर समारोह 19 जून को मध्य स्विट्जरलैंड के बुर्गेनस्टॉक माउंटेन रिजॉर्ट में होने वाला है। एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि वह तेहरान और वाशिंगटन के बीच 'मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग' (एमओयू) के संबंध में संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान, पाकिस्तान और कतर के साथ करीबी संपर्क में है। बयान के अनुसार, समारोह का स्थल निडवाल्डन केंटन में बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट है, जिसे पाकिस्तानी और कतरी मध्यस्थों के साथ-साथ ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मेजबान स्थान के रूप में प्रस्तावित किया गया था। बुर्गेनस्टॉक स्विट्जरलैंड में अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों और राजनयिक वार्ताओं की मेजबानी के लिए एक प्रसिद्ध स्थान है।

# अमेरिका ने सबसे बड़े सैन्य कमांड से 'इंडो' शब्द हटाया

### ट्रंप सरकार ने यूएस पैसिफिक कमांड किया नाम







**वाशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड (यूएसइंडोपाकॉम) का नाम बदलकर फिर से यूएस पैसिफिक कमांड (यूएसपाकॉम) कर दिया गया है। अब इस कमांड से 'इंडो' शब्द हटा दिया गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने 2018 में कमांड के नाम में बदलाव किया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि हिंद महासागर (इंडियन ओशियन) क्षेत्र का रणनीतिक महत्व बढ़ रहा है और यह क्षेत्र प्रशांत महासागर की सुरक्षा व्यवस्था से पहले की तुलना में ज्यादा जुड़ गया है। 2018 में अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने इस सैन्य कमांड का नाम बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड कर दिया था।

अमेरिका का कहना था कि हिंद महासागर का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हिंद महासागर तथा प्रशांत महासागर की सुरक्षा और रणनीति एक-दूसरे से पहले से ज्यादा जुड़ गई हैं। इसलिए कमांड के नाम में इंडो (हिंद महासागर) को भी शामिल किया गया था। बता दें कि अमेरिकी सेना पूरी दुनिया को अलग-अलग क्षेत्रों में बांटकर चलती है। इनके लिए 11 कमांड हैं। इनमें से 6 स्ट्रैटेजिक और 5 फंक्शनल कमांड हैं। यूएस पैसिफिक स्ट्रैटेजिक कमांड का हिस्सा है।

### कांग्रेस का तंज: 'विश्वगुरु का दावा हुआ बेनकाब'



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अमेरिका के इंडो-पैसिफिक कमांड से जुड़े मुद्दे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि जिस फैसले को कभी भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत का प्रतीक बताया गया था, आज उसी से भारत का नाम हट जाना सरकार की विदेश नीति पर बड़ा सवाल है। 2018 में अमेरिका ने अपने कमांड का नाम यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड रखा था। तब मोदी सरकार ने इसे अपनी जीत बताया था और मोदी के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटा था।

## लंदन में बच्चों संग छुट्टियां मना रहे विराट और अनुष्का

**लंदन, जेएनएन।** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली इस समय लंदन में फैमिली टाइम बिता रहे हैं। हाल ही में अनुष्का, विराट और उनके बेटे अकाय की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इन तस्वीरों में विराट अपने बेटे अकाय को कंधे पर उठाए नजर आ रहे हैं। अनुष्का भी इस आउटिंग में अपने परिवार और दोस्तों के साथ काफी रिलेक्स्ड अंदाज में दिखीं। लंबे समय से लाइमलाइट से दूर रह रहीं अनुष्का और विराट इन दिनों अपने बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। तस्वीरों में अनुष्का और विराट यूके के किसी पार्क में धूप का आनंद लेते हुए दिख रहे हैं। एक अन्य फोटो में यह कपल अपने दोस्तों के साथ बातचीत करता हुआ नजर आ रहा है। यह पूरा परिवार फिलहाल क्रिकेट से दूर अपने पर्सनल समय का आनंद ले रहा है। पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि अकाय के जन्म के बाद से ही अनुष्का और विराट ने अपना घर लंदन शिफ्ट कर लिया है, हालांकि कपल की तरफ से इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।






## हल्दीघाटी में महाराणा जीते लेकिन चर्चा उल्टी: भागवत



**उदयपुर, जेएनएन।** उदयपुर में राष्ट्र चेतना संकल्प सभा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध को लेकर इतिहासकारों ने केवल नैरेटिव बनाया। युद्ध में केवल जीत महाराणा प्रताप की हुई थी। मुगलों के ही इतिहासकार लिखते हैं कि मुगलों को पीछे खिसकना पड़ा। फिर विजय किसकी हुई? हल्दीघाटी में विजय का ही परिणाम है कि आज महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जा रही है, अकबर की जयंती कोई नहीं मनाता है। दरअसल, महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती और हल्दीघाटी विजय के 450 साल पूरे होने पर उदयपुर में तीन दिवसीय कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को उदयपुर के गांधी ग्राउंड में सभा का आयोजन किया गया। संकल्प सभा में निम्बार्क पीठ के पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य ने कहा कि निर्मल कीचड़ से कमल का जन्म होता है। जबकि, मलयुक्त कीचड़ से केवल कॉकरोच का जन्म होता है। हमें ध्यान रखना होगा कि हमें केवल निर्मल कमल की ओर ही बढ़ना होगा। पीठाधीश्वर के कॉकरोच की बात करने पर मोहन भागवत भी मुस्कुराने लगे।

## दंपत्ति का हाईवोल्टेज विवाद हाईटेंशन के खंभे पर चढ़ा पति



**जागरण, अशोकनगर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र में घरेलू कलह का एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने कुछ देर के लिए पूरी पुलिस टीम और स्थानीय लोगों की सांसें अटका दीं। घर में दंपत्ति के बीच हुआ विवाद उस समय बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया, जब नाराज पति रामकृष्ण गुस्से में घर छोड़कर सीधे हाईटेंशन बिजली लाइन के खंभे पर जा चढ़ा। युवक खंभे पर काफी ऊपर तक पहुंच गया था, जिससे स्थिति बेहद नाजुक हो गई थी। अगर युवक थोड़ा भी और ऊपर बढ़ता तो वह सीधे मौत के करंट की चपेट में आ जाता, और यदि घबराहट या संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरता तो भी उसकी जान को गंभीर खतरा था। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की एफआरवी और चीता मोबाइल टीम बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंची। खंभे पर चढ़े युवक को देखकर पुलिसकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और बेहद धैर्य के साथ उसे समझाना शुरू किया। पुलिस ने काफी देर तक युवक से बातचीत की, उसकी नाराजगी को शांत किया और आखिरकार सूझबूझ से उसे सुरक्षित नीचे उतारने में कामयाबी हासिल की। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

### एलजी का दावा

### एलजी ने पेश किया 'जीरो लेबर होम' का सिद्धांत, लाया 'एलजी क्लॉइड' रोबोट

# अब बिना हाथ हिलाए मिलेगा नाश्ता, धुल जाएंगे कपड़े

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'क्या आपने कभी सोचा है कि सुबह उठते ही आपको बिना हाथ हिलाए नाश्ता मिल जाए, फ्रिज से दूध खुद बाहर आ जाए और कपड़े धुलकर, सूखकर, तय होकर अलमारी में पहुंच जाएं? सुनने में यह किसी साइंस-फिक्शन फिल्म जैसा लगता है, लेकिन कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स की दिग्गज कंपनी एलजी इसे हकीकत बनाने जा रही है। एसी और फ्रिज बेचने वाली एलजी अब आपके घरों में 'एलजी क्लॉइड' रोबोट भेजने की तैयारी में है, जो आपके घर को 'जीरो लेबर होम' बना देगा। यह एक रोबोट है जिसे पहली बार कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो यानी सीईएस में दिखाया गया था। एलजी ने को बताया है कि कंपनी पहली बार 'फिजिकल एआई' तकनीक को फैक्ट्री से निकालकर सीधे लोगों के घरों तक ला



### करोड़ों यूजर्स के डेटा से मिली ट्रेनिंग

एलजी का कहना है कि दुनियाभर में करोड़ों यूजर्स एलजी के स्मार्ट होम अप्लायंसेज उपयोग करते हैं। उनकी आदतों से मिले डेटा ने कंपनी के रोबोट को ट्रेनिंग देने में मदद की है। एलजी ने पहली बार रोबोट नहीं बनाया है। इस क्षेत्र में उसके पास 20 साल का अनुभव है। हालांकि अभी तक वह घरेलू, बिजनेस और इंडस्ट्री के लिए ही रोबोट बना रही थी। कंपनी के अनुसार, उसके पास एक 'फिजिकल एआई इकोसिस्टम' है, जिससे उसे होम रोबोट बनाने में सफलता मिली है।

### थिंकक्यू ऐप से जुड़े होम डिवाइसेज के साथ मिलकर करेगा काम

एलजी के अनुसार, उसके रोबोट ऐसे घरों में काम आएंगे जहां इंटरनेट कनेक्टेड डिवाइसेज उपयोग की जाती हैं। रोबोट और फिजिकल एआई सिस्टम किसी घर को 'जीरो लेबर होम' में बदल देगा। यानी एक ऐसा घर जहां कामकाज संभालने वाली मशीनें होंगी, इंसान नहीं। लोगों के दखल के बिना उस घर के सारे काम अपने आप पूरे हो जाएंगे। एलजी क्लॉइड रोबोट कंपनी के थिंकक्यू एप से जुड़े होम डिवाइसेज के साथ मिलकर काम करता है। फिलहाल इसे छोटे-मोटे कामों के लिए ट्रेंड किया गया है। कंपनी का कहना है कि वह घर में ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहती है जहां रोबोट सिर्फ निर्देश ना माने, बल्कि लोगों की आदतों को भी समझे। एलजी ने अपना पहला रोबोट जोकि एक वैक्यूम क्लीनर था, साल 2003 में बनाया था। उसके बाद से कंपनी ने कमर्शल, लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स के क्षेत्रों के लिए कई रोबोट बनाए।

### एलजी क्लॉइड की खास बातें

- एलजी क्लॉइड को घरेलू कामों के लिए बनाया गया है। यह यह रोबोट फ्रिज से दूध निकालता है और नाश्ता तैयार करने के लिए ओवन में ब्रेड रख सकता है।
- यह कपड़ों को धोने के लिए लॉन्ड्री साइकल शुरू कर सकता है। सूखने के बाद कपड़ों को फोल्ड और उन्हें संभाल सकता है।
- इस रोबोट शरीर की बनावट में एक हेड यूनिट (सिर), दो लचीले हाथों वाला धड़ (टॉर्सो) और ऑटोनॉमस नेविगेशन से लैस पहियों वाला बेस शामिल है।
- रोबोट का धड़ अपनी ऊंचाई को एडजस्ट करने के लिए झुक सकता है। इसके हर हाथ में 7 डिग्री ऑफ फ्रीडम है जिससे यह इंसानी हाथ की तरह काम करता है।
- रोबोट के हर हाथ में 5 अंगुलियां हैं। इस वजह से यह घर की कई तरह की चीजों को संभाल सकता है।

## मिट्टी धंसने से कुएं में दबी सास-बहू 7 घंटे मशक्कत के बाद निकाले शव

**जागरण, ब्यावरा ।** प्रदेश के राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के बामनगांव (छोटी) में बुधवार को निर्माणाधीन कुएं में हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत हो गई। दोपहर करीब एक बजे हुए इस हादसे में जनपद सदस्य एवं स्थानीय कांग्रेस नेता की 60 वर्षीय मां रूपाबाई और 30 वर्षीय पत्नी पिंकीबाई मिट्टी धंसने से कुएं में दब गई थीं। प्रशासन, पुलिस और रेस्क्यू टीम ने करीब सात घंटे तक लगातार राहत एवं बचाव अभियान चलाया। देर शाम दोनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार बामनगांव में एक निजी खेत पर लगभग 50 फीट गहरे नए कुएं का निर्माण कार्य चल रहा था। हादसे के समय रूपा और पिंकी कुएं के किनारों पर पड़ी मिट्टी और निर्माण सामग्री को समेट रही थीं। इसी दौरान कुएं के आसपास की भुरभुरी और कमजोर मिट्टी अचानक भर-भराकर धंस गई। मिट्टी और पत्थरों का बड़ा हिस्सा नीचे गिरने के साथ दोनों महिलाएं भी उसकी चपेट में आकर गहरे कुएं में जा गिरीं। देखते ही देखते भारी मात्रा में मिट्टी और मलबा कुएं में भर गया, जिससे दोनों महिलाएं दब गईं। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन भारी मलबे और कुएं की गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। एसडीएम अंकिता जैन, पुलिस अधिकारी और राजस्व विभाग का अमला तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। विधायक हजारीलाल दांगी ने भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की जानकारी ली। रेस्क्यू अभियान के लिए तीन जेसीबी मशीनों और पोकलेन मशीन को लगाया गया।

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

347

77,156

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Trent | 3,115.00 | 7.07% |
| Bharat Elec | 422.40 | 3.02% |
| Hindalco | 1,011.60 | 2.60% |
| Eternal | 262.50 | 1.89% |
| Tata Steel | 199.50 | 1.54% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| TMPV | 355.00 | -8.30% |
| Cipla | 1,341.10 | -1.63% |
| ONGC | 244.00 | -1.29% |
| Bajaj Finserv | 1,751.60 | -1.27% |
| Axis Bank | 1,349.30 | -1.08% |

**फोरेक्स रेट**

| | मुद्रा | बिक्री |
|---|---|---|
| $ | डॉलर | 94,5300 |
| € | यूरो | 109.69 |
| ¥ | येन | 0.5900 |
| £ | पौंड | 126.83 |

# 6.89 लाख की सिट्रोएन ई-सीउएक्स: 320किमी रेंज, मिनटों में चार्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हर महीने भारत में अलग-अलग कंपनियां अपनी नई गाड़ियों और मोटरसाइकलों को लॉन्च करती हैं। कभी किसी गाड़ी का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च होता है तो कभी कोई बिल्कुल नई गाड़ी मार्केट में आती है। सिट्रोएन ने भारत में अपनी नई इलेक्ट्रिक कार ई-सीउएक्स लॉन्च कर दी है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6.89 लाख रुपये रखी गई है। इसे स्पोर्टी क्रॉसओवर लुक दिया गया है। इसमें नए एलईडी हेडलाइट्स, स्प्लिट एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स और आगे फॉग लैंप्स दिए गए हैं।नई सिट्रोन ई-सीउएक्स में पहले की तरह 29.2केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक दिया गया है, जिसे एक सिंगल इलेक्ट्रिक मोटर से जोड़ा गया है। यह मोटर 56 बीएचपी की पावर और 143 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि यह इलेक्ट्रिक कार एक बार फुल चार्ज होने पर 320 किलोमीटर तक की ड्राइविंग रेंज देने में सक्षम है। चार्जिंग की बात करें तो सिट्रोन ई-सीउएक्स में डीसी फास्ट चार्जिंग का विकल्प भी मिलता है। इसकी मदद से बैटरी को 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक केवल 57 मिनट में चार्ज किया जा सकता है। सिट्रोएन अपनी कारों में शानदार सस्पेंशन और आरामदायक सीटों के लिए जानी जाती है। इसमें भी काफी अच्छी सीटे दी गई हैं। भारत की भीषण गर्मी को देखते हुए इसमें एक अपग्रेड किया गया क्लाइमेट कंट्रोल एसी सिस्टम दिया गया है, जो बहुत तेजी से केबिन को ठंडा करता है। कार के अंदर इलेक्ट्रिक ब्लू थीम वाला डैशबोर्ड दिया गया है। वेरिएंट के हिसाब से ग्राहक नीले रंग के इंसर्ट्स वाली लेदर की सीटें या फैब्रिक की सीटें चुन सकते हैं। कार में सामान रखने के लिए 315-लीटर का बड़ा बूट स्पेस (डिग्गी) दिया गया है।




### कैसी दिखती है ई-सीउएक्स

*सिट्रोएन ई-सीउएक्स को एक मजबूत और स्पोर्टी क्रॉसओवर लुक दिया गया है। इसमें नए एलईडी हेडलाइट्स, स्प्लिट एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स (डीआरएलएस) और आगे फॉग लैंप्स दिए गए हैं। कार में 15-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स, आगे और पीछे सेफ्टी के लिए स्किड प्लेट्स और ऑटो-फोल्ड होने वाले साइड वाले शीशे (ओआरवीएम्स) दिए गए हैं। उबड़-खाबड़ रास्तों के लिए इसमें 170एमएम का अच्छा ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है और कम जगह में मोड़ने के लिए 4.98 मीटर का बेहतरीन टर्निंग रेडियस दिया गया है।*

### बैटरी खरीदना जरूरी नहीं

आप बैटरी-एज-ए-सर्विस प्लान के तहत इस इलेक्ट्रिक कार को खरीद सकते हैं। इसके तहत कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6.89 लाख रुपये है। इसमें आपको कार की बैटरी खरीदने की जरूरत नहीं है। आप गाड़ी को जितना चलाएंगे, उस हिसाब से 2.26 प्रति किलोमीटर की दर से आपको भुगतान करना होगा। इससे शुरुआत में कार खरीदना काफी सस्ता हो जाता है। अगर आप बैटरी किराए पर नहीं लेना चाहते और कार बैटरी के साथ खरीदना चाहते हैं, तो इसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.25 लाख है।

# स्पेसएक्स दुनिया की 5वीं सबसे मूल्यवान कंपनी बनी, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन को पीछे छोड़ा

**एलन मस्क की एक दिन की कमाई वारेन बफे की पूरी लाइफ टाइम कमाई 148 अरब डॉलर से ज्यादा**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इलॉन मस्क की स्पेस और एआई कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में मंगलवार को 14 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया, जिससे कंपनी का मार्केट कैप 2.85 ट्रिलियन (करीब 240 लाख करोड़ रुपए) से भी अधिक हो चुकी है कंपनी के मार्केट कैप में आई इस तेजी के साथ स्पेसएक्स ने टेक कंपनी अमेजन को पीछे छोड़ दिया है और कुछ समय के लिए माइक्रोसॉफ्ट से भी आगे निकल गई थी। स्पेसएक्स अब दुनिया की पांचवी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है।

### शेयरों से एक दिन में कमाए 14 लाख करोड़

सोमवार को स्पेसएक्स के शेयरों में 20 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया था। इससे इलॉन मस्क ने सिर्फ एक दिन में 164 अरब डॉलर यानी करीब 15.5 लाख करोड़ रुपए कमा लिए। यह वॉरेन बफे की पूरी लाइफ टाइम कमाई 148 अरब डॉलर यानी करीब 14 लाख करोड़ रुपए से 11 प्रतिशत ज्यादा है। वॉल स्ट्रीट पर लिस्टिंग के कुछ ही दिन बाद निवेशक लगातार इस स्टॉक में खरीदारी कर रहे हैं।

### ऑप्शंस ट्रेडिंग शुरू होने से निवेशकों का उत्साह बढ़ा

मंगलवार को स्पेसएक्स के शेयरों से जुड़े ऑप्शंस में ट्रेडिंग शुरू हो गई, जिससे निवेशकों में रुचि और बढ़ गई है। बाजार सहभागियों को अब इस नए लिस्टेड स्टॉक की दिशा पर दांव लगाने का एक नया जरिया मिल गया है। स्पॉटगामा ऑप्शंस एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म के फाउंडर ब्रेंट कोचुबा ने बताया कि मंगलवार से एसपीसीएक्स ऑप्शंस लॉन्च हो गए हैं, जो स्टैंडर्ड मंथली एक्सपायरी और 25 से 380 तक की स्ट्राइक प्राइस की सुविधा दे रहे हैं।




### मार्केट कैप 2.85 ट्रिलियन डॉलर पहुंचा

यह स्पेस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी मंगलवार को 220 पर ट्रेड कर रही थी, जो एक दिन में 14.3 प्रतिशत की बढ़त है। यह कीमत इसके 135 के आईपीओ प्राइस से 62 प्रतिशत से अधिक ऊपर है। इस स्तर पर स्पेसएक्स की कुल वैल्यू करीब 2.85 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है, जिसने इसे दुनिया की पांच सबसे मूल्यवान कंपनियों में शामिल कर दिया है। यह कंपनी नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स में बढ़त दर्ज कराने वाली सबसे बड़ी योगदानकर्ता रही है।

### अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट से भी आगे निकली

इस तेजी के साथ स्पेसएक्स ने अमेजन को पीछे छोड़ दिया है, जिसका मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 2.64 ट्रिलियन डॉलर है। इसके अलावा कंपनी ने कुछ समय के लिए माइक्रोसॉफ्ट को भी पीछे छोड़ दिया था, जिसकी वैल्यू लगभग 2.92 ट्रिलियन डॉलर है, हालांकि बाद में स्पेसएक्स थोड़ा नीचे आ गई। वर्तमान में दुनिया की तीन सबसे बड़ी कंपनियां 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का मार्केट वैल्यूएशन रखती हैं।

### वैल्यूएशन पर सवाल: एक्सपर्ट ने बताया सट्टेबाजी

इतनी भारी बढ़त के बावजूद बाजार के कुछ जानकारों ने इस बात पर सवाल उठाए हैं कि क्या यह वैल्यूएशन पूरी तरह सही है। स्विसकोट बैंक की सीनियर मार्केट एनालिस्ट इपेक ओजकार्डेसकाया ने कहा, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि आज के समय में इस वैल्यूएशन का कोई मतलब नहीं बनता है। लोग स्पेसएक्स को इस उम्मीद में खरीद रहे हैं कि दूसरे लोग भी इसे खरीदेंगे और कीमत को और ऊपर ले जाएंगे- यह सिर्फ एक सट्टेबाजी है।

## टेस्ला ने हैदराबाद में खोला 5वां सेंटर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला ने बुधवार को हैदराबाद के हाईटेक सिटी में अपना 5वां एक्सपीरियंस सेंटर खोलकर अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है, जहां ग्राहक नई 2026 मॉडल वाई प्रीमियम रियर-व्हील ड्राइव और मॉडल वाई एल को करीब से देख सकेंगे। टेस्ला के बयान में कहा गया है कि यहां आने वाले लोग टेस्ला के सलाहकारों की मदद से इन वाहनों का विस्तृत अनुभव ले सकेंगे। ग्राहकों को गाइडेड वॉकअराउंड और विशेष प्रोडक्ट अनुभवों के जरिए कारों की खूबियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। टेस्ला ने तेलंगाना के ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए बोलाराम औद्योगिक क्षेत्र में डिलीवरी और बिक्री के बाद की सेवाएं भी शुरू कर दी हैं।

## 80 डॉलर से नीचे आया ब्रेंट क्रूड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बुधवार को करीब 1% की गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि निवेशक और कारोबारी इस संभावना का आकलन कर रहे हैं कि ईरान से जुड़ा संघर्ष समाप्त हो सकता है और होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल सकता है। अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.72% गिरकर 78.39 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड लगभग 1% फिसलकर 75.35 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के अंतरिम समझौते से जुड़ी खबर के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि तेहरान परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा, जबकि एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद ईरान को तेल बेचने की अनुमति दी जाएगी। इस सप्ताह हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत अप्रैल में घोषित युद्धविराम को 60 दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया है, ताकि दोनों पक्ष स्थायी शांति समझौते पर बातचीत कर सकें।

## पार्षदों के दलबदल पर एक माह में लेना होगा फैसला

**जागरण, इंदौर।** ननि इंदौर के तीन पार्षदों के खिलाफ दायर दलबदल प्रकरण में हाईकोर्ट ने राज्य शासन को फैसला लेने एक माह की अंतिम मोहलत दी है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में आदेश का पालन नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से लागत वसूली जा सकती है। मामला वार्ड क्रमांक 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट द्वारा एडवोकेट जयेश गुरनानी के माध्यम से दायर याचिका से जुड़ा है। याचिका में पार्षद ममता सुभाष सुनेर, शिवम यादव और विनीता धर्मेंद्र मौर्य की सदस्यता को चुनौती देते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने अपनी मूल राजनीतिक निष्ठा छोड़कर दूसरे दल का समर्थन किया, जिससे वे दलबदल कानून के तहत अयोग्यता की श्रेणी में आते हैं। याचिकाकर्ता ने 20 मई 2024 को राज्य शासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। यहां जस्टिस प्रणय वर्मा ने 26 अगस्त 2025 को राज्य शासन को सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर दो माह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने आदेश का पालन करने के लिए एक माह की अंतिम अतिरिक्त मोहलत दी है।

## कर्सर को 5.67 लाख करोड़ में मस्क की स्पेसएक्स ने खरीदा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने एआई कोडिंग प्लेटफॉर्म कर्सर की पैरेंट कंपनी एनिसफियर को 60 अरब डॉलर यानी करीब 5.67 लाख करोड़ रुपए में खरीदने के लिए एक मर्जर एग्रीमेंट किया है। इस डील के बाद कर्सर के 25 वर्षीय भारतीय मूल के को-फाउंडर अमन संगर की अनुमानित नेटवर्थ बढ़कर 5.5 अरब डॉलर यानी करीब 51.98 हजार करोड़ रुपए हो गई है। न्यूयॉर्क में जन्मे अमन संगर ने 14 साल की उम्र में कोडिंग शुरू कर दी थी। इसके बाद उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की। 2022 में 21 साल की उम्र में अमन ने अपने तीन क्लासमेट्स- माइकल ट्रुएल, सुआलेह आसिफ और अरविंद लुन्नेमार्क के साथ मिलकर कॉलेज छोड़ दिया। इन चारों ने इसी साल कर्सर की शुरुआत की थी।



**भारतीय मूल के अमन 51.98 हजार करोड़ के मालिक बने**

## रुपया मजबूत होकर 94.29 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई, जेएनएन।** रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में 31 पैसे की मजबूती के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.29 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट कच्चा तेल घटकर करीब 79 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो पिछले तीन महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे निवेशकों की धारणा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.46 प्रति डॉलर पर खुला। फिर 94.29 प्रति डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले बंद के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को दो पैसे कमजोर होकर 94.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में रुपया कुल 130 पैसे मजबूत हुआ है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.52 पर रहा।





## मई में रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.49% घटकर 204.79 करोड़ डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई, जेएनएन।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा है कि सोने की ऊंची कीमतों और आपूर्ति में दिक्कतों के कारण मई में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 2.49 प्रतिशत घटकर 19,573.96 करोड़ रुपये रह गया। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इसी अवधि में निर्यात 210 करोड़ 2.1 लाख डॉलर (17,896.16 करोड़ रुपये) था। सोने के आभूषणों का कुल निर्यात मई में 14.75 प्रतिशत घटकर 75 करोड़ 84.4 लाख डॉलर (7,247.76 करोड़ रुपये) रह गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 88 करोड़ 96.3 लाख डॉलर (7,582.07 करोड़ रुपये) था। जीजेईपीसी ने बयान में कहा कि इस गिरावट की मुख्य वजह सादे सोने के आभूषण के निर्यात में भारी कमी थी, जो मई में 14.75 प्रतिशत घटकर 75 करोड़ 84.4 लाख डॉलर का रह गया।

### चांदी के गहनों का निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा

चांदी के गहनों का निर्यात मई में 14.73 प्रतिशत बढ़कर नौ करोड़ 73.9 लाख डॉलर (928.02 करोड़ रुपये) हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह आठ करोड़ 48.8 लाख डॉलर (724.78 करोड़ रुपये) था।




### हीरों का निर्यात भी 9378 करोड़ हुआ

इस बीच, तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात मई में 3.31% बढ़कर 98 करोड़ 7.3 लाख डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 94 करोड़ 93 लाख डॉलर था। मई में पॉलिश किए गए प्रयोगशाला में विकसित हीरों के निर्यात में 25.99% की वृद्धि देखी गई और यह 10 करोड़ 15 लाख डॉलर हो गया।

## सत्य के मार्ग पर चलते हुए उपहास और आलोचना से न हों विचलित




**भोपाल।** बावड़िया कलां स्थित रुद्राक्ष किंग्स्टन में देवकीनंदन ठाकुर महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथाव्यास महाराज ने सनातन धर्म और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वालों को समाज के उपहास और आलोचना से विचलित नहीं होना चाहिए, क्योंकि सत्य की ही अंततः विजय होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक सनातनी का हित तभी संभव है जब हमारी आध्यात्मिक परंपराओं और संस्कारों का संरक्षण होगा। स्वयं के विकास के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को सनातन मूल्यों से जोड़ना हर नागरिक का परम कर्तव्य है, जिससे एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक और नैतिक संस्कार अवश्य दें, जिसके लिए उन्हें सत्संग और कथाओं में लाना अनिवार्य है। बता दें कि भोपाल में अपोलो हॉस्पिटल के पास आयोजित यह भव्य श्रीमद्भागवत कथा आगामी 19 जून तक चलेगी। प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक भक्ति रस का लाभ ले सकते हैं।

**दैनिक जीवन के नियमों पर की चर्चा**

कथावाचक ठाकुर ने सनातन धर्म के सोलह संस्कारों के अंतर्गत नामकरण संस्कार की महत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के नामकरण में वैदिक विधि-विधान और योग्य ब्राह्मणों के मार्गदर्शन का पालन होना चाहिए, क्योंकि नाम का प्रभाव व्यक्ति के व्यक्तित्व और संस्कारों पर गहरा पड़ता है। इसके साथ ही, उन्होंने दैनिक जीवन में भोजन और शयन से पूर्व हाथ-पैर धोने के नियमों की चर्चा की, जो मन को शांत रखने और नकारात्मकता को दूर करने में सहायक हैं।

## भस्मारती की कतार में लगे युवक को आधार देख पीटा

- पुणे से हिंदू युवती के साथ पहुंचा था उज्जैन
- माथे पर त्रिपुंड और महाकाल लिखा था



**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश के उज्जैन स्थित देश-विदेश के श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की कतार में लगे एक मुस्लिम युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित निकाला। घटना 16- 17 जून की दरमियानी रात 2 बजे हरसिद्धि चौराहे की है। पुलिस के अनुसार, पिंपरी (पुणे) का रहने वाला 26 साल का सरफराज शेख एक हिंदू युवती के साथ उज्जैन दर्शन के लिए आया था। रात करीब 2 बजे दोनों महाकाल मंदिर की चलित भस्मारती में शामिल होने के लिए कतार में लगे थे। युवक के माथे पर महाकाल का नाम लिखा हुआ था, उसने चंदन का त्रिपुंड भी लगा रखा था। कतार में खड़े होने के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को युवक पर संदेह हुआ। उन्होंने उसका आधार कार्ड चेक किया तो उसके मुस्लिम होने की बात सामने आई। पहचान उजागर होते ही वहां मौजूद कुछ लोग भड़क गए और हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते युवक के साथ मारपीट शुरू हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक, युवक लगातार खुद को छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। इस हंगामे के कारण कतार में लगे अन्य श्रद्धालुओं के बीच भी अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और उसे सोशल मीडियो पर डाल दिया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने कहा- युवक को सुरक्षित लाकर उससे पूरी घटना की पूछताछ की गई है। फिलहाल, किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। ऐहतियात के तौर पर युवक और युवती, दोनों के परिजनों को उज्जैन बुलाया है। लिखित शिकायत मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## रिटायर्ड आर्मीमैन निकला 29 लाख की लूट का मास्टरमाइंड

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में 29 लाख 65 हजार की सनसनीखेज लूट मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने पूरे गिरोह को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मामले का मास्टरमाइंड एक रिटायर्ड आर्मीमैन निकला, जिसने कारोबारी के लेनदेन और कलेक्शन सिस्टम की जानकारी के आधार पर अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22 लाख 50 हजार नकद के साथ लूट की रकम से खरीदी गई कार भी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक, 24 मई को पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में स्क्रैप कारोबारी मुकुल अग्रवाल की कलेक्शन एजेंसी के कर्मचारी से 29 लाख 65 हजार रुपए की लूट हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि वारदात का मुख्य आरोपी चंद्रशेखर मुकाती है, जो सेना से सेवानिवृत्त हो चुका है। हालांकि वह स्क्रैप कारोबारी के यहां कार्यरत नहीं था, लेकिन दूसरे कारोबारी के यहां काम करने के दौरान उसे मुकुल के कारोबार, कलेक्शन प्रक्रिया और बड़ी रकम के लेनदेन की जानकारी मिल गई थी। पुलिस जांच में पता चला है कि चंद्रशेखर मुकाती ने अपने साथियों प्रवीण, अमर, फिरोज और कपिल भंडारी के साथ मिलकर पूरी योजना बनाई थी।

**बॉन चैलेंज** 2011-2020 अवधि की दूसरी प्रगति रिपोर्ट जारी, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया दावा

# भारत ने 21.76 मिलियन हेक्टेयर भूमि को फिर किया हरा भरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने बॉन चैलेंज के तहत 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब हो चुकी भूमि को सुधारने की अपनी प्रतिबद्धता के मुकाबले 21.76 मिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल कर लिया है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को 'विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस' के अवसर पर यह जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान, मंत्रालय ने 'इंडियन फॉरेस्टर' का एक विशेष अंक और बॉन चैलेंज पर भारत की दूसरी प्रगति रिपोर्ट जारी की, जो 2011-2020 की अवधि को कवर करती है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित भूमि बहाली का यह लक्ष्य दुनिया की सबसे बड़ी परिदृश्य बहाली प्रतिबद्धताओं में से एक है। मंत्री के अनुसार, 'इन बहाली प्रयासों ने लगभग 1.22 अरब मानव-दिवस का रोजगार पैदा किया है।'

2011 में शुरू की गई एक वैश्विक पहल, बॉन चैलेंज का उद्देश्य 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर खराब और वनों की कटाई वाली भूमि को बहाली के तहत लाना है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जलसंभर विकास घटक के तहत 27 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि का उपचार किया गया है, जबकि 61 मिलियन से अधिक जियो-टैग किए गए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संपत्तियों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रीन इंडिया मिशन और कैम्पा सहित विभिन्न योजनाओं के तहत वनीकरण गतिविधियों ने भी बहाली के प्रयासों में योगदान दिया है।




### देश की 29.8 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण से प्रभावित

यादव ने कहा कि भारत की शुष्क भूमि लगभग 228 मिलियन हेक्टेयर को कवर करती है और कृषि, पशुपालन तथा ग्रामीण आजीविका का समर्थन करती है। भारत मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण एटलस का हवाला देते हुए उन्होंने नोट किया कि लगभग 97.85 मिलियन हेक्टेयर, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 29.8 प्रतिशत है, भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण से प्रभावित है। इस वर्ष के उत्सव का विषय 'रेंजलैंड्स: रिकॉग्नाइज. रिस्पेक्ट. रिस्टोर.' था। मंत्री ने कहा कि घास के मैदान और रेंजलैंड जैव विविधता संरक्षण, जल नियमन, कार्बन अवशोषण और जलवायु लचीलेपन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

## इंदौर से यूएई के लिए 17 जुलाई से नई उड़ान मिलेगी

**जागरण, इंदौर।** इंदौर से यूएई जाने वाले यात्रियों के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से अबुधाबी के बीच नई सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने इस फ्लाइट की बुकिंग भी शुरू कर दी है। यह सेवा 17 जुलाई से शुरू होगी। नई फ्लाइट का संचालन सप्ताह में चार दिन किया जाएगा। यह सेवा रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उपलब्ध रहेगी। कंपनी ने शुरुआती एकतरफा किराया 16 से 17 हजार रुपए के बीच रखा है। इस सीधी उड़ान के शुरू होने से इंदौर से यूएई आने-जाने वाले यात्रियों को समय और खर्च दोनों में राहत मिलेगी। खासकर व्यवसायिक और पारिवारिक यात्रियों के लिए यह सुविधा काफी अहम मानी जा रही है। वहीं एक दिन पहले ही एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर-शारजाह फ्लाइट को अपने सिस्टम से हटाकर उसकी बुकिंग बंद कर दी थी। दरअसल, खाड़ी में तनाव के चलते एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 28 फरवरी से इंदौर-शारजाह उड़ान बंद कर दी थी। कई बार इसे दोबारा शुरू करने की घोषणा की गई, लेकिन हर बार तारीख आगे बढ़ा दी गई। आखिरी बार कंपनी ने 1 जुलाई से उड़ान शुरू करने की बात कही थी, लेकिन बाद में इसे सिस्टम से ही हटा दिया।

# ग्राम पंचायत फूलकरण सिंह सरपंच के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं पर एफआईआर की मांग

## पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** ग्राम पंचायत फूलकरण सिंह के सरपंच नरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ मुंसी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। संवाददाता को समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत नईगढ़ी द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितताएं सामने आने के बाद उनके विरुद्ध पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजा गया है।




### स्वयं की फर्म से कराया भुगतान

शिकायतकर्ता एवं समाजसेवी आरपी सिंह द्वारा कलेक्टर मऊगंज, जिला पंचायत सीईओ, आयुक्त रीवा संभाग तथा जनपद पंचायत नईगढ़ी को शिकायत प्रस्तुत कर आरोप लगाया गया था कि सरपंच ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए स्वयं से संबंधित फर्म के माध्यम से पंचायत की राशि का भुगतान कराया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि संबंधित फर्म के जीएसटी पंजीयन की वैधता समाप्त होने के बाद भी बिल लगाए गए और भुगतान प्राप्त किया गया। जनपद पंचायत स्तर पर की गई जांच में विभिन्न भुगतान प्रविष्टियों एवं जीएसटी पोर्टल की जानकारी का परीक्षण किया गया। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख है कि संबंधित फर्म के पंजीयन संबंधी तथ्यों का परीक्षण किया गया तथा मामले को गंभीर मानते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

### राशि का निजी लाभ के लिए हुआ उपयोग

शिकायतकर्ता आरपी सिंह का कहना है कि ग्रामीण विकास के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली राशि का उपयोग गांव के विकास में होना चाहिए, न कि निजी लाभ के लिए। उन्होंने मांग की है कि यदि जांच में अनियमितताएं प्रमाणित हो चुकी हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए, शासकीय राशि की वसूली की जाए तथा दोषियों को तत्काल पद से पृथक किया जाए।

### अन्य पंचायतों में भी ऐसी अनियमितताएं

आरपी सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि यह मामला केवल एक ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं है। उनके अनुसार जनपद क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों में भी जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं या अपने परिजनों से संबंधित फर्मों को भुगतान किए जाने की शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन इस प्रकार के मामलों में कठोर कार्रवाई करता है तो ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। अब निगाहें जिला पंचायत मऊगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्णय पर टिकी हैं। क्षेत्र की जनता यह जानना चाहती है कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर आगे क्या कार्रवाई होती है और क्या दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

# मऊगंज की शासकीय प्राथमिक पाठशालाओं का कब होगा जीर्णोद्धार : राममणि द्विवेदी




**हनुमना, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश के जिला शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाजसेवी राममणि द्विवेदी ने कहा कि आज रीवा जिला से पृथक हुआ मऊगंज जिला में देखा जा रहा है कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में शासकीय प्राथमिक पाठशाला की स्थिति अत्यधिक जर्जर है। कभी इसी पाठशाला में एक समय था कि छोटे-छोटे बच्चे अध्ययन करने आते थे और इसी पाठशाला से शिक्षा अर्जित कर उच्च, पद पर डॉक्टर ,इंजीनियर शिक्षक अन्य योग्य पद पर पदस्थ हैं, पर ऐसा क्या हुआ कि यह प्राथमिक पाठशाला खंडहर बन चुका है इस विद्यालय की देखरेख करने वाला कोई नहीं है ऐसा ही एक मामला हनुमना मिर्जापुर रोड ओल्ड इन एनएच 07 लक्ष्मी नारायण मंदिर के बगल में स्थित है, नवीन नगर परिषद के बगल में संस्कृत पाठशाला है वहां का हाल ऐसा लगता है की पाठशाला नहीं यह कोई जंगल बना हुआ है, जबकि बीच बाजार में ऐसी हालत है तो ग्रामीण क्षेत्र में पाठशाला की क्या हालत होगी, यह एक सोचनीय विषय है। इसी कारण से शासकीय विद्यालय में लोगों का विश्वास कम हो रहा है और प्राइवेट विद्यालय उच्च स्तर में पहुंच रहे हैं। जिला शिक्षा विभाग में अधिकारी हो कर्मचारी हो शासन से वेतन तो लेते हैं परंतु ईमानदारी और निष्ठा से कार्य नहीं करते जिस कारण से शासकीय विद्यालय में पठन-पाठन भी उचित नहीं हो पा रहा है एवं यह प्राथमिक पाठशाला आज कई वर्षों से खंडहर बना हुआ है। करोड़ों की जमीन यह पाठशाला कभी भी धराशाई हो सकता है और अगल-बगल रहने वाले लोगों को हानि पहुंचा सकता है। इस पाठशाला का उपयोग जब मतदान का समय आता है तो मतदान केंद्र बनाने तक उसके बाद इस पाठशाला में ताला मार दिया जाता है। जिला कलेक्टर से मांग है कि मऊगंज जिला बन जाने के बाद अब नवीन कार्यालय भी बनाए जाएंगे, अगर इसमें पाठशाला संचालित नहीं किया जा रहा है तो इस कीमती जगह को धराशायी कर नवीन भवन बनाया जाए एवं शासकीय कार्यालय का संचालन किया जाए।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स मऊगंज ने डीए-एरियर के लिए राज्यपाल और सीएम के नाम सौंपेगा ज्ञापन



**मऊगंज ब्यूरो।** प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन जिला मऊगंज की बैठक श्री सिद्ध हनुमान मंदिर मऊगंज प्रांगण में कर्दम ऋषि तिवारी अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन की अध्यक्षता में 14 जून 2026 को संपन्न की गई। जिसमें पेंशनर के डीए एरियर एवं धारा 49 जैसी समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही दिनांक 30 जून को 6 सूत्रीय ज्ञापन जिले के कलेक्टर को दिया जाना है। जिसमें सभी पेंशनर्स 3:30 बजे केशव कुंज मऊगंज में उपस्थित हो गए, उसके साथ ही 22 जुलाई को राज्यपाल व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को 6 सूत्रीय ज्ञापन दिया जाना है जिसके संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मऊगंज शाखा के अध्यक्ष कर्दम ऋषि तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय, रत्नेश कुमार पांडे, श्रीनिवास त्रिपाठीज़ गया प्रसाद मिश्र, बृजमोहन जायसवाल, व्यास मुनि द्विवेदी, राम लखन शर्मा, इष्ट देव तिवारी, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, इंद्रभान, कालिका प्रसाद अध्यक्ष नईगढ़ी, दीनानाथ मिश्र, यज्ञ नारायण द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# किसानों और मजदूरों से जुड़ी समस्याओं पर की चर्चा

## राकिम महासंघ ब्लॉक इकाई सिरमौर की मासिक बैठक सम्पन्न

**सिरमौर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ब्लॉक इकाई सिरमौर की मासिक बैठक जिला संयोजक रामायण प्रसाद मिश्रा के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष बैजनाथ शुक्ला की उपस्थिति रही। बैठक में क्षेत्र के किसानों एवं मजदूरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा मनमाने ढंग से बिजली बिल जारी किए जा रहे हैं, जिससे किसान एवं मजदूर वर्ग अत्यंत परेशान है। साथ ही क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के कारण किसानों को सिंचाई सहित अन्य आवश्यक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि विद्युत विभाग द्वारा टूटे हुए विद्युत तारों की समय पर मरम्मत नहीं कराई जाती तथा विभागीय कर्मचारियों द्वारा पर्याप्त देखरेख भी नहीं की जाती, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। महासंघ के पदाधिकारियों ने खाद्य वितरण व्यवस्था पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।




किसान फॉर्मर आईडी के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया में तकनीकी एवं व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। बैठक में जिला अध्यक्ष भक्त प्रहलाद वर्मा, जिला संयोजक रामायण प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बैजनाथ शुक्ला, ग्राम इकाई अध्यक्ष उमरी अखिलेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी रीतेश द्विवेदी, सदस्य पवन त्रिपाठी एवं कामता प्रसाद शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग शासन एवं प्रशासन से की गई।

# कोटा गौशाला में बनी प्राकृतिक खाद से क्षेत्र के किसानों को मिलेगा लाभ

**जवा ब्यूरो।** श्री गोदर्शन लोक कल्याण शोध संस्थान ने गौ संरक्षण को खेती से जोड़ने का अनूठा प्रयास किया है। नगर परिषद की कोटा गौशाला में एक माह की प्रक्रिया के बाद प्राकृतिक डी-कंपोस्ट खाद तैयार कर ली गई है। संस्थान के संचालक जयप्रकाश ने बताया कि खाद निर्माण पूरी तरह वैदिक और प्राकृतिक पद्धति पर आधारित है। इसमें गौमाता के ताजे गोबर के साथ आंवला, हल्दी, चुना, गुड़, मट्ठा, कल्चर अर्क और दस पर्निया औषधीय पौधों के पत्तियों का अर्क मिलाया गया है। इन सभी घटकों का मिश्रण 30 दिन तक नियंत्रित नमी और तापमान में सड़ाकर डी-कंपोस्ट किया गया है। आज किसान



यूरिया और पेस्टीसाइड के चक्र में फंस गया है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है और अनाज जहर बन गया है। संस्थान की कोशिश है कि गौमाता के गोबर से बनी खाद से धरती फिर से जीवंत हो और लोगों को जहर मुक्त अनाज मिले। साथ ही बताया कि इस खाद में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व प्राकृतिक रूप से मौजूद हैं। इससे फसल की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और उत्पादन लागत भी कम होगी। संस्था ने इस वर्ष नगर परिषद क्षेत्र के हर गांव से 2 से 5 प्रगतिशील किसानों का चयन करने का लक्ष्य रखा है। इस तरह करीब 500 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा। चयनित किसानों को प्राकृतिक डी-कंपोस्ट खाद 50प्रतिशत सब्सिडी पर दी जाएगी ताकि आर्थिक बोझ न पड़े। सबसे बड़ी बात संस्था ने वादा किया है कि जो किसान प्राकृतिक तरीके से गेहूं, धान, दाल, सब्जी उगाएंगे, उनका अनाज बाजार से बेहतर दाम पर खरीदा जाएगा। इसके लिए संस्था शहर में जहर मुक्त अनाज का अलग ब्रांड बनाकर बिक्री की व्यवस्था कर रही है। वर्तमान में गौशाला में तैयार खाद की छानाई और 50 किलो की बोरी पैकिंग का काम चल रहा है। अगले 10 दिन में खाद वितरण शुरू कर दिया जाएगा। इच्छुक किसान संस्था के कार्यालय या गौशाला में संपर्क कर पंजीयन करवा सकते हैं।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला मऊगंज की बैठक में ज्ञापन की रणनीति पर हुई चर्चा

**मऊगंज ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला मऊगंज की आवश्यक बैठक 17 जून को सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज में सुबह 10 बजे से आयोजित की गई, जिसमें टीईटी अनिवार्यता के विरोध के विरोध में 18 जून 2026 को प्रदेश भर में जिला कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपे जाने के सम्बन्ध में रूपरेखा एवं रणीनीति तैयार की गई। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद राज्य सहित देशभर के लाखों शिक्षको की सेवा सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई। 18 जून 2026 को ज्ञापन देने हेतु मऊगंज जिले के सभी शिक्षकों को निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने हेतु अपील की गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनुज प्रताप



सिंह, सचिव दीनानाथ द्विवेदी, कोषाध्यक्ष शंखमणि पाण्डेय, उपाध्यक्ष शिवेन्द्र पाण्डेय, संभागीय सचिव देवेन्द्र कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री छोटेलाल शर्मा, सम्भागीय सह संगठन मंत्री शंकरदयाल पटेल, श्रीमती निर्मला गोटिया, सीता देवी, उर्मिला चैधरी, अंजू सिंह, गायत्री पाण्डेय, मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय सहित ब्लाक एवं तहसील के सभी पदाधिकारीगण एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर हुआ चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**गोविंदगढ़ ब्यूरो।** थाना गोविंदगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मड़वा में अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ित किसान ने गोविंदगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। संवाददाता को पीड़ित ने बताया कि ग्राम मड़वा निवासी मनोज रजक पिता रामखेलावन रजक का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 17 एसी 5560 रोजाना की तरह 15 जून की रात घर के बाहर खड़ा था। रात में भोजन करने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए। अगले दिन सुबह जब मनोज रजक का परिवार घर से बाहर निकले तो ट्रैक्टर अपने स्थान पर



नहीं मिला। ट्रैक्टर गायब देखकर परिजनों के होश उड़ गए। इसके बाद आसपास के लोगों एवं पड़ोसियों से पूछताछ की गई, लेकिन ट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं लग सका। काफी तलाश के बाद जब वाहन का पता नहीं चला तो पीड़ित ने गोविंदगढ़ थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई। चोरी हुआ ट्रैक्टर लगभग 6 वर्ष पुराना है और खेती-किसानी के कार्य में उपयोग किया जाता था। ट्रैक्टर चोरी होने से किसान को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ कृषि कार्यों को लेकर भी चिंता सताने लगी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं क्षेत्र में हुई इस चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

# जीवीआर कंपनी की अनियमितताओं को लंबे समय अनदेखा कर रहा एमपीआरडीसी


## जीवीआर कंपनी पर अवैध वसूली के आरोप

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना बहरी मार्ग में नयागांव टोल प्लाजा संचालित है। यह टोल नाका एमपी डीआरसी विभाग के अधीनस्थ जी वी आर कंपनी के द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि टोल नाका इसलिए लिया जाता है जन सुविधा हेतु अच्छी सड़क एवं नाली निर्माण, पीने के लिए पानी, टोल नाका में शौचालय यह सब सुविधाएं आम आदमी को मुहैया कराया जा सके लेकिन नियम केवल कागज में दिखाई दे रहे हैं। प्रतापगंज के ग्रामीणो द्वारा संवाददाता



से बताया गया कि जीवीआर कंपनी के द्वारा सड़क में नाली का निर्माण आधा अधूरा कई वर्षों से छोड़ दिया गया है। डॉक्टर विश्वकर्मा के घर तक नाली बनाकर छोड़ दिया है, उसके आगे भरत लाल गुप्ता, मुकुंद लाल गुप्ता, सुदामा लाल गुप्ता आदि के घरों में अब पानी घर के अंदर प्रवेश कर रहा है जबकि समाचार के माध्यम से एमपी आरडीसी एवं जिला प्रशासन को भी अवगत कराया गया था। परंतु इसे गंभीरता से अभी तक नहीं लिया गया। नाली निर्माण तो नहीं कराया जा रहा है साथ ही सड़क के परखच्चे उड चुके हैं। सड़क क्षतिग्रस्त होने से कई बार दुर्घटना हो चुकी एवं कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। इसके बाद भी जीवीआर कंपनी के द्वारा सड़क मरम्मत सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। शिकायत के बाद पेंच लगाकर खाना पूर्ति की जा रही है। जो कि बरसात आते-आते सड़क में फिर से गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देने लगते हैं और लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि आधी अधूरी नाली का पूर्ण निर्माण कराया जाए और आवागमन है हनुमना बहरी मार्ग का अच्छे से सुधार किया जाए। साथ ही जिला कलेक्टर मऊगंज से कंपनी की अनियमितताओं पर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# सड़क मरम्मत के नाम पर हो रही खानापूर्ति, जिम्मेदार बेखबर



## धीमी और गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

**जवा ब्यूरो/त्योंथर ब्यूरो।** सितलहा वाया लूक बदरहा घाटी तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में जमकर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि ठेकेदारों द्वारा कमीशनखोरी कर सरकार से टेंडर लेने के बाद अपना कमीशन लेकर पेंटी कॉन्ट्रेक्टर को कार्य सौंप दिया जाने के आरोप लगे हैं। पेंटी कॉन्ट्रेक्टर द्वारा ऐसे समय में काम प्रारंभ किया जाता है कि वह काम कभी समय में पूरा ही होता, सिर्फ कागजों में सड़कों का कार्य पूरा दिखा कर बिल पास करा लिया जाता है। ऐसा ही खेल रीवा जिले सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के जवा वाया लूक बदरहा घाटी तक चल रहे सड़क मरम्मत कार्य में चल रहा है। गारंटी अवधि में कभी नहीं बनी बनने वाली सड़क के मेंटेनेंस के कार्य बेहद ही घटिया स्तर और धीमी गति से किया जा रहा है, ताकि बरसात का प्रारंभ हो जाएं और कार्य बंद कर करने का मौका मिल जाए। ग्रामीणों सहित, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, डाक्टर अरुणेंद्र शेखर मिश्रा, शिव बालक पाण्डेय, धानेन्द्र द्विवेदी, रामप्रभाव विश्वकर्मा, भूपेंद्र सिंह, धानेन्द्र पाण्डेय, अरुणेंद्र मिश्रा, देवेन्द्र मिश्र, रामनरेश तिवारी, रामजी तिवारी, कूलन द्विवेदी, हर गोपाल सिंह, जयदीप सिंह, रामबदन वर्मा, सहित किशोर कुमार तिवारी ने जिला कलेक्टर से चल रहे सडक मरम्मत कार्य की गति और कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने और गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराये जाने मांग की है।

# ग्राम पंचायत हहोटी पूर्वा में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों के लगे आरोप

**त्योंथर ब्यूरो।** जनपद पंचायत त्योंथर अंतर्गत ग्राम पंचायत हहोटी पूर्वा में सरपंच एवं ग्राम पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिव और संबंधित उपयंत्री पर अनियमितता के आरोप लगे हैं। संवाददाता को ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत कराए गए सभी निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों को दरकिनार करते हुए गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है, जिससे निर्माण कार्य टिकाऊ नहीं होगा तथा आने वाली बरसात पर ही उबड़ खाबड़ हो जाएगा। ग्रामीणों ने नाम न बताने की शर्त पर संवाददाता को बताया कि संबंधित उपयंत्री की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। ग्राम पंचायत वासियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया है कि यदि सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो मौके पर स्थल परीक्षण में निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया जाना पाया जाएगा और घटिया निर्माण पाया जाएगा। यदि उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी जो शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जाना पाया जाएगा। हालांकि शासकीय धन के दुरुपयोग को बचाने के लिए जांच कराई जानी चाहिए। देखना यह होगा कि उच्चाधिकारी जांच करते भी है अथवा नहीं, जिसकी प्रतिक्षा की जाना चाहिए।

# घोड़सार से वनसांती मार्ग के निर्माण को बरसात से पूर्व पूर्ण कराने की मांग

**सोहागी, नि.प्र.।** त्योंथर विधानसभा अन्तर्गत ग्राम पंचायत ऊंची औनी स्थिति ग्राम घोरसार से वनसांती बहेरा मार्ग भूमिपूजन होने के बाद मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि 2-4 ट्रक गिट्टी बीच में डालकर न उससे बराबर तक नहीं किया गया। न गाड़ी निकल पाती ना ही ट्रेक्टर जिससे जो भी मार्ग था वो भी खराब हो गया हमारे खेतों के मेड़ों को काट दिया गया है, न उसे अभी तक सही किया गया थोड़ी सी बारिश होने के बाद मार्ग पूरी तरह से बंद हो जाता है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है।



# तहसीलदार राजेश तिवारी की त्योंथर में नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों ने व्यक्त की प्रसन्नता



**त्योंथर ब्यूरो।** तहसील त्योंथर तहसीलदार राजेश तिवारी की पोस्टिंग पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी है। पूर्व में भी तहसीलदार के रूप में उन्होंने यहां सेवाएं दी थी। क्षेत्रवासियों ने संवाददाता को बताया कि तहसीलदार राजेश तिवारी आम आदमी के लिए भी सहज एवं सरलता से भी किसी भी समय उपलब्ध रहते हैं। वे आम आदमी की बातों को बहुत ही गंभीरता से सुनते हैं और उनकी समस्या का समाधान करने पर भी गंभीरता से विचार भी करते हैं। लोगों को लगता ही नहीं कि तहसीलदार से मिल रहे हैं। तहसीलदार राजेश तिवारी बहुत ही सरलता और अपनापन से मिलते हैं। मिलने वाले लोगों का कहना रहता है कि काम अपनी जगह पर है किंतु इतने बड़े तहसीलदार से सरलता से मिल लिए, मेरे जैसे आम आदमी के लिए बहुत बड़ी बात है, वे तहसीलदार की सादगी और सरलता के कायल हो जाते हैं। कुछ भी हो तहसीलदार राजेश तिवारी की त्योंथर में पुनः पदस्थापना की खबर से ही क्षेत्र में प्रसन्नता व्याप्त है। लोगों की तहसीलदार राजेश तिवारी से अपेक्षा की है कि तहसील त्योंथर में निष्पक्ष निर्णय लेकर क्षेत्र के विकास एवं न्यायिक कार्य में योगदान देंगे।

## अर्जेंटीना ने अल्जीरिया को 3-0 से हराया, फ्रांस, नार्वे और ऑस्ट्रिया ने जीत दर्ज की

# मेसी का मैजिक, विश्व कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



**जेएनएन, केनसस सिटी**

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ग्रुप-जे के अपने पहले मुकाबले में अल्जीरिया को 3-0 से करारी शिकस्त देते हुए फीफा विश्व कप 2026 का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया। इस जीत के सबसे बड़े हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने अपने विश्व कप करियर का पहला हैट्रिक लगाकर इतिहास रच दिया। अमेरिका के एरोहेड स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में अर्जेंटीना ने शुरुआत से ही खेल पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। 39 साल के मेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों गोल दागे। उन्होंने मैच का पहला गोल 17वें मिनट में किया, दूसरा गोल 62वें मिनट में और फिर 76वें मिनट में तीसरा गोल कर अपना पहला विश्व कप हैट्रिक पूरा किया। 38 वर्ष 357 दिन की उम्र में हैट्रिक लगाने वाले वे विश्व कप इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो 33 साल 130 दिन) का पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इसके साथ ही मेसी ने पुरुष फीफा विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अब उनके नाम विश्व कप में कुल 16 गोल हो गए हैं, जिससे उन्होंने जर्मनी के दिग्गज स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोजे के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मेसी ने ऑल-टाइम गोल स्कोरर्स की सूची में किलियन एम्बाप्पे, थॉमस म्यूलर और ब्राजील के महान स्ट्राइकर रोनाल्डो नजारियो जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। यह मेसी का लगातार छठा फीफा विश्व कप है। उन्होंने अपने करियर के हर विश्व कप में गोल करने का कारनामा किया है। मेसी के करियर का 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच रहा। वहीं अर्जेंटीना ने लगातार 10वें विश्व कप मैच में गोल करने का कारनामा भी किया।

### पेले से आगे निकले एमबाप्पे



**ईस्ट रदरफोर्ड।** कप्तान काइलियान एमबाप्पे (66 और 90+6) के दो गोल की मदद से फ्रांस ने सेनेगल पर 3-1 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही एमबाप्पे ने विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले को पीछे छोड़ दिया है। एम्बाप्पे विश्व कप में 14 गोल हो गए। फ्रांस के लिए 58 गोल करके उन्होंने ओलिवियर गिरोड का फ्रेंच रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। तीसरा विश्व कप खेल रहे 27 साल के एमबाप्पे ने विश्व कप गोल के मामले में पेले (12) और फ्रांस के जस्ट फोंटेन (13) को पछाड़ा। वह जर्मनी के गर्ड म्यूलेर साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। उनसे आगे केवल अर्जेंटीना के मेसी (16), जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज (16) और ब्राजील के रोनाल्डो नाजारियो (15) हैं। एमबाप्पे का मैच में दूसरा गोल 29 मीटर (32 यार्ड) की दूरी से आया, जो उनके विश्व कप करियर का सबसे लंबी दूरी से किया गया गोल है।

## 36 साल बाद विश्व कप में जीता ऑस्ट्रिया

### जोर्डन को 3-1 से हराया



**सांता क्लारा।** ऑस्ट्रिया ने विश्व कप में 36 साल बाद पहली जीत दर्ज करते हुए जोर्डन को 3-1 से हराया। जोर्डन के डिफेंडर यजान अल अरब के आत्मघाती गोल से ऑस्ट्रिया को 76वें मिनट में 2-1 से बढ़त मिली। स्टॉपेज टाइम में अनुभवी स्ट्राइकर मार्को अर्नाटोविच ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढ़त 3-1 की कर दी। ऑस्ट्रिया पिछले छह विश्व कप में क्वालिफाई नहीं कर सका। ऑस्ट्रिया के लिए रोमानो शमिड ने 20वें मिनट में गोल दागा। वहीं अली ओल्वान ने 50वें मिनट में जोर्डन के लिए बराबरी का गोल किया। ओल्वान 2026 विश्व कप क्वालिफायर में नौ गोल के साथ जॉर्डन के सबसे सफल स्कोरर भी रहे थे।

**1998** में इविका वास्टिक के बाद रोमानो विश्व कप में पेनल्टी एरिया के बाहर से गोल करने वाले पहले ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी बने। शिमड ने 23.3 मीटर (25.4 यार्ड) की दूरी से शानदार गोल किया, जो 1982 के बाद ऑस्ट्रिया की ओर से विश्व कप में सबसे लंबी दूरी से किया गया गोल है। 1982 में रेनहोल्ड हिंटरमेयर ने उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ 26.4 मीटर की दूरी से गोल किया था। शिमड का यह गोल 2026 विश्व कप में बॉक्स के बाहर से किया गया 10वां गोल भी रहा।

## हालैंड के डबल गोल, नॉर्वे की सबसे बड़ी जीत



**बोस्टन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने ग्रुप-आई के मुकाबले में इराक को 4-1 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। विश्व कप में अपना डेब्यू कर रहे हालैंड ने 29 और 43वें मिनट गोल दागा, जबकि सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में आए लियो ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर किक पर शानदार हेडर लगाकर 76 वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल दागा। इराक के अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी आयमन हुसैन (36वें मिनट) विश्व कप में गोल करने वाले महज दूसरे इराकी खिलाड़ी बने। मैच के अंतिम क्षणों में हुसैन के खुद के गोल से नॉर्वे ने आसानी से जीत हासिल की। इस मैच में हालैंड ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। हालैंड ने केवल 20 टच में दो गोल किए और वर्ल्ड कप इतिहास में नॉर्वे के लिए एक मैच में दो गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने नॉर्वे के लिए विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने के मामले में केटिल रेकडल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

**11** अंतरराष्ट्रीय मैचों में हालैंड नवंबर 2024 से लगातार गोल कर चुके हैं और इस दौरान 21 गोल दाग चुके हैं। उन्होंने नॉर्वे के लिए 39 प्रतिस्पर्धी मैचों में 47 गोल किए हैं। दिलचस्प बात यह है कि जब भी हालैंड ने गोल किया है, नॉर्वे ने लगातार 15 मुकाबले जीते हैं।

- 1994 के बाद से अर्जेंटीना ने विश्व कप के ओपनिंग मैच में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की, जब उसने अमेरिका में ग्रीस को 4-0 से हराया था। उस मैच में भी हैट्रिक लगी थी, जो गैब्रियल बतिस्तुता ने लगाई थी।
- 11 वीं टीम अल्जीरिया बन गई है, जिसके खिलाफ मेसी ने विश्व कप में गोल किया। टूर्नामेंट में किसी भी दूसरे खिलाड़ी ने इतने ज्यादा अलग-अलग विरोधियों के खिलाफ गोल नहीं किए हैं।

## गिल और किशन के शतक, दूसरे वनडे में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को 170 रन से हराया

# अफगान पर सबसे बड़ी जीत दर्ज कर भारत ने सीरीज अपने नाम की

**जेएनएन, लखनऊ**

कप्तान शुभमन गिल और इशान किशन के शतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने दूसरे वनडे मैच में अफगानिस्तान को 170 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 403 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान अर्शदीप (45 रन पर तीन विकेट), गुरनूर बरार (60 रन पर तीन विकेट) और प्रिंस यादव (56 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के सामने कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी और अंततः 44.3 ओवर में 232 रन पर सिमट गई। अफगान की ओर से रहमत शाह ने सर्वाधिक 79 रन बनाए, जबकि सेदिकुल्लाह अटल (42) और गुरबाज (41) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। यह भारत की अफगानिस्तान पर सबसे बड़ी जीत भी है। गिल ने बेहद गर्मी और पैर में जकड़न के बावजूद 154 रन की शानदार पारी खेली, जबकि किशन ने वनडे शतक के तीन साल के इंतजार को खत्म करते हुए 125 रन बनाए, जिससे भारत ने 402 रन का स्कोर खड़ा किया, जो इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर भी है। टीम हालांकि 49.5 ओवर में सिमट गई। दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 210 रन बनाने के बाद यह किशन का पहला वनडे शतक था। गिल और किशन ने तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 141 गेंद में 224 रन की तूफानी साझेदारी की। अफगान की ओर से खरोटे (76 रन पर चार विकेट) और राशिद खान (48 रन पर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने सात मिलकर सात विकेट चटकाकर मेहमान टीम को अंतिम ओवरों में वापसी दिलाने की कोशिश की।

| रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|
| 125 | 79 | 14 | 07 |



**400** रनों का आंकड़ा भारत ने वनडे में आठवीं बार पार किया है और वह इस मामले में दक्षिण अफ्रीका की बराबरी पर पहुंच गया।

- यह पहली बार है, जब वनडे में कोई टीम 400+ रन बनाने के बावजूद ऑलआउट हो गई। गिल जब आउट हुए उस वक्त भारत का स्कोर चार विकेट पर 360 रन था। यानी भारत ने आखिरी के छह विकेट 42 रन के अंदर गंवाए।
- इशान ने वनडे में भारत के लिए 1000 रन भी पूरे कर लिए। इशान भारत के लिए सबसे कम गेंदों पर 1000 रन पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे महेंद्र सिंह धोनी, गिल, कपिल देव, केदार जाधव और हार्दिक पंड्या हैं।



प्लेयर ऑफ द मैच शुभमन गिल

| | |
|---|---|
| 154 | रन |
| 110 | गेंद |
| 22 | चौके |
| 02 | छक्के |

- गिल (77 गेंद) वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले पांचवें भारतीय कप्तान बन गए। वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय कप्तान का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है, जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 2023 में 63 गेंदों पर शतक लगाया था।

### गिल की कप्तानी में भारत ने पहली वनडे सीरीज जीती

#### स्कोर बोर्ड

**भारतः 402/10 (49.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. खरोटे बो. सलीम | 4 | 9 | 1 | 0 |
| रोहित शर्मा बो. राशिद | 48 | 39 | 6 | 2 |
| गिल का. रसूली बो. खरोटे | 154 | 110 | 22 | 2 |
| किशन का. अलीखिल बो. खरोटे | 125 | 79 | 14 | 7 |
| अय्यर का. जदरान बो. खरोटे | 26 | 24 | 1 | 1 |
| राहुल का. जदरान बो. खरोटे | 0 | 1 | 0 | 0 |
| सुंदर स्टं. गुरबाज बो. राशिद | 19 | 19 | 1 | 0 |
| बरार का. जदरान बो. राशिद | 3 | 7 | 0 | 0 |
| अर्शदीप का. राशिद बो. गजनफर | 3 | 4 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 3 | 3 | 0 | 0 |
| प्रिंस यादव रनआउट | 5 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 12, **कुलः** 49.5 ओवर में 402 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-9, 2-96, 3-320, 4-360, 5-360, 6-371, 7-387, 8-392, 9-396, 10-402, गेंदबाजीः गजनफर 10-1-69-1, सलीम 8-0-75-1, बिलाल सामी 8.5-0-90-0, खरोटे 10-0-76-4, राशिद खान 8-0-48-3, शाहिदी 5-0-36-0.

**अफगानिस्तानः 232/10 (44.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का. राहुल बो. बरार | 41 | 33 | 7 | 1 |
| जदरान का. प्रिंस बो. अर्शदीप | 21 | 31 | 3 | 0 |
| सेदिकुल्लाह पगबाधा बो. सुंदर | 42 | 50 | 5 | 1 |
| रहमत शाह का. बरार बो. प्रिंस | 79 | 89 | 8 | 0 |
| दरवेश रसूली रिटायर्ड हर्ट | 6 | 6 | 1 | 0 |
| हशमतउल्ला शाहिदी बो. बरार | 4 | 2 | 1 | 0 |
| नांगोलिया खरोटे बो. प्रिंस | 6 | 11 | 0 | 0 |
| राशिद का. रोहित बो. अर्शदीप | 12 | 12 | 2 | 0 |
| गजनफर का. श्रेयस बो. अर्शदीप | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सलीम बो. बरार | 9 | 19 | 2 | 0 |
| बिलाल सामी नाबाद | 2 | 14 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 9, **कुलः** 44.3 ओवर में 232 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-52, 2-71, 3-128, 4-140, 5-170, 6-188, 7-190, 8-220, 9-232, **गेंदबाजीः** अर्शदीप सिंह 9-0-45-3, प्रिंस यादव 7.3-0-56-2, गुरनूर बरार 10-0-60-3, कुलदीप यादव 10-0-42-0, वॉशिंगटन सुंदर 7-0-24-1, जायसवाल 1-0-3-0.

## टी-20 विश्वकपः सबसे बड़ा स्कोर बनाकर भारत ने दर्ज की बड़ी जीत

### नीदरलैंड को 95 रन से हराया



**लीड्स,जेएनएन।** स्मृति मंधाना (74), शेफाली वर्मा (55 रन व तीन विकेट) और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में नीदरलैंड को 95 रन से शिकस्त देकर ग्रुप-1 में शीर्ष पर पहुंच गई। मंधाना और शेफाली ने नीदरलैंड के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी निभाई। इससे टीम पांच विकेट पर 209 रन का स्कोर खड़ा कर विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रही। जवाब में नीदरलैंड की टीम 17.3 ओवर में 114 रन पर ढेर हो गई। यह उसकी लगातार दूसरी हार थी। उसके लिए कप्तान बाबेटे डि लीडे 27 गेंद में 28 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। यह महिला टी-20 विश्व कप में भारती की सबसे बड़ी जीत भी है। पहले मैच में बांग्लादेश से हारने वाली नीदरलैंड की बल्लेबाज शुरू में संभलकर खेलीं। लेकिन फिर लगातार विकेट गंवाने से कोई अहम साझेदारी नहीं बना सकीं। टीम ने अंतिम सात विकेट 23 गेंद में गंवा दिए। भारतीय गेंदबाजों में श्री चरणी सबसे रहीं, जिन्होंने चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट झटके। शेफाली महिला टी-20 विश्व कप मैच में अर्धशतक और तीन विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उनसे पहले हेली मैथ्यूज और सुने लुस ने यह कारनामा किया।

#### स्कोर बोर्ड

**भारतः 209/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मंधाना का. ज्विलिंग बो. डीलैंग | 74 | 47 | 11 | 1 |
| शेफाली का. ज्विलिंग बो. सीजर्स | 55 | 38 | 10 | 0 |
| जेमिमाह का. डीलीडे बो. डेन रॉड | 19 | 13 | 2 | 0 |
| रिचा घोष नाबाद | 20 | 8 | 1 | 2 |
| भाटिया स्टं. डीलीडे बो. डीलैंड | 3 | 4 | 0 | 0 |
| हरमनप्रीत का. रिज्क बो. ज्विलिंग | 12 | 9 | 2 | 0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 10 | 2 | 1 | 1 |

**अतिरिक्तः** 16, **कुलः** 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन, **विकेट पतनः** 1-115, 2-162, 3-162, 4-168, 5-199, **गेंदबाजीः** ज्विलिंग 4-0-41-1, हीदर सीजर्स 2-0-31-1, इसाबेल 2-0-25-0, मिरथे वैन डेन राड 4-0-37-1, सिल्वर सिएजर्स 3-0-32-0, कैरोलिन डी लैंग 4-0-32-2, फ्रेडिक ओवरडिज्क 1-0-10-0.

**नीदरलैंडः 114/10 (17.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हीदर सीजर्स का. स्मृति बो. नंदनी | 21 | 16 | 4 | 0 |
| मोलकेनबोर का. जेमिमा बो. दीप्ति | 15 | 20 | 0 | 2 |
| बैबेट डलीडे स्टं. रिचा बो. नंदनी | 28 | 27 | 3 | 0 |
| स्टीर कैलिस बो. शेफाली | 18 | 13 | 3 | 0 |
| रॉबिन पगबाधा बो. श्रीचरणी | 8 | 8 | 1 | 0 |
| फ्रेड्रिक का. स्मृति बो. श्रीचरणी | 9 | 7 | 1 | 0 |
| ज्विलिंग का. जेमिमा बो. श्रीचरणी | 8 | 9 | 1 | 0 |
| डेन राड का. रिचा बो. श्रीचरणी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| सिएजर्स स्टं. रिचा बो. शेफाली | 1 | 2 | 0 | 0 |
| कैरोलिन डी लैंग नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इसाबेल का. जेमिमा बो. शेफाली | 0 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 6, **कुलः** 17.3 ओवर में 114 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-34, 2-50, 3-77, 4-96, 5-98, 6-113, 7-113, 8-114, 9-114, 10-114, **गेंदबाजीः** क्रांति गौड़ 4-0-26-0, नंदनी शर्मा 3-0-22-2, शेफाली वर्मा 3.2-0-20-3, श्रेयंका पाटिल 0.1-0-0-0, श्री चरणी 4-0-19-4, दीप्ति शर्मा 3-0-26-1.

### विम्बलडन में वापसी से पहले युगल मैच हारी सेरेना



**बर्लिन, जेएनएन।** विम्बलडन में वापसी से पहले सेरेना विलियम्स बर्लिन ओपन टेनिस में युगल वर्ग के पहले मैच में हार गई। सेरेना और कैरोलिना मुचोवा की जोड़ी को जियुलियाना ओल्मोस और एरिन राउटलिफे ने 6-4, 6-4 से हराया। सेरेना ने अमेरिकी ओपन 2022 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह क्वींस क्लब पर वापसी की थी, जहां उन्होंने पहला मुकाबला जीता। अपनी जोड़ीदार विक्टोरिया एमबोको के चोटिल होने के बाद उन्हें पीछे हटना पड़ा। 44 वर्ष की सेरेना अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ विम्बलडन महिला युगल खेलेंगी, जिन्हें वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है।

## अफगानिस्तान-ए को 101 रन से रौंदकर भारत-ए फाइनल में

**त्रिकोणीय सीरीज**

**319 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगान 218 पर सिमटा**



**दाम्बुला, जेएनएन।** भारत-ए ने बुधवार को अफगानिस्तान-ए को 101 रन से बड़े अंतर से हराकर त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में जगह बना ली। भारत ने कप्तान तिलक वर्मा (59), प्रियांश आर्य (58) और कुमार कुशाग्र (58) के अर्धशतकों की मदद से नौ विकेट पर 319 रन बनाने के बाद अफगानिस्तान-ए को 36.5 ओवर में सिर्फ 218 रन पर ढेर कर दिया। निशांत सिंधू भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 6.5 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने सात ओवर में 48 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान के लिए बाहिर शाह (52 गेंद में 57 रन) और फैसल शिनोजादा (46) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए, लेकिन टीम के अधिकतर बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। इस जीत के साथ भारत-ए चार अंक और तीन टीम में सबसे बेहतर नेट रन रेट (0.597) के साथ अंक तालिका में सबसे ऊपर है और उसने फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। श्रीलंका-ए के भी चार अंक हैं और वह 0.494 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि अफगानिस्तान-ए दो अंक और माइनस 1.602 के नेट रन रेट के साथ सबसे नीचे है।

### हॉकीः उरुग्वे के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगा भारत

**आकलैंड, जेएनएन।** सेमीफाइनल में जगह पक्की होने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब बिना किसी दबाव के गुरुवार को आखिरी लीग मैच में उरूग्वे के खिलाफ भी जीत की लय कायम रखने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम पूल-ए में दो मैचों में छह अंक के साथ शीर्ष पर है और अंतिम चार में पहुंच चुकी है। उसने अमेरिका को 3-2 और जापान को 2-1 से हराया। एफआईएच प्रो लीग के अगले सत्र में जगह बनाने के लिए भारत को नेशंस कप हर हालत में जीतना है। पिछले साल भारतीय टीम प्रो लीग से बाहर होकर एफआईएच नेशंस कप में खिसक गई थी। पिछले सत्र में 16 मैचों में सिर्फ दस अंक लेकर भारत प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहा था। आठ देशों के एफआईएच नेशंस कप की विजेता टीम अगले साल प्रो लीग में जगह बनाएगी। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज भारत का पलड़ा 17वीं रैंकिंग वाली उरूग्वे पर भारी होगा।

## एमपीएलः अनिकेत की तूफानी पारी से जीती भोपाल लेपड्र्स



**भोपाल, खेप्र।** अनिकेत वर्मा की 29 गेंद में 60 रन की तूफानी पारी की बदौलत गत चैंपियन भोपाल लेपड्र्स ने मप्र प्रीमियर लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप 2026 के एक और हाई-स्कोरिंग मैच में मालवा स्टैलियंस को पांच विकेट से शिकस्त दी। होल्कर स्टेडियम में मालवा स्टैलियंस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 195 रन बनाए। अखिल ने 63, पार्थ साहनी ने 41 और कप्तान आशुतोष शर्मा ने 32 रन का योगदान दिया। भोपाल लेपड्र्स की ओर से अनुराग मालवीय ने तीन, जबकि प्रांजल ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल लेपड्र्स ने 18.5 ओवर में पांच विकेट खोकर मैच अपने नाम किया। अनिकेत ने अर्धशतकीय पारी में पांच छक्के और पांच चौके लगाए। हिमांशु शिंदे ने 18 गेंद में 32 और तनिष्क यादव ने 23 में 37 रन की पारी खेली।

### उद्यानिकी किसानों की दो दिवसीय कार्यशाला आज से

**रीवा।** उद्यानिकी से जुड़े किसानों की दो दिवसीय कार्यशाला 18 से 19 जून तक सहायक संचालक उद्यानिकी कार्यालय रीवा में आयोजित की जा रही है। इस संबंध में सहायक संचालक सुदीक्षा ने बताया कि कार्यशाला में किसानों को उद्यानिकी की उन्नत फसलों, फल तोड़ने के बाद फसल प्रबंधन, जल प्रबंधन तथा संरक्षित खेती की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### कृषि उत्पादन आयुक्त 25 जून को करेंगे समीक्षा

**रीवा।** कृषि उत्पादन आयुक्त कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में 25 जून को आयोजित बैठक में कृषि विकास की समीक्षा करेंगे। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता विभाग एवं इनसे जुड़ी संस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

Dr. Juneja's ® पेट सफा Natural Laxative GRANULES & TABLETS
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
पेट सफा तो हर रोग दफा
दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स, जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, और परिणाम है पहले दिन से
इसकी आदत भी नहीं बनती
24x7 Helpline 91197 88888 www.petsaffa.com
Divisa www.divisastore.com

# चाकू की नोक पर छात्र से आईफोन और नकदी की लूट, शिकायत के बाद भी नहीं दर्ज हुआ मामला




**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर ओवरब्रिज क्षेत्र में एक छात्र के साथ चाकू की नोक पर लूट की वारदात का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर उसका महंगा मोबाइल फोन और नकदी छीन ली। घटना की शिकायत लेकर वह सिविल लाइन थाने पहुंचा, लेकिन वहां उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई और न ही आवेदन की रिसीविंग दी गई, जिससे वह परेशान होकर न्याय की गुहार लगा रहा है। जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के वार्ड क्रमांक 23 कठी मोहल्ला निवासी प्रमल कुमार दास इंदौर स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में बीबीए की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 12 जून की रात वह अपने मित्र को छोड़ने रीवा के नए बस स्टैंड आए थे। ट्रेन छूट जाने के कारण वह समय बिताने और होटल में खाने की तलाश के लिए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ओवरब्रिज के पास पहुंचे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे दो अज्ञात युवक वहां आए और चाकू दिखाकर उन्हें धमकाने लगे। पीड़ित का आरोप है कि बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और उसका आईफोन-16 मोबाइल फोन तथा करीब 1200 रुपये नकद छीनकर फरार हो गए। मोबाइल में ई-सिम सक्रिय होने के कारण वह अपने परिजनों और परिचितों से भी संपर्क नहीं कर पा रहा है। घटना के बाद छात्र ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत की, लेकिन पुलिस ने केवल आवेदन लेकर रख लिया और न तो एफआईआर दर्ज की तथा न ही आवेदन की प्राप्ति रसीद दी। पीड़ित छात्र का कहना है कि वह रीवा में किसी को नहीं जानता और पूरी तरह पुलिस प्रशासन पर निर्भर है। मोबाइल चोरी होने से उसकी पढ़ाई और अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। छात्र ने पुलिस अधिकारियों से आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा लूटा गया मोबाइल बरामद कराने की मांग की है।

**सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आरओबी के पास बाइक सवार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम**

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल :** घटना के बाद शिकायत दर्ज न होने और रिसीविंग तक न दिए जाने के आरोपों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद पहले वह चोरहटा थाना गया जहां से उसे सिविल लाइन थाना भेजा गया, जब वह वहां गया तो उसका आवेदन लिया गया लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने कार्रवाई के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

# पत्नी को इलाज के लिए ला रहे पति की रास्ते में मौत

**चोरहटा के पास सीने में उठा तेज दर्द चली गई जान**



**जागरण, रीवा।** पत्नी का इलाज कराने घर से निकले एक व्यक्ति की रीवा पहुंचने से पहले ही हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चिकित्सकों ने जांच के दौरान व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम खोखम निवासी पुष्पेंद्र सिंह अपनी पत्नी सीमा सिंह को उपचार के लिए लेकर रीवा आ रहे थे। पत्नी पहले से अस्वस्थ थी और दोनों इलाज के लिए घर से निकले थे। बताया गया है कि रीवा के चोरहटा क्षेत्र के समीप पहुंचते ही पुष्पेंद्र सिंह के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। कुछ ही देर में उनके हाथ-पैर शिथिल पड़ गए और हालत गंभीर हो गई। पति की बिगड़ती स्थिति देखकर पत्नी ने आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद पुष्पेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस ने शव का पीएम करवाया जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# चलती बाइक से गिरने पर महिला की मौत, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला ससुराल से अपने मायके जा रही थी, तभी रास्ते में चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जानकारी के अनुसार, लौर थाना क्षेत्र के उचेहरा गांव के समीप यह हादसा हुआ। मृतका की पहचान कृष्णा देवी कोल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि 14 जून की सुबह करीब 11 बजे कृष्णा देवी अपने गांव सीतापुर से एक युवक के साथ बाइक पर सवार होकर मायके बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के देवरा गांव जा रही थीं। इसी दौरान उचेहरा के पास सड़क पर बने ब्रेकर से बाइक उछल गई, जिससे वह असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में महिला के सिर के पीछे गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान मंगलवार रात उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत से परिवार में शोक का माहौल है।

**लौर थाना क्षेत्र में सामने आई थी घटना**

# जिले भर में प्रारम्भ हुआ 'नशामुक्त भारत सप्ताह'

**रीवा।** जिले भर में 17 से 26 जून तक नशामुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि सप्ताह के दौरान मद्यपान, मादक पदार्थों के सेवन तथा नशीली दवाओं के उपयोग के दुष्परिणामों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। तम्बाकू सेवन से होने वाले कैंसर, टीबी, हृदय रोग जैसे गंभीर रोगों से बचाव के संबंध में भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश) परामर्श शुल्क मात्र 300/-
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
रीवा में 21 जून 2026 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
डॉ. अखिलेश दुबे एम.डी., डी.एम. कार्डियोलॉजी एम्स नई दिल्ली
पता - गोयल मार्केट, (बाल भारती स्कूल के बगल में) डॉ. संजय मिश्रा की क्लिनिक में, सिरमौर चौराहा, रीवा-486001 समय- सुबह 10:00 से 3:00 तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें :- 7000598450,8839604296,8305923943,8109456222



श्री सत्यनारायण (शर्मा) चतुर्वेदी
को मध्य प्रदेश विधान सभा के अपर सचिव के पद पर पुनः नियुक्त होने पर
बहुत-बहुत बधाईयाँ
शुभचिंतक
डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. शैला तिवारी, डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला, उमेश सिंह, डॉ. अमित तिवारी, डॉ. सुनील अवस्थी, डॉ. दीप नारायण शर्मा, श्री पवन शर्मा, राहुल चतुर्वेदी, विनीत मिश्रा एवं हरिलाल कोल

TAKSHSHILA INTERNATIONAL HIGH SCHOOL Chorgadi Rewa
Invites applications from qualified and experience candidates for the post of-
VACANCY

| S.No. | Subject | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | English | 01 | Graduate/ Post Graduate B.Ed./D.Ed is Mandatory. |
| 2. | Hindi | 01 | |
| 3. | Sanskrit | 01 | |
| 4. | Nursery Teacher | 01 | |

Salary : TGT 15000/-
Last Date For Resume Submission is 25.06.2026
Dise Code : 23144101245 Principal
9203102430, 9685673776

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा • एंडोस्कोपी • कोलोनोस्कोपी • फाइब्रोस्केन • ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

प्रवेश प्रारंभ
NCVT & DGET भारत सरकार से मान्यता प्राप्त सतपुड़ा I.T.I.
'हुनर से रोजगार तक हम आपके साथ है'
ELECTRICIAN 2 YEARS FITTER 2 YEARS DIESEL MECHANIC 1 YEARS
प्रवेश प्रारंभ सत्र- 2026-27
ST/SC/OBC के छात्रों को शासन द्वारा छात्रवृति की सुविधा Eligibility 10th Pass
पता- चोरहटा थाने के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
प्रवेश हेतु संपर्क करें मो.:- 8349786513, 6262604134, 8827117778

RAGHU HR. SEC. SCHOOL संजय नगर रीवा (म.प्र.)
अंग्रेजी माध्यम कक्षा LKG से 12th (मैथ्स, बायोलॉजी, कामर्स)
हिन्दी माध्यम कक्षा 9th से 12th (मैथ्स, बायोलॉजी, कामर्स, आर्ट)
आवश्यकता है हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत (हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी)
प्राथमिक व माध्यमिक कक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम के लिए योग्य एवं अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं की।
प्रवेश प्रारंभ Session- 2026-27 न्यूनतम शुल्क बेहतर शिक्षा
संपर्क करें.: 9827397500, 9893743869

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियां Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- परामर्श क्लीनिक:- शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (नि: संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ • IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.Pharma D.Pharma REGISTRATION OPEN Session 2026-27
6262084843, 9183484843
Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)

बी.एड. प्रवेश 2026
100% प्रवेश गारंटी के साथ
रीवा, मऊगंज एवं मैहर जिले में
संपर्क करें:
संपर्क : 9424337730, 6261666812, 7000177901
प्रयागराज काम्पलेक्स
सिंचाई विभाग के सामने बजरंग नगर गेट के सामने, रीवा (म.प्र.)

Minerva मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत नि:शुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना कार्डियक सर्जरी पुन: नि:शुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

SATYA ACADEMY H.S. SCHOOL
Class : 11th & 12th Bio, Maths & Commerce
Session 2026-27 ADMISSION OPEN Nursery to 11th
REQUIREMENT TGT- English And Sanskrit
Regular abacus classes
University Road Bypass Ratahara, Rewa, (M.P.)
9425999434 8827499434
satyaacademyrewamp@gmail.com
satyaacademyrewa.in

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पहड़िया जिला रीवा (म.प्र.)
कॉलेज कोड: P494 | पंजीयन - री.स. 2440
(राजीव विकास परिषद रीवा द्वारा संचालित)
मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध, बार काउंसिल ऑफ इण्डिया एम.पी. बोर्ड भोपाल
स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक
बी.ए.एल.एल.बी.,एल.एल.बी., एल.एल. एम.में प्रवेश प्रारंभ
सी.एल.सी. प्रथम चरण दिनांक: 08.06.2026 से 19.06.2026 तक

| क्र. | कक्षा | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | बी.ए. एल.एल.बी. | पांच वर्षीय पाठ्यक्रम – सभी अनिवार्य विषय (बी.ए. के साथ एल.एल.बी.) |
| 2. | डी.एल.एड. (32208) | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (वर्ग–3 एवं वर्ग–2 के लिए मान्य) |
| 3. | बी.ए. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम (राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य) |
| 4. | बी.कॉम (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम, कम्प्यूटर एप्लीकेशन सहित |
| 5. | बी.एस.सी. (नई शिक्षा नीति पैटर्न में) | चार वर्षीय पाठ्यक्रम– (भौतिकशास्त्र, जन्तुशास्त्र, गणित, रसायनशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, प्राणिशास्त्र |
| 6. | एल.एल.बी. | तीन वर्षीय पाठ्यक्रम |
| 7. | एल.एल.एम. | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (क्रिमिनल लॉ, बिजनिस लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ) |
| 8. | एम.एस.सी. | गणित, रसायनशास्त्र |
| 9. | एम.कॉम. | सभी अनिवार्य विषय |
| 10. | एम.ए. | समाजशास्त्र, अंग्रेजी |
| 11 | एम.एस.डब्ल्यू. | सभी अनिवार्य विषय |

संपर्क करें : मो.:9893558718, 9981265181

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com